

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
Email :thegramtodayeditor@gmail.com
R.N.I No. UTTHIN/2018/76731
(गांव देहात की खबर,शहर पर भी नज़र)

# दि ग्राम टुडे

उत्तरा खंड,मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश,. राजस्थान,बिहार,महाराष्ट्र, गुजरात, संघ प्रदेश एवम बुंदेलखंड से एक साथ प्रसारित

वर्ष : 07 ✹ अंक : 50 ✹ रविवार 29 सितम्बर, 2024, ✹ मूल्य : 2.00 रु. ✹ पृष्ठ : 08

## आजमगढ़ मे मे बोले अनिल राजभर कहा सपा राज मे होता था दंगा भाजपा राज मे कानून है चंगा

दी ग्राम टुडे पेपर

आजमगढ़

आजमगढ़ में पहुंचे प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा- अखिलेश यादव व सपा कानून व्यवस्था पर उठा रही सवाल तो इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं, सपाराज में था दंगा, योगीराज में कानून व्यवस्था का डंका

अखिलेश यादव के लगातार भाजपा पर कानून व्यवस्था के साथ तमाम मुद्दों पर हमले पर आजमगढ़ पहुंचे प्रभारी मंत्री व सूबे में केबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी अगर सवाल उठा रही है तो इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी को इन तथाकथित समाजवादियों से सीखने की जरूरत नहीं है। वहीं उन्होंने अखिलेश यादव पर हमले जारी रखा। प्रभारी मंत्री अनिल



राजभर आजमगढ़ के नेहरू हाल सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर पार्टी के सेवा पखवाड़ा के क्रम में आयोजित मंडल स्तरीय गोष्ठी में भाग लेने आए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी व आम लोग सेवा पखवाड़ा में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। आज की इस गोष्ठी में आजमगढ़ मऊ बलिया के लोग शामिल हुए हैं। पूर्व ष्टरूअखिलेश यादव पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि बार-बार छोटी-छोटी बातों को ट्वीट कर वह व्यवहारिक दुनिया से कट रहे हैं। इसी लिए उनकी यह स्थिति है। मंत्री ने कहा कि पिछले कई दिनों से प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। प्रकृति की आपदा है। दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बार-बार इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर बाल की खाल नहीं निकालनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी की सरकार में दंगा होता था और वर्तमान में योगी सरकार में कानून व्यवस्था में डंका बज रहा है। यह सभी को दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भ्रामक नारा देकर उन्होंने कुछ सीट पर जीत हासिल कर ली।लेकिन यह बार-बार नहीं हो सकता। यही उनकी दिक्कत है। अब उनको समझ में नहीं आ रहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में वह कैसे लोगों को गुमराह करेंगे। उन्होंने आने वाले दस सीटों के उपचुनाव में भी अखिलेश को चुनौती दी। वहीं कहा कि आरक्षण को लेकर अखिलेश यादव और उनके दोस्त राहुल गांधी की असलियत सामने है। दलित व पिछड़ा वर्ग देख रहा है। अब उनकी बात में कोई नहीं आएगा। अमेरिका में अखिलेश के दोस्त राहुल गांधी की दिल की बात जबान पर आ गई। आरक्षण को लेकर उन्होंने जो कहा वह सबके सामने है। जनता भी देख रही है कि वर्तमान सरकार मैं कहीं कोई संविधान पर किसी प्रकार की आंच नहीं है। बल्कि सम्मान ही हो रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं की सुनवाई न होने को लेकर उन्होंने कहा कि सामंजस्य की कहीं कोई कमी नहीं है।

## मृतक परिवार के घर पहुंचे विधायक ने दी सांत्वना

मोहनलालगंज

लखनऊ मार्ग दुर्घटना में हुई बहरौली के युवक की मौत पर पूर्व विधायक शोक संतप्त परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की ।मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर सुवंस खेड़ा मजरा बहरौली के रहने वाले राजकुमार उर्फ शिवकुमार 32 वर्ष जो कि चालक थे टी पी नगर से वापस अपने घर जा रहे थे कि बलिया एक्सप्रेस वे पर पोखरा रसूलपुर के निकट सर्विस रोड पर



वाहन की जोरदार टक्कर से कर क्षति ग्रस्त हो गई और वह उसी कर में 27 सितंबर को मार्ग दुर्घटना के कारण मृत्यु हो गई थी यह जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक श्री पुष्कर ने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी,मृतक के परिवार में उसकी पत्नी सोनी ,पुत्री काव्या, पुत्र युग 8 माह परिवार में है राजकुमार की मौत से पत्नी का बुरा हाल था वही मासूम पुत्र को तो यह भी नहीं पता कि उसके सिर से पिता का साया छिन गया ।

## लोअर परेल में 520 करोड़ की नई कार पार्किंग से 300 करोड़ का नुकसान



माटुंगा, मुंबादेवी, फोर्ट और वर्ली के अंतर्गत उन्नत मल्टीलेवल इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार पार्किंग सिस्टम (शटल और रोबोपार्कर सिस्टम) में पिछले नुकसान को नजरअंदाज कर मनपा ने फिर से लोअर परल के डामर प्लांट में 548 कार पार्किंग के लिए 520 करोड़ के टेंडर जारी किए हैं। इस टेंडर में ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत मानते हुए रद्द कर कार्रवाई की मांग आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने की है। लोअर परल में 520 करोड़ की इस नई कार पार्किंग, जिससे 300 करोड़ का नुकसान होगा।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पिछली शिकायत पर कोई ध्यान दिए बिना अधिकारियों ने साउथ लोअर परल में डामर प्लांट में 548 कार पार्किंग के लिए 520 करोड़ का नया टेंडर जारी कर दिया है। हर कार के पीछे 95 लाख खर्च होंगे। इससे इस टेंडर में 300 करोड़ का घाटा होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस निविदा में मूल उपकरण निर्माण भागीदार सभी निविदाकारों में से मेसर्स सोटेफिन पार्किंग प्राइवेट लिमिटेड ही होगी। इसके पूर्व मनपा द्वारा सौंपे गए कार्यों में माटुंगा, फ्लोरा फाउंटेन और वरली शामिल हैं। फ्लोरा फाउंटेन (विशाल कंस्ट्रक्शन) में 70 करोड़ से 176 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्रति कार की कीमत 39.77 लाख है। वरली (श्री एंटरप्राइजेज) में 640 कार पार्किंग कार्य 216.94 करोड़ रुपये में दिए गए हैं और प्रति कार लागत 33.90 लाख है, जबकि माटुंगा (रेलकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट) में 475 कार पार्किंग कार्य 103.87 करोड़ रुपये में दिए गए हैं और प्रति कार लागत 21.87 लाख है। इसके अलावा एमएमआरडीए के मालवणी में 669 कार पार्किंग का काम 150 करोड़ की लागत से दिया गया है, जहां प्रति कार लागत 22.42 लाख है। अनिल गलगली के अनुसार, निविदा जारी करते समय अधिकारियों द्वारा मूल्य मूल्यांकन ठीक से नहीं किया गया था क्योंकि दरों का कोई विश्लेषण नहीं किया गया था और न ही विभाग ने भारत भर में कार्यान्वित की जा रही अन्य समान परियोजनाओं को मूल्य मूल्यांकन के लिए संदर्भ बिंदु के रूप में लिया था। सीपीडब्ल्यूडी, एनएचआईडीसीएल, रेलवे, दिल्ली मनपा, एमएमआरडीए जैसे अन्य सरकारी विभाग कम दरों पर समान/समकक्ष कार्य कर रहे हैं, लेकिन वे मुंबई महापालिका के बाहर से आउटसोर्स किए गए काम की तुलना में 200 से 300 प्रतिशत अधिक भुगतान कर रहे हैं। यह तब स्पष्ट हो जाएगा जब महापालिका एमएमआरडीए के साथ-साथ कुछ केंद्रीय सरकारी एजेंसियों से अपने बोली दस्तावेज और लागत अनुमान साझा करने का अनुरोध करेगी। दिलचस्प बात यह है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में कराए गए अनुबंध कार्य की लागत इस टेंडर से 60 प्रतिशत कम है। मनपा के अधिकारी महा पालिका की तनख्वाह ले रहे हैं और ठेकेदार के पक्ष में टेंडर की कीमत में भारी वृद्धि करके मुंबईकरों के पैसे हड़प रहे हैं। अनिल गलगली ने कहा है कि अगर ऐसे वर्ग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तो भविष्य में कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा।

## पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया को विन्रम श्रद्धांजलि दी।



प्रयागराज/

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मेजा प्रयागराज की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के असामयिक निधन की अत्यंत दुःखद व्यक्त किया।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने निवास पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वाहे गुरूजी से उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

विन्रम श्रद्धांजलि देने वालो मे सर्व श्री मनु चावला,जसबीर सिंह, जसविंदर जग्गी,सुरजीत सिंह,परमिंदर सिंह,लखवीर सिह,सरदार पतविंदर सिंह सहित सभी ने विन्रम श्रद्धांजलि दी।

### संक्षिप्त समाचार

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में विद्युत कर्मचारी झुलसा

संवाददाता-विजय सैनी

नैमिषारण्य(सीतापुर)दी ग्राम टुडे शनिवार को नैमिष रेलवे स्टेशन पर विद्युत लाइन पर काम करते हुए एक रेलवे कर्मचारी झुलस गया । यह कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर बाधित विद्युत सप्लाई को ठीक करने गए थे । स्टेशन मास्टर अनुराग कुमार के अनुसार, शनिवार को सुबह से स्टेशन पर विद्युत नहीं आ रही थी जिस कारण स्टेशन के कंप्यूटर सहित कई उपकरण कार्य नहीं कर रहे थे, जिसकी सूचना बालामऊ की गई थी । बालामऊ से हरिपाल उम्र 45 वर्ष और सर्वेश स्टेशन की कनेक्टिंग लाइन को ठीक कर रहे थे । कनेक्टिंग लाइन पर काम करते हुए हरिपाल को करंट लग गया और उसका शरीर जलने लगा । अचानक छूटने पर उसका शरीर नीचे गिर गया और कर्मचारियों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे नजदीकी नैमिष स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया, जहां से उसे सीतापुर के लिए रिफर कर दिया गया ।

## प्रोफेसर डॉ दयानंद तिवारी को आशीर्वाद गौरव सम्मान

मुंबई । सुप्रसिद्ध शिक्षा विद साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. दयानंद तिवारी को आशीर्वाद और आईआईएम मुंबई के संयुक्त तत्त्ववधान में 27 सितम्बर 24 को आईआईएम मुंबई सभागृह में आयोजित 32 वें आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार समारोह में महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका निभानेवाले सुप्रसिद्ध अभिनेता सुरेंद्र पाल के हाथो ÷आशीर्वाद गौरव सम्मान 2024 ÷ से सम्मानित किया गया।




## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने अखिलेश कुमार मिश्रा को बनाया गुजरात का प्रदेश संरक्षक

पीडब्ल्यूएस शिक्षालय के राष्ट्रीय टीम में सम्मिलित हैं अखिलेश कुमार मिश्र। आर के पाण्डेय, दि ग्राम टुडे, सूरत। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने उत्तर प्रदेश तथा गुजरात के वरिष्ठ समाजसेवी व वलसाड़ निवासी अखिलेश कुमार मिश्र को गुजरात का प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यकक्षा श्रीमती मनीषा पाण्डेय ने बताया कि अखिलेश कुमार मिश्र वर्तमान में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में सूरत के मंडल अध्यक्ष हैं तथा उनके संगठन व शिक्षालय के प्रति निःस्वार्थ भाव से समर्पण, सहयोग व सेवा भावना के चलते उन्हें राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में गुजरात का प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया गया है। बता दें कि वलसाड़ निवासी अखिलेश कुमार मिश्र परमशक्ति धाम, अयोध्या में निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय के निर्माण व संचालन संबंधी राष्ट्रीय टीम में भी सम्मिलित हैं।



## अनुकरणीय है महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व, युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए - पणिक्कर

दि ग्राम टुडे

नाथद्वारा।

महाराणा प्रताप के जीवन में प्रेरणा लेनी चाहिए, महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व व कृतित्व को अपने जीवन में उतारना चाहिए ये विचार समाजसेवी एवम वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पेंद्र पणिक्कर ने उपली ओडन स्थित नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप देश के वीर सपूत एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। वे उच्च गुणों और मानवीय भावनाओं से संपन्न थे। उनका व्यक्तित्व अनुकरणीय है। दृढ़ निश्चय एवं कर्तव्य



पालन की सीख महाराणा प्रताप के आदर्श से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक दीपेश पारीख, प्राचार्या डॉ रंजना शर्मा, पीआरओ धर्मेश पालीवाल सहित व्याख्या और विद्यार्थी मौजूद थे।

## एसीपी रजनीश वर्मा ने होटल,ढाबा संचालकों को दिए सावधानी बरतने के निर्देध

मोहनलालगंज लखनऊ होटल ,ढाबा,रेस्त्र संचालकों संग बैठक कर एसीपी ने बिना आई डी के आगुंतको को रूम न देने तथा निजता संबंधी जानकारी के प्रति सजग करते हुए 3 वर्षों तक रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया। मोहनलालगंज कोतवाली में सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने क्षेत्र के ढाबा,होटल ,रेस्त्रा संचालकों की बैठक बुलाई जिसमे एसीपी ने सभी संचालकों /मालिकों को निर्देशित किया कि किसी भी आगंतुक के आने पर उसके विषय में पूर्ण रूप से जानकारी कर ले और आई डी देखे कि जो आई डी ग्राहक ने दी है क्या उसका फोटो मेल खा रहा है,जितने भी ग्राहक ठहरे उन सभी की आई डी जरूर देखें तथा



रजिस्टर में ग्राहक का मोबाइल फोन नंबर अंकित करे ,एवम ग्राहक का पूर्ण विवरण तीन वर्षो तक अपने पास सुरक्षित रखे,पार्किंग सड़क पर न होने दे जिससे वाहनों का आवागमन आसान रहे,होटल में रुकने वाले व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे,अपने आस पास रहने वालो को रूम न दे,होटल में पुलिस अधिकारियों एवम संबंधित क्षेत्र पुलिस चौकी का नंबर अंकित करे,होटल में आने वाले ग्राहक की आई चेक करे कि कोई कपल नाबालिग तो नही है,किसी कपल को एक दो घंटे के लिए रूम न दे।सबसे महत्व पूर्ण बात पर जोर देते हुए एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि सभी संचालक सीसी टीवी कैमरे उच्च कोटि के लगवाए जिसमे एक माह तक की रिकार्डिंग सुरक्षित रहे ,चेक आउट से पहले देखे की किसी प्रकार का कोई कमरा तो नही लगा दिया गया है ताकि प्रत्येक व्यक्ति की निजता पर कोई सवाल न खड़ा कर सके अग्नि समन संयंत्र रेगुलर चेक करते है निकास द्वार दोनो ओर से रखे ताकि (आपदा) इमरजेंसी के वक्त सुरक्षित निकास की जानकारी ग्राहक को भी होनी चाहिए, ब्लू ऑर्चिट रिसोर्ट के प्रबंधक विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसी व्यवस्था पहले से संचालित है।

# तिरुपति देवस्थानम के प्रसाद में मांसाहार की मिलावट जेहाद का हिस्सा - हिन्दू महासभा



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या , दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध मंदिर तिरुपति देवस्थानम के प्रसाद में मछली का तेल और अन्य जानवरों की चर्बी की मिलावट को जेहाद का हिस्सा बताया। उन्होंने दोषियों की पहचान कर उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की है।राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि तिरुपति देवस्थानम प्रसादम प्रकरण के उजागर होने से करोड़ों हिंदुओं की न केवल धार्मिक आस्था आहत हुई है, वरन मांसाहारी प्रसाद ग्रहण करने से उनका धर्म भी खंडित हुआ है। यह प्रकरण जेहाद से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त होने के बाद खंडित भारत में इस्लामिक और ईसाई मिशनरियां हिन्दू संस्कृति को समाप्त करने के लिए सक्रिय रही हैं। दोनो मिशनरियों का उद्देश्य हिन्दू संस्कृति को समाप्त कर भारत को अपनी अपनी जनसंख्या के आधार पर मुस्लिम राष्ट्र और ईसाई राष्ट्र के रूप में बांटना रहा है। हिन्दू महासभा आरंभ से ही ईसाई और मुस्लिम मिशनरियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करती रही है, लेकिन वोट बैंक के नाम पर सत्ता के लोभी राजनीतिक दल हिन्दू महासभा की मांग को अनदेखा करते रहे।राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के देवस्थलों की प्रबंध समितियों में गैर हिंदुओं को शामिल करने की परंपरा को समाप्त करना ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोकने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि भारत को ईसाई अथवा इस्लामिक राष्ट्र बनाने वालों का स्वप्न हिन्दू महासभा कभी पूरा नहीं होने देगी। हिन्दू महासभा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाएगी।जारी बयान के अनुसार हिंदू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने दोषियों को फांसी की सजा की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि दोषी किसी भी जाति, पंथ, संप्रदाय, धर्म या राजनीतिक दल से क्यों न हों, उन्हे फांसी पर लटकाकर हिन्दू विरोधी ताकतों और मिशनरियों को कड़ा संदेश देना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद में जानवरों की चर्बी और तेल मिलाने वालों को स्मरण रखना चाहिए था कि 1857 में कारतूस में गाय की चर्बी मिलाने के कारण ही मंगल पांडे के नेतृत्व में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ था, जिसकी बदौलत 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत का अंत हुआ। उन्होंने हिन्दू समाज से 1857 की क्रांति का स्मरण करते हुए भारत में मिशनरियों और जेहाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हिन्दू महासभा के धर्मयुद्ध को सशक्त बनाने और ग्राम तथा मोहल्ला स्तर पर धर्मयुद्ध आरंभ करने का आह्वान किया। हिन्दू महासभा के अयोध्या जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दू विरोधी ताकतें देश को कमजोर करने और केंद्र सरकार के विरुद्ध हिन्दू जनमानस को भड़काकर देश को गृहयुद्ध में झोंकने का प्रयास कर रही हैं। तिरुपति बालाजी प्रसादम प्रकरण इसी षड्यंत्र से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह अब सहन नहीं किया जायेगा और दोषियों को फांसी के लिए आंदोलन किया जाएगा।

# एसएमसी की बैठक संपन्न



-स्कूल के विकास कार्यों में योगदान पर हुई चर्चा

हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। प्राचार्य श्री विजयपाल की अध्यक्षता में शहीद शिव कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में विद्यालय प्रबंधन समिति के दूसरे क्वार्टर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एसएमसी प्रधान संदीप कुमार वह अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओमरती एबीआरसी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया उन्होंने विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रबंधन समिति के योगदान एवं उनकी उपयोगिता एवं जिम्मेवारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डा. मुन्नाराम वरिष्ठ प्रवक्ता व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य विजयपाल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया तथा जलपान के लिए आमंत्रित किया।

सीहोर में आयोजित हुई एसएमसी की बैठक-

उधर शहीद सतपाल सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहोर के प्रांगण एबीआरसी मनोज कुमार के द्वारा एसएमसी द्वितीय क्वार्टर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य हरीश कुमार ने विद्यांजलि पोर्टल व छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने व नई कक्षा के छात्रों के स्वागत में एमसी की भूमिका एसएमसी की बैठकों को सक्रिय करना व एसएमसी पोर्टल का उपयोग करने बारे एसएमसी सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गयी। स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की पहचान, स्कूल में किन संसाधनों की कमी है उनकी पहचान व उक्त कमियों को कैसे पूरा किया जाए, स्कूल के शैक्षणिक माहौल को कैसे बेहतर बनाया जाये के बारे स्कूल प्रबंधन समिति से सुझाव मांगे गए।

इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सीमा शर्मा ,उप प्रधान बलवंत, सदस्य श्री धर्मपाल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर निगम अयोध्या में अखिलेश पाण्डेय पार्षद ने अपने वार्ड में वाई-फाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी बनाने हेतु नगर आयुक्त को दिया प्रस्ताव



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या ,अशफ़ाक उल्ला खां वार्ड अयोध्या नगर निगम के पार्षद, एडवोकेट अखिलेश पाण्डेय ने अपने वार्ड में अतिक्रमण हो रही नगर निगम की भूमि पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं - युवतियों व विशेषकर आर्थिक रूप से कमज़ोर सभी वर्ग के विद्यार्थियों हेतु वाई-फाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी बनाने के लिए नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को प्रस्ताव दिया।

पार्षद ने बताया कि नगर निगम की वाईफाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी होने से जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम से कम शुल्क में हाईटेक ऑनलाइन शिक्षण सुविधा के साथ साथ नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी।नगर आयुक्त महोदय ने माननीय पार्षद अखिलेश पाण्डेय के प्रस्ताव को जनहित में अतिआवश्यक कार्य बताया और गंभीरता से विचार करते हुए किसी भी संबंधित मद से बजट पास करके हाईटेक लाइब्रेरी बनवाने का पूर्ण आश्वासन दिया।

# जमीनी विवाद में लारेन्स गैंग के सदस्यों की मुसीबत बढ़ी,आईजीरेंज ने दिए जांच के आदेश



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या ,अयोध्याधाम में भू माफिया लारेंस गैंग के सदस्यों के द्वारा जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद छिड़ गया है पीड़ित अयोध्या रेलवे स्टेशन रोड कौशलेशकुंज कालोनी निवासी अनिल सिंह राना ने स्थानीय शाने अवध होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया से बातचीत करते हुवे बड़ा आरोप लगाया है कि उनकी बेशकीमती जमीन जो पंचकोशी परिक्रमा मार्ग चक्रतीर्थ डूडा कालोनी स्थित गाटा संख्या 342 ख2775 वर्गमीटर जमीन जो उनके नाम खारिज दाखिल है जिस पर उन्होंने अपना बाउंड्रीबाल बना कर गेट लगा रहा है उस पर बीते 23 सितंबर को लारेंस विश्नोई गैंग की नजर है जिसमे राघवेंद्र शुक्ल पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला साकेत भवन जानकी घाट थाना कोतवाली अयोध्या व लारेन्स विश्नोई गैंग का प्रमूख सदस्य विनोद सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम राजेपुर थाना महराजगंज अयोध्या तथा मुन्ना सोनकर पुत्र डीसूर डूडा कालोनी थाना राम जन्मभूमि अयोध्या के द्वारा गेट का ताला तोड़कर कर प्लाट में घुस गए और सरिया सीमेंट पिलर पटिया चोरी कर लिया तथा नेम प्लेट भी मिटा कर अपना नाम राघवेंद्र शुक्ला ने लिख लिया जिसका वीडियो भी सुरक्षित है पुलिस को सूचना दी तथा नामजद एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दिया पर थाना प्रभारी रामजन्म भूमि नही दर्ज किया एस एस पी अयोध्या व आईजी रेंज महोदय को भी शिकायत की पर एफआईआर दर्ज नही हुई जब कि इन सभी का आपराधिक इतिहास है ये सभी हिस्ट्रीसीटर है जिसमे विनोद सिंह पर कई संगीन अपराध में पहले से उत्तरप्रदेश के कई जनपदों में दर्ज है अनिल सिंह राना ने कहा है कि यदि मुझेकुछ होता है तो ये सभी आरोपीगण जिम्मेदार होंगे आईजीरेंज श्री प्रवीण कुमार के आदेश पर इस

मामले की जांच एस पी सिटी मधुवन सिंह व सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी जांच कर रहे है उन्होंने ने कहा कि आरोपी खुले आम घूम रहे है और बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे है एफआईआर दर्ज नही की जा रही है जान का खतरा बना हुआ है जब कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने भू माफिया के खिलाफ अभियान चला रखा है फिर भी कार्यवाही नही हो रही है जब कि आरोपियों के पास न कोई कागजात है और न ही कोई उनसे सौदेबाजी है फिर भी गुंडागर्दी के बल पर घटना को अंजाम दिया गया है

# बाबरी विध्वंस के आरोपी के पुत्र की हत्या पर हिंदू महासभा ने जताया शोक



ब्यूरो प्रमुख अजय कुमार मांझी

अयोध्या दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या बाबरी विध्वंस के आरोपी रहे बस्ती निवासी रमेश प्रताप सिंह के पुत्र शक्ति सिंह की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं 1992 की कारसेवक रहे मनीष पांडेय ने कहा है कि दोषियों के विरुद्ध योगी सरकार कठोरतम दंड का प्रावधान करें ,और सभी दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का कार्य करें, श्री पांडेय ने आगे कहा कि 1992 में बाबरी विध्वंस के मुख्य नायकों में बाबू रमेश प्रताप सिंह का नाम हमेशा अग्रणी रहेगा, 1992 में लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष बाबू रमेश सिंह की कुशल नेतृत्व अदम्य इच्छाशक्ति एवं विलक्षण रणनीति के कारण जिस तरह बाबरी विध्वंस किया गया वह अपने आप में एक इतिहास है, ऐसी विलक्षण व्यक्तित्व की यशस्वी पुत्र की हत्या होना अपने आप में बेहद शर्मनाक है श्री पांडेय ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तत्काल प्रभाव से बाबरी विध्वंश के आरोपीय रहे रमेश सिंह के परिवार को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए, उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर यह मांग की गई है कि परिवार को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा एवं दोषियों को कठोरतम दंड देते हुए तत्काल प्रभाव से दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का कार्य किया जाए, एवं परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए

# शुरू से रहा दीपक को समाज के लिए कुछ करने का जज्बा



दि ग्राम टुडे,केवटी ( दरभंगा ) ~ट्यूशन टीचर से एक टीवी सीरियल के प्रोडक्शन हाउस में सीएफओ तक का सफर कर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा लिए मुम्बई से अपने गांव तक जरूरतमंद को मदद करने वाले दरभंगा जिले के केवटी विधानसभा अंतर्गत कलिगांव निवासी दीपक झा वर्ष 1998 में आगे की पढ़ाई का सपना लेकर मुम्बई आए थे। यहां आने के बाद उन्हें कांदिवली में अपने चाचा के घर रहने का ठिकाना मिल गया ।दीपक का नामांकन तो कॉलेज में नही हो सका। हां छोटी - मोटी नौकरी जरूर मिल गई , कुछ वर्षों मुम्बई से गुजरने के बाद कुछ खास हासिल न कर सकने का अफसोस लेकर वापस वह अपने गांव लौट गए। इस बीच दिल्ली सहित अन्य शहर का भी चक्कर काटे , लेकिन सफल होने की जिद उनको फिर मुम्बई खिंच लाई। इस बार दीपक होम ट्यूशन कर बच्चों को पढ़ाने का काम शुरू किया। साथ ही साथ अलग - अलग कंपनियों में नौकरी के लिए इंटरव्यू देते रहे करीब एक सौ से अधिक इंटरव्यू देने के बाद एक कंपनी में लेखापाल का काम उन्हें मिल गया। अपनी मेहनत और लगन के बल पर वे आगे बढ़ते गए। एक टीवी सीरियल बनाने वाली कंपनी में सीएफओ तक वह पहुंच गए। शुरू से अपनी मातृभूमि मिथिला से जुड़े रहे वहां की मैथिली भाषा के प्रति समर्पित दीपक ने 2010 में मैथिली दर्पण नामक मासिक पत्रिका का मैथिली में प्रकाश शुरू किया जो निरंतर प्रकाशित हो रहा है। इस पत्रिका से दीपक को काफी पहचान के साथ सम्मान भी मिला। दीपक बताते है कि समाज के लिए कुछ करने का जज्बा शुरू से रहा है। मुम्बई के साथ - साथ अपने गांव क्षेत्र में भी गरीबों की मदद करते रहते है । वे अपनी हैसियत के हिसाब से गरीब बच्चों की पढ़ाई , शादी आदि में आर्थिक मदद करते है। दीपक नशामुक्ति के लिए काफी समय तक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम करते रहे है।

दीपक ईश्वर की शुक्रिया मनाते हुए कहते है कि मुम्बई ने हमे वो सब दिया जिसकी कल्पना मैं करता था। पिछले पांच वर्षों से राजनीतिक रूप से भी अपने क्षेत्र में काफी सक्रिय है। वे कहते है कि विधायक का चुनाव लड़ना है और जीतकर समाज सेवा करना है ।

# घर घर तक नशा मुक्ति का सन्देश ताकि नशा मुक्त हो देश- एनसीबी हरियाणा



पलवल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध एक जन आंदोलन खड़ा कर नशा मुक्त हरियाणा की नींव रखी जा चुकी है। बुरी द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को निरंतर सलाखों के पीछे पहुँचाया जा रहा है तो नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर भी लोगों को इस अभियान से जोड़ने का अटूट कार्य किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को घर घर तक लेकर जा रहे हैं। वे आज पलवल में थे। हथीन से साइकिल पर सवार होकर मलोखड़ा, भंगुरी, दुर्गापुर, रतीपुर, रायपुर और पलवल पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतीपुर में एक दिवसीय 20 और 21 वां जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यालय की प्राचार्या सविता की उपस्थिति में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को एकत्रित कर उनके साथ नशे से दूर रहने के उपायों पर चर्चा करते हुए ब्यूरो के डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता, अभिभावक और शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। उनकी समस्याओं जो जानने का प्रयास करें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। उसके व्यवहार पर ध्यान दें। यदि व्यवहार में कोई परिवर्तन मिलता है तो बच्चे के साथ बैठकर समस्या का पता लगाएं और यह सुनिश्चित करें कि कहीं बच्चा किसी कुसंग में तो नहीं पड़ा। कोई नशा तो नहीं ले रहा। समय समय पर उसके शयनकक्ष का निरिक्षण करें। कोई समस्या होने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लें। प्रत्येक ज़िले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र हैं। नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। तत्पश्चात डॉ अशोक कुमार वर्मा पलवल में स्थित डॉ बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में पहुंचे और प्रवक्ता डॉ बाबू लाल शर्मा से भेंट कर जागरूकता कार्यक्रम की योजना बनाई।

# 10 हजार लाडली बहनों को साड़ी और सूट बाटेंगे एसएम खान



मुंबई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा 5 अक्टूबर, शनिवार की शाम को ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता ताई फडणवीस तथा मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय केनेकर, मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती ताई लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एजाज देशमुख अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपने जोगेश्वरी पश्चिम स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में एसएम खान ने उपरोक्त जानकारी दी।

# सतीश जेलदार पूर्व प्रधान के घर हुआ अनीता यादव का जमकर स्वागत



हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। अटेली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनीता यादव जो कनीना क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अग्रणी नाम बतौर जानी जाती है, का शुक्रवार की देर शाम पूर्व प्रधान सतीश जेलदार के घर जोरदार स्वागत किया। भारी संख्या में लोग पहुंचे, पगड़ी और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूरा समर्थन देने का वादा किया। इस मौके पर सभी ने विश्वास दिलाया कि इस बार जीत अनीता यादव की ही होगी और जीताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अनीता यादव भारी भीड़ को देखकर गदगद हो गई और अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आई। अनीता यादव ने कहा कि वह सदा अटेली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए उद्यत रहेगी। उन्हें मौका दिया तो किसी प्रकार के विकास कार्यों की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रोजगार बिजली, पानी तथा अन्य सुविधाओं को पूरा किया जाएगा तथा सभी की भावनाओं पर खरा उतरूंगी। इस मौके पर अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे और अपने-अपने विचार रखें।

इस मौके पर अनीता यादव ने कहा कि भाजपा की 10 वर्षों की नीति अच्छी नहीं रही। सरपंचों,किसानों एवं आंगनबाड़ी की कर्मियों को लठियां खानी पड़ी। जिसने भी कोई मांग की उन्हें लाठियां और गोली खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हमारा घोषणा पत्र आम जनता के लिए है। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, 25 लाख तक का इलाज करवो का प्रावधान होगा, गरीबों को प्लाट दिये जाएंगे, 3.50 लाख रुपये में मकान बना कर दिये जाएंगे, जातिगत जनगणना करवाएंगे,युवाओं को नौकरी देंगे और बड़े-बड़े काम हरियाणा में सरकार करेगी। इस बार कांग्रेस की लहर ने सभी के समीकरण बदलकर रख दिए हैं। यह हर इंसान की जुबान पर कांग्रेस देखने को मिला।

# विकास करवाना मेरी होगी प्राथमिकता-अतरलाल

हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। अटेली को उपमंडल बनाना हमारा पक्का इरादा है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से विधायक बनने पर अटेली को उपमंडल बनवाया जाएगा। युवाओं के रोजगार के लिए क्षेत्र में आईएमटी की स्थापना की जाएगी तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। अटेली क्षेत्र में खेल स्टेडियम व खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जिससे यहां के नौजवान खेलकूद में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां हासिल करेंगे।

बसपा एवं इनेलो के उम्मीदवार नेताजी अतरलाल ने अपने चुनाव अभियान के दौरान अटाली, दुलोठ जाट, सागरपुर, भोड़ी, तिगरा, खोड़, मोहलड़ा, गोमला, गोमली, मोड़ी व पड़तल गांवों में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। गांवों में पहुंचने पर नेताजी अतरलाल का फूल माला पहनाकर, बैंड-बाजे, ढ़ोल-नगाड़े बजाकर स्वागत किया। अतरलाल ने कहा कि अटेली कनीना क्षेत्र खिलाडियों और प्रतिभाओं की खान है। विधायक बनने पर यहां के बच्चों को शिक्षा और खेल में अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिससे यहां के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। विधायक बनने पर विकास के मामले में अटेली विधानसभा क्षेत्र को नम्बर एक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र भारतीय सेना में सबसे ज्यादा सैनिक भेजता है। विधायक बनने पर अटेली में सीएसडी. कैंटीन खुलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की



राजकीय महाविद्यालयों में सभी पदों पर नियुक्तियां करवाई जाएंगी तथा नए विषयों एवं पाठ्यक्रमों की कक्षाएं प्रारम्भ की जाएंगी। अतरलाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक उन्नत एवं खुशहाल अटेली विधानसभा क्षेत्र का निर्माण करना है तथा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से अगले पांच साल में अटेली हलके को हरियाणा में सबसे आगे ले जाएंगे। प्रमुख समाजसेवी श्री भगवान गौतम ने कहा कि अटेली हलके में अतरलाल की लहर चल रही है और नेताजी अतरलाल भारी वोटो से विजय हासिल करेंगे। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र पाल, शेर सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रधान प्रमोद कटारिया, हलका प्रधान रविन्द्र रामबास, इनेलो के हलका प्रधान करण सिंह यादव, एस.सी. सैल के प्रदेश महासचिव वेदप्रकाश नम्बरदार, मेजर भाग सिंह, देवेन्द्र यादव, महेन्द्र प्रजापत सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

फोटो कैप्शन 06~ अतरलाल संबोधित करते हुए।

# तिरुपति देवस्थानम के प्रसाद में मांसाहार की मिलावट जेहाद का हिस्सा - हिन्दू महासभा



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या , दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध मंदिर तिरुपति देवस्थानम के प्रसाद में मछली का तेल और अन्य जानवरों की चर्बी की मिलावट को जेहाद का हिस्सा बताया। उन्होंने दोषियों की पहचान कर उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की है।राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि तिरुपति देवस्थानम प्रसादम प्रकरण के उजागर होने से करोड़ों हिंदुओं की न केवल धार्मिक आस्था आहत हुई है, वरन मांसाहारी प्रसाद ग्रहण करने से उनका धर्म भी खंडित हुआ है। यह प्रकरण जेहाद से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त होने के बाद खंडित भारत में इस्लामिक और ईसाई मिशनरियां हिन्दू संस्कृति को समाप्त करने के लिए सक्रिय रही हैं। दोनो मिशनरियों का उद्देश्य हिन्दू संस्कृति को समाप्त कर भारत को अपनी अपनी जनसंख्या के आधार पर मुस्लिम राष्ट्र और ईसाई राष्ट्र के रूप में बांटना रहा है। हिन्दू महासभा आरंभ से ही ईसाई और मुस्लिम मिशनरियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करती रही है, लेकिन वोट बैंक के नाम पर सत्ता के लोभी राजनीतिक दल हिन्दू महासभा की मांग को अनदेखा करते रहे।राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के देवस्थलों की प्रबंध समितियों में गैर हिंदुओं को शामिल करने की परंपरा को समाप्त करना ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोकने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि भारत को ईसाई अथवा इस्लामिक राष्ट्र बनाने वालों का स्वप्न हिन्दू महासभा कभी पूरा नहीं होने देगी। हिन्दू महासभा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाएगी।जारी बयान के अनुसार हिंदू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने दोषियों को फांसी की सजा की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि दोषी किसी भी जाति, पंथ, संप्रदाय, धर्म या राजनीतिक दल से क्यों न हों, उन्हे फांसी पर लटकाकर हिन्दू विरोधी ताकतों और मिशनरियों को कड़ा संदेश देना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद में जानवरों की चर्बी और तेल मिलाने वालों को स्मरण रखना चाहिए था कि 1857 में कारतूस में गाय की चर्बी मिलाने के कारण ही मंगल पांडे के नेतृत्व में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ था, जिसकी बदौलत 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत का अंत हुआ। उन्होंने हिन्दू समाज से 1857 की क्रांति का स्मरण करते हुए भारत में मिशनरियों और जेहाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हिन्दू महासभा के धर्मयुद्ध को सशक्त बनाने और ग्राम तथा मोहल्ला स्तर पर धर्मयुद्ध आरंभ करने का आह्वान किया। हिन्दू महासभा के अयोध्या जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दू विरोधी ताकतें देश को कमजोर करने और केंद्र सरकार के विरुद्ध हिन्दू जनमानस को भड़काकर देश को गृहयुद्ध में झोंकने का प्रयास कर रही हैं। तिरुपति बालाजी प्रसादम प्रकरण इसी षड्यंत्र से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह अब सहन नहीं किया जायेगा और दोषियों को फांसी के लिए आंदोलन किया जाएगा।

# एसएमसी की बैठक संपन्न



-स्कूल के विकास कार्यों में योगदान पर हुई चर्चा

हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। प्राचार्य श्री विजयपाल की अध्यक्षता में शहीद शिव कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में विद्यालय प्रबंधन समिति के दूसरे क्वार्टर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एसएमसी प्रधान संदीप कुमार वह अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओमरती एबीआरसी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया उन्होंने विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रबंधन समिति के योगदान एवं उनकी उपयोगिता एवं जिम्मेवारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डा. मुन्नाराम वरिष्ठ प्रवक्ता व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य विजयपाल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया तथा जलपान के लिए आमंत्रित किया।

सीहोर में आयोजित हुई एसएमसी की बैठक-

उधर शहीद सतपाल सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहोर के प्रांगण एबीआरसी मनोज कुमार के द्वारा एसएमसी द्वितीय क्वार्टर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य हरीश कुमार ने विद्यांजलि पोर्टल व छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने व नई कक्षा के छात्रों के स्वागत में एमसी की भूमिका एसएमसी की बैठकों को सक्रिय करना व एसएमसी पोर्टल का उपयोग करने बारे एसएमसी सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गयी। स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की पहचान, स्कूल में किन संसाधनों की कमी है उनकी पहचान व उक्त कमियों को कैसे पूरा किया जाए, स्कूल के शैक्षणिक माहौल को कैसे बेहतर बनाया जाये के बारे स्कूल प्रबंधन समिति से सुझाव मांगे गए।

इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सीमा शर्मा ,उप प्रधान बलवंत, सदस्य श्री धर्मपाल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर निगम अयोध्या में अखिलेश पाण्डेय पार्षद ने अपने वार्ड में वाई-फाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी बनाने हेतु नगर आयुक्त को दिया प्रस्ताव



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या ,अशफ़ाक उल्ला खां वार्ड अयोध्या नगर निगम के पार्षद, एडवोकेट अखिलेश पाण्डेय ने अपने वार्ड में अतिक्रमण हो रही नगर निगम की भूमि पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं - युवतियों व विशेषकर आर्थिक रूप से कमज़ोर सभी वर्ग के विद्यार्थियों हेतु वाई-फाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी बनाने के लिए नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को प्रस्ताव दिया।

पार्षद ने बताया कि नगर निगम की वाईफाई युक्त हाईटेक लाइब्रेरी होने से जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम से कम शुल्क में हाईटेक ऑनलाइन शिक्षण सुविधा के साथ साथ नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी।नगर आयुक्त महोदय ने माननीय पार्षद अखिलेश पाण्डेय के प्रस्ताव को जनहित में अतिआवश्यक कार्य बताया और गंभीरता से विचार करते हुए किसी भी संबंधित मद से बजट पास करके हाईटेक लाइब्रेरी बनवाने का पूर्ण आश्वासन दिया।

# जमीनी विवाद में लारेन्स गैंग के सदस्यों की मुसीबत बढ़ी,आईजीरेंज ने दिए जांच के आदेश



ब्यूरो चीफ अजय कुमार मांझी

अयोध्या दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या ,अयोध्याधाम में भू माफिया लारेंस गैंग के सदस्यों के द्वारा जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद छिड़ गया है पीड़ित अयोध्या रेलवे स्टेशन रोड कौशलेशकुंज कालोनी निवासी अनिल सिंह राना ने स्थानीय शाने अवध होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया से बातचीत करते हुवे बड़ा आरोप लगाया है कि उनकी बेशकीमती जमीन जो पंचकोशी परिक्रमा मार्ग चक्रतीर्थ डूडा कालोनी स्थित गाटा संख्या 342 ख2775 वर्गमीटर जमीन जो उनके नाम खारिज दाखिल है जिस पर उन्होंने अपना बाउंड्रीबाल बना कर गेट लगा रहा है उस पर बीते 23 सितंबर को लारेंस विश्नोई गैंग की नजर है जिसमे राघवेंद्र शुक्ल पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला साकेत भवन जानकी घाट थाना कोतवाली अयोध्या व लारेन्स विश्नोई गैंग का प्रमूख सदस्य विनोद सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम राजेपुर थाना महराजगंज अयोध्या तथा मुन्ना सोनकर पुत्र डीसूर डूडा कालोनी थाना राम जन्मभूमि अयोध्या के द्वारा गेट का ताला तोड़कर कर प्लाट में घुस गए और सरिया सीमेंट पिलर पटिया चोरी कर लिया तथा नेम प्लेट भी मिटा कर अपना नाम राघवेंद्र शुक्ला ने लिख लिया जिसका वीडियो भी सुरक्षित है पुलिस को सूचना दी तथा नामजद एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दिया पर थाना प्रभारी रामजन्म भूमि नही दर्ज किया एस एस पी अयोध्या व आईजी रेंज महोदय को भी शिकायत की पर एफआईआर दर्ज नही हुई जब कि इन सभी का आपराधिक इतिहास है ये सभी हिस्ट्रीसीटर है जिसमे विनोद सिंह पर कई संगीन अपराध में पहले से उत्तरप्रदेश के कई जनपदों में दर्ज है अनिल सिंह राना ने कहा है कि यदि मुझेकुछ होता है तो ये सभी आरोपीगण जिम्मेदार होंगे आईजीरेंज श्री प्रवीण कुमार के आदेश पर इस

मामले की जांच एस पी सिटी मधुवन सिंह व सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी जांच कर रहे है उन्होंने ने कहा कि आरोपी खुले आम घूम रहे है और बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे है एफआईआर दर्ज नही की जा रही है जान का खतरा बना हुआ है जब कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने भू माफिया के खिलाफ अभियान चला रखा है फिर भी कार्यवाही नही हो रही है जब कि आरोपियों के पास न कोई कागजात है और न ही कोई उनसे सौदेबाजी है फिर भी गुंडागर्दी के बल पर घटना को अंजाम दिया गया है

# बाबरी विध्वंस के आरोपी के पुत्र की हत्या पर हिंदू महासभा ने जताया शोक



ब्यूरो प्रमुख अजय कुमार मांझी

अयोध्या दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज़ नेशनल डिप्टी चेयरमैन अयोध्या बाबरी विध्वंस के आरोपी रहे बस्ती निवासी रमेश प्रताप सिंह के पुत्र शक्ति सिंह की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं 1992 की कारसेवक रहे मनीष पांडेय ने कहा है कि दोषियों के विरुद्ध योगी सरकार कठोरतम दंड का प्रावधान करें ,और सभी दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का कार्य करें, श्री पांडेय ने आगे कहा कि 1992 में बाबरी विध्वंस के मुख्य नायकों में बाबू रमेश प्रताप सिंह का नाम हमेशा अग्रणी रहेगा, 1992 में लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष बाबू रमेश सिंह की कुशल नेतृत्व अदम्य इच्छाशक्ति एवं विलक्षण रणनीति के कारण जिस तरह बाबरी विध्वंस किया गया वह अपने आप में एक इतिहास है, ऐसी विलक्षण व्यक्तित्व की यशस्वी पुत्र की हत्या होना अपने आप में बेहद शर्मनाक है श्री पांडेय ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तत्काल प्रभाव से बाबरी विध्वंश के आरोपीय रहे रमेश सिंह के परिवार को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए, उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर यह मांग की गई है कि परिवार को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा एवं दोषियों को कठोरतम दंड देते हुए तत्काल प्रभाव से दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का कार्य किया जाए, एवं परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए

# थुरू से रहा दीपक को समाज के लिए कुछ करने का जज्बा



दि ग्राम टुडे,केवटी ( दरभंगा ) ¬ट्यूशन टीचर से एक टीवी सीरियल के प्रोडक्शन हाउस में सीएफओ तक का सफर कर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा लिए मुम्बई से अपने गांव तक जरूरतमंद को मदद करने वाले दरभंगा जिले के केवटी विधानसभा अंतर्गत कलिगांव निवासी दीपक झा वर्ष 1998 में आगे की पढ़ाई का सपना लेकर मुम्बई आए थे। यहां आने के बाद उन्हें कांदिवली में अपने चाचा के घर रहने का ठिकाना मिल गया ।दीपक का नामांकन तो कॉलेज में नही हो सका। हां छोटी - मोटी नौकरी जरूर मिल गई , कुछ वर्षों मुम्बई से गुजरने के बाद कुछ खास हासिल न कर सकने का अफसोस लेकर वापस वह अपने गांव लौट गए। इस बीच दिल्ली सहित अन्य शहर का भी चक्कर काटे , लेकिन सफल होने की जिद उनको फिर मुम्बई खिंच लाई। इस बार दीपक होम ट्यूशन कर बच्चों को पढ़ाने का काम शुरू किया। साथ ही साथ अलग - अलग कंपनियों में नौकरी के लिए इंटरव्यू देते रहे करीब एक सौ से अधिक इंटरव्यू देने के बाद एक कंपनी में लेखापाल का काम उन्हें मिल गया। अपनी मेहनत और लगन के बल पर वे आगे बढ़ते गए। एक टीवी सीरियल बनाने वाली कंपनी में सीएफओ तक वह पहुंच गए। शुरू से अपनी मातृभूमि मिथिला से जुड़े रहे वहां की मैथिली भाषा के प्रति समर्पित दीपक ने 2010 में मैथिली दर्पण नामक मासिक पत्रिका का मैथिली में प्रकाश शुरू किया जो निरंतर प्रकाशित हो रहा है। इस पत्रिका से दीपक को काफी पहचान के साथ सम्मान भी मिला। दीपक बताते है कि समाज के लिए कुछ करने का जज्बा शुरू से रहा है। मुम्बई के साथ - साथ अपने गांव क्षेत्र में भी गरीबों की मदद करते रहते है । वे अपनी हैसियत के हिसाब से गरीब बच्चों की पढ़ाई , शादी आदि में आर्थिक मदद करते है। दीपक नशामुक्ति के लिए काफी समय तक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम करते रहे है।

दीपक ईश्वर की शुक्रिया मनाते हुए कहते है कि मुम्बई ने हमे वो सब दिया जिसकी कल्पना मैं करता था। पिछले पांच वर्षों से राजनीतिक रूप से भी अपने क्षेत्र में काफी सक्रिय है। वे कहते है कि विधायक का चुनाव लड़ना है और जीतकर समाज सेवा करना है ।

# घर घर तक नशा मुक्ति का सन्देश ताकि नशा मुक्त हो देश- एनसीबी हरियाणा



पलवल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध एक जन आंदोलन खड़ा कर नशा मुक्त हरियाणा की नींव रखी जा चुकी है। बुरी द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को निरंतर सलाखों के पीछे पहुँचाया जा रहा है तो नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर भी लोगों को इस अभियान से जोड़ने का अटूट कार्य किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को घर घर तक लेकर जा रहे हैं। वे आज पलवल में थे। हथीन से साइकिल पर सवार होकर मलोखड़ा, भंगुरी, दुर्गापुर, रतीपुर, रायपुर और पलवल पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतीपुर में एक दिवसीय 20 और 21 वां जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यालय की प्राचार्या सविता की उपस्थिति में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को एकत्रित कर उनके साथ नशे से दूर रहने के उपायों पर चर्चा करते हुए ब्यूरो के डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता, अभिभावक और शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। उनकी समस्याओं जो जानने का प्रयास करें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। उसके व्यवहार पर ध्यान दें। यदि व्यवहार में कोई परिवर्तन मिलता है तो बच्चे के साथ बैठकर समस्या का पता लगाएं और यह सुनिश्चित करें कि कहीं बच्चा किसी कुसंग में तो नहीं पड़ा। कोई नशा तो नहीं ले रहा। समय समय पर उसके शयनकक्ष का निरिक्षण करें। कोई समस्या होने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लें। प्रत्येक ज़िले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र हैं। नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। तत्पश्चात डॉ अशोक कुमार वर्मा पलवल में स्थित डॉ बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में पहुंचे और प्रवक्ता डॉ बाबू लाल शर्मा से भेंट कर जागरूकता कार्यक्रम की योजना बनाई।

# 10 हजार लाडली बहनों को साड़ी और सूट बाटेंगे एसएम खान



मुंबई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा 5 अक्टूबर, शनिवार की शाम को ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता ताई फडणवीस तथा मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय केनेकर, मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती ताई लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एजाज देशमुख अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपने जोगेश्वरी पश्चिम स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में एसएम खान ने उपरोक्त जानकारी दी।

# सतीश जेलदार पूर्व प्रधान के घर हुआ अनीता यादव का जमकर स्वागत



हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। अटेली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनीता यादव जो कनीना क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अग्रणी नाम बतौर जानी जाती है, का शुक्रवार की देर शाम पूर्व प्रधान सतीश जेलदार के घर जोरदार स्वागत किया। भारी संख्या में लोग पहुंचे, पगड़ी और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूरा समर्थन देने का वादा किया। इस मौके पर सभी ने विश्वास दिलाया कि इस बार जीत अनीता यादव की ही होगी और जीताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अनीता यादव भारी भीड़ को देखकर गदगद हो गई और अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आई। अनीता यादव ने कहा कि वह सदा अटेली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए उद्यत रहेगी। उन्हें मौका दिया तो किसी प्रकार के विकास कार्यों की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रोजगार बिजली, पानी तथा अन्य सुविधाओं को पूरा किया जाएगा तथा सभी की भावनाओं पर खरा उतरूंगी। इस मौके पर अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे और अपने-अपने विचार रखें।

इस मौके पर अनीता यादव ने कहा कि भाजपा की 10 वर्षों की नीति अच्छी नहीं रही। सरपंचों,किसानों एवं आंगनबाड़ी की कर्मियों को लठियां खानी पड़ी। जिसने भी कोई मांग की उन्हें लाठियां और गोली खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हमारा घोषणा पत्र आम जनता के लिए है। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, 25 लाख तक का इलाज करवो का प्रावधान होगा, गरीबों को प्लाट दिये जाएंगे, 3.50 लाख रुपये में मकान बना कर दिये जाएंगे, जातिगत जनगणना करवाएंगे,युवाओं को नौकरी देंगे और बड़े-बड़े काम हरियाणा में सरकार करेगी। इस बार कांग्रेस की लहर ने सभी के समीकरण बदलकर रख दिए हैं। यह हर इंसान की जुबान पर कांग्रेस देखने को मिला।

# विकास करवाना मेरी होगी प्राथमिकता-अतरलाल

हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। अटेली को उपमंडल बनाना हमारा पक्का इरादा है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से विधायक बनने पर अटेली को उपमंडल बनवाया जाएगा। युवाओं के रोजगार के लिए क्षेत्र में आईएमटी की स्थापना की जाएगी तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। अटेली क्षेत्र में खेल स्टेडियम व खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जिससे यहां के नौजवान खेलकूद में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां हासिल करेंगे।

बसपा एवं इनेलो के उम्मीदवार नेताजी अतरलाल ने अपने चुनाव अभियान के दौरान अटाली, दुलोठ जाट, सागरपुर, भोड़ी, तिगरा, खोड़, मोहलड़ा, गोमला, गोमली, मोड़ी व पड़तल गांवों में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। गांवों में पहुंचने पर नेताजी अतरलाल का फूल माला पहनाकर, बैंड-बाजे, ढ़ोल-नगाड़े बजाकर स्वागत किया। अतरलाल ने कहा कि अटेली कनीना क्षेत्र खिलाडि़यों और प्रतिभाओं की खान है। विधायक बनने पर यहां के बच्चों को शिक्षा और खेल में अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिससे यहां के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। विधायक बनने पर विकास के मामले में अटेली विधानसभा क्षेत्र को नम्बर एक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र भारतीय सेना में सबसे ज्यादा सैनिक भेजता है। विधायक बनने पर अटेली में सीएसडी. कैंटीन खुलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की राजकीय महाविद्यालयों में सभी पदों पर नियुक्तियां करवाई जाएंगी तथा नए विषयों एवं पाठ्यक्रमों की कक्षाएं प्रारम्भ की जाएंगी। अतरलाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक उन्नत एवं खुशहाल अटेली विधानसभा क्षेत्र का निर्माण करना है तथा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से अगले पांच साल में अटेली हलके को हरियाणा में सबसे आगे ले जाएंगे। प्रमुख समाजसेवी श्री भगवान गौतम ने कहा कि अटेली हलके में अतरलाल की लहर चल रही है और नेताजी अतरलाल भारी वोटो से विजय हासिल करेंगे। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र पाल, शेर सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रधान प्रमोद कटारिया, हलका प्रधान रविन्द्र रामबास, इनेलो के हलका प्रधान करण सिंह यादव, एस.सी. सैल के प्रदेश महासचिव वेदप्रकाश नम्बरदार, मेजर भाग सिंह, देवेन्द्र यादव, महेन्द्र प्रजापत सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



फोटो कैप्शन 06¬ अतरलाल संबोधित करते हुए।

# टीबी मुक्त पंचायत के लिए समेकित प्रयास की जरूरत - जिलाधिकारी



मुजफ्फरपुर। 28 सितंबर

मैं कोई निर्देश या आदेश नहीं दे रहा हूं। मैंने खुद टीबी मरीजों को देखा है। कितना शारीरिक कष्ट में जीते हैं। टीबी उन्मूलन की जिम्मेदारी सिर्फ टीबी कार्यक्रम में शामिल लोगों की नहीं बल्कि इसके लिए समेकित प्रयास की जरूरत है, ताकि पोलियो की तरह इसका उन्मूलन संभव हो सके। ये बातें जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में टीबी फोरम मीटिंग के दौरान कही। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में टीबी की वर्तमान स्थिति, स्क्रीनिंग और चल रहे जागरूकता कार्यक्रम का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए हमें बहुआयामी सोंच पर काम करना होगा। स्क्रीनिंग पर ध्यान देना होगा, टीबी मरीजों ने दवा पूरी खायी की नहीं, उनके परिवार को संक्रमण से बचाने के साथ टीबी मरीजों के हित के लिए पोषण राशि समेत अन्य सुविधाएं समय पर मिलती रहे इसका ध्यान मुख्य रूप से रखना होगा।

टीबी मुक्त पंचायत पर बेरूआ की मुखिया हुई सम्मानित टीबी फोरम मीटिंग के दौरान गायघाट प्रखंड के बेरूआ पंचायत की मुखिया उषा देवी को जिलाधिकारी ने गांधी जी का मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान बेरूआ पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत बनाने में सहयोग के लिए दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उषा देवी के प्रयास को सराहा और कहा कि टीबी मुक्त पंचायत की दिशा में और सफलता के लिए हर जनप्रतिनिधि को आगे आना होगा। उन्होंने पहले विभाग को कम टीबी मरीज वाले पंचायतों का चयन कर उन्हें मुक्त करना होगा। तभी यह क्रम आगे बढ़ेगा और प्रखंड के साथ जिला भी टीबी उन्मूलन की तरफ अग्रसर होगा। जिलाधिकारी ने अगले महीने विभाग के साथ सहयोगी संस्था केएचपीटी को भी टीबी मुक्त पंचायत के रिव्यू मीटिंग में शामिल होने का न्योता दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सीके दास,जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेहान अशरफ, बेरूआ की मुखिया उषा देवी, केएचपीटी के डीसी दिनकर चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया

दरभंगा । दरभंगा में छात्र जदयू ने विरोध प्रदर्शन किया। बीते दिनों दिनांक 21.09.2024 को छात्र जदयू मिथिला विश्विद्यालय इकाई द्वारा अध्यक्ष आसिफ़ कमाल के नेतृत्व में विश्विद्यालय में व्याप्त कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार के विरोध में उग्र धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया , इसमें मिथिला विश्विद्यालय के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों से भारी संख्या में छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. छात्र जदयू के आंदोलन को प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ अशोक कुश सिंह, सीनेट मेंबर अंजीत चौधरी, जिला प्रवक्ता कमलेश मंडल, डॉश इमाम साहब, पूर्व अध्यक्ष मुजम्मिल रजा आजमी , छात्र जदयू जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, विवि उपाध्यक्ष अक्षित भारद्वाज, विवि प्रवक्ता मोश जमशेद आदि ने कहा की छात्र जदयू सदैव छात्र छात्राओं के हक और मांगों के लिए आंदोलनरत रही है। आगामी दिनों में छात्र संघ चुनाव में छात्र जदयू मिथिला विवि के सभी जिलों में अपना परचम लहराने का काम करेगी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के सपने को साकार करने का काम करेगी। छात्र जदयू के विश्विद्यालय अध्यक्ष आसिफ़ कमाल ने कहा की हमारी विभिन्न मांगों को यदि बिन्दुवार पूरा नहीं किया गया तब छात्र जदयू मिथिला विवि के सभी जिलों में उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

उग्र विरोध को देखते हुए, वी.सी डॉश संजय कुमार चौधरी ने आसिफ़ कमाल सहित छात्र जदयू के शिष्ट मंडल से वार्ता की पहल की। इस वार्ता में कुलसचिव अजय कुश पंडित, प्रॉक्टर अजयनाथ झा, स्टेट आफिसर कामेश्वर पासवान शामिल थे। और यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है की हमारी मांगों से कुलपति महोदय सहमत हुए।

छात्र जदयू ने इन्हीं मांगों को लेकर किया जोरदार आंदोलन

1. छात्र संघ चुनाव सत्र नियमित होने के बाद कराया जाए.



2. छात्र कल्याण पदाधिकारी को उनके असंतोषजनक कार्य पद्धति के कारण पदमुक्त किया जाए.

3. डाटा सेंटर का संचालन लखनऊ - कलकत्ता के बजाय परीक्षा भवन से सुचारू रूप से चले.

4. सीएम लॉ कॉलेज को पुनः खोला जाए.

5. सभी भ्रष्ट पदाधिकारी,प्रधानाचार्य, कर्मचारियों को अविलंब पदमुक्त किया जाए.

6. विश्विद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का ऑटोमेशन कराया जाए.

7. पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन की अप्लाई तिथि बढ़ाई जाए.

8. विश्विद्यालय मुख्यालय तथा इसके अंगभूत सभी कॉलेज में छात्राओं - महिला पदाधिकारियों/कर्मचारियों के लिए शौचालय की व्यवस्था एवं उसकी नियमित देख-रेख / साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए.

9. कॉलेज में अध्यनरत छात्रों के लिए छात्रावास की अविलंब व्यवस्था की जाए और अवैध कब्जे को तुरन्त हटाया जाए।

वक्ताओं में सद्दाक हुसैन, चंदन कुमार, दुर्गानंद ओम प्रकाश, जितेंद्र पासवान, फरदीन अहमद खान, शफी साजिद, मोश अफसार, कबीर, लक्ष्मी कुमारी, अंजलि कुमारी, ज्योति कुमारी, अशरफ शेख, मशीरा फातिमा, मुकुंद कुमार, सत्यम कुमार, उदय यादव, तरुण यादव, ऋषिकेश कुमार, सुरैया ज़मीन, नविया नादिया, मोहम्मद सितारे, शाहनवाज़ अहमद, सलीम रजा आदि ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए।

# रेबीज जानलेवा है पर रोकथाम संभव है- डॉ एसके मिश्रा



दि ग्राम टुडे संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी सीएमएस डॉ एसके मिश्रा ने की। बैठक में रेबीज होने के कारण व उससे बचाव संबंधी विचारों को स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया अपने संबोधन में डॉ एसके मिश्रा ने बताया कि रेबीज वायरस (आरएबीवी) संक्रमित जानवर की लार या मस्तिष्क/तंत्रिका तंत्र के ऊतकों के साथ सीधे संपर्क (जैसे कि आपकी आंखों, नाक या मुंह में टूटी हुई त्वचा या श्लेष्म झिल्ली के माध्यम से) फैलता है। रेबीज घातक है लेकिन रोकथाम योग्य है। यह लोगों और पालतू जानवरों में फैल सकता है, यदि उन्हें किसी पागल जानवर ने काट लिया हो या खरोंच दिया हो तो आपको तत्काल प्रभाव से एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाना चाहिए। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ एके द्विवेदी ने बताया कि भारत में बंदर कुत्तों के काटने व नोचने से भी रेबीज के होने की संभावनाएं बहुत अधिक है। भारत में ऐसे तमाम मामले रोज सामने आते हैं, जिनमें आवारा कुत्ते या बंदर किसी भी व्यक्ति को काट लेते हैं, परंतु लापरवाही तब होती है जब ऐसे लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं लगवाते। इस दौरान सर्जन डॉ हर्ष देव भारती, डॉ विकास प्रताप, मैट्रन रजनी मसीह, पंकज शुक्ला आदि ने अपने विचार रखें। गोष्ठी में डॉक्टर सहित फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

# फर्जी शारीरिक प्रशिक्षण प्रमाण के आधर पर कार्यरत दर्जनों शिक्षकों के विरुद्ध विभाग को पत्र - अभिजीत कुमार



दरभंगा। मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन के प्रदेश अध्यक्ष ( अपराध एवं सामाजिक सुरक्षा) अभिजीत कुमार के द्वारा शिक्षा विभाग मुख्य सचिव एवं जिला स्तरीय अधिकारी को पत्र भेज फर्जी शारीरिक शिक्षकों के विरुद्ध अभिलंब विधि सम्मत कार्रवाई का अनुरोध किया है पत्र में उन्होंने लिखा कि दरभंगा जिला अंतर्गत अधिक संख्या में कुशेश्वरस्थान पूर्वी एवं पश्चिमी में प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दर्जनों फर्जी शारीरिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नियोजन करा सालों से विद्यालय में पदस्थापित हैं इसमें से कई शिक्षक वर्तमान में प्रधानाध्यापक भी बने हुए हैं जबकि वास्तव में यह आधिकांश शारीरिक शिक्षक राज्य से बाहर दिल्ली और अन्य राज्य के फर्जी शारीरिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के का उपयोग कर अवैध लाभ प्राप्त किए है सभी के शारिरिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का भौतिक सत्यापन उपरान्त जल्द ही विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई होगी का अनुरोध किया गया है।

# स्वच्छता केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा - प्रो प्रेम मोहन मिश्रा

मीर मो0 शहनवाज - दरभंगा ।डॉ एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं बिहार राज्य गंगा नदी संरक्षण कार्यक्रम प्रबंधन सोसाइटी, पटना के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय, दरभंगा (जिला गंगा समिति) के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो प्रेम मोहन मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विश्वविद्यालय एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रो मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दीं और उन्हें प्रेरित किया कि वे भविष्य में भी स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ आर एन चौरसिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नदियां हमारी जीवन रेखा तथा माता सदृश हैं, जिन्हें प्रदूषण मुक्त रखना हमारा




प्रथम कर्तव्य है। जल स्रोतों- नदी, तालाब आदि की सुरक्षा और स्वच्छता हमारे भविष्य के लिए बहुत आवश्यक है। यह केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमार नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने आस-पास के जल स्रोतों की सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। संस्थान में प्रतियोगिताएं गत 26 से 28 सितंबर तक चली, जिसमें भाषण, निबंध, गूगल प्रश्नोत्तरी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न श्रेणियों में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में रचना- प्रथम, आकांक्षा- द्वितीय एवं सानिया परवीन- तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में सानिया परवीण- प्रथम, तान्या कुमारी- द्वितीय एवं अमृता राज- तृतीया, गूगल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रूपाली- प्रथम, रूपा- द्वितीय एवं ज्या- तृतीय स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में लक्ष्मी व दिव्या- प्रथम, पायल व स्वाति- द्वितीय एवं खुशी व आकांक्षा- तृतीय स्थान, चित्रकला प्रतियोगिता में स्वाति सुमन- प्रथम, अंशु कुमारी- द्वितीय तथा जया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी सफल प्रतिभागियों को 02 अक्टूबर, 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर समाहरणालय दरभंगा में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रश्मि कुमारी ने किया, जबकि अतिथि स्वागत अंजली राज एवं धन्यवाद ज्ञापन सानिया परवीण ने किया। इस आयोजन में माय भारत, दरभंगा के मुकेश कुमार झा, नेहरु युवा केन्द्र, दरभंगा के पूर्व प्रशिक्षक कुमार अनुराग, संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्राएँ

## शिवनाथ बने राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के केवटी प्रखंड उपाध्यक्ष

दि ग्राम टुडे,केवटी ( दरभंगा ):- राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार यादव ने केवटी प्रखंड की लहवार पंचायत अंतर्गत परसा – बिसनपुर गांव निवासी पूर्व वार्ड सदस्य शिव नाथ यादव को प्रकोष्ठ का प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि अब्दुल मन्नान अंसारी , पार्टी के वरिष्ठ नेता शत्रुधन यादव उर्फ पन्ना यादव , लहवार पंचायत राजद अध्यक्ष राम उदगार यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश से एनएसएस के चार कार्यक्रम पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

मीर मो0 शहनवाज - दरभंगा । ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से विश्वविद्यालय क्षेत्र स्थित चार महाविद्यालयों में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारियों की नियुक्ति कार्यक्रम समन्वयक प्रथम के द्वारा की गई है, जिनमें स्नातकोत्तर विभागों की एनएसएस इकाई में रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सोनू राम शंकर, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित बी एड नियमित विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ उदय कुमार, जी के पी डी कॉलेज, कर्पूरीग्राम, समस्तीपुर में दर्शनशास्त्र के




सहायक प्राध्यापक प्रो सुभाष चन्द्र राय तथा आरसीएस कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा विपिन कुमार के नाम शामिल हैं।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि इन पदाधिकारियों की नियुक्ति उनके संस्था प्रधान द्वारा अनुशंसित नाम के आधार पर की गई है। ये सभी शिक्षक अगले 3 वर्षों के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी बनाए गए हैं। इनके योगदान का प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से मांगा गया है। नियमानुसार इन पदाधिकारियों द्वारा अपने शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित एनएसएस कार्यक्रमों का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक माह के मध्य में भेजना सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी कार्यक्रम पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य बंद है। जैसे ही प्रशिक्षण कार्य शुरू होगा, इन सभी पदाधिकारियों सहित अन्य सभी अप्रशिक्षित कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा, ताकि एनएसएस की कार्यशीलता एवं कार्यक्रमों की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

# मवि केवटी (बालक) में शिक्षा चौपाल आयोजित




दि ग्राम टुडे, केवटी

( दरभंगा) प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय केवटी (बालक ) में शनिवार को ÷शिक्षा चौपाल% का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक की छात्र - छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने प्रदर्श को विद्यालय में प्रदर्शित किया। डीडीओ सह प्रधानाध्यापक रामदेव यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस शिक्षा चौपाल में छात्र - छात्राओं के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

छात्र - छात्राओं के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स को देखकर उनके अभिभावक बेहद उत्साहित और संतुष्ट नजर आ रहे थे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना भी की। इस दौरान अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में सहायक शिक्षक संजय प्रसाद गुप्ता , धर्मजीत कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सक्रियता पूर्वक हिस्सा लिया।

# मेडिकल स्टोर में हुई चोरी पुलिस गस्त पर उठे सवाल



दि ग्राम टुडे

संवाददाता मितौली

मितौली खीरी। कोतवाली मितौली के ग्राम मौसम पुर में अज्ञात चोरों ने एक मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। मेडिकल स्वामी ने 35000 हजार रुपए की दवाइयों सहित 10000 रूपए नगद चोरी होने की लिखित तहरीर दी है। गुरुवार की बीती रात में मितौली रोड ग्राम मौसम पुर में स्थित गुरूमन मेडिकल स्टोर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर शिवराज पुर सरैंया निवासी गुरुप्रीत सिंह ने कोतवाली मितौली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक के द्वारा मुझे सूचना मिली कि आपकी दुकान का ताला टूटा है और शटर ऊपर की ओर उठा हुआ है।जब मैंने आकर देखा तो लगभग 35000 रुपए की दवाइयों के सहित दुकान में रखे हुए 10000 रूपए चोरी हो गए थे। पुलिस को सूचित किया गया तो मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।क्षेत्र में हो रही चोरियों की घटनाओं से व्यापारियों में भय व्याप्त है। ऐसे में पुलिस के गस्त पर सवाल उठना वाजिब है। फिलहाल पुलिस को तहरीर दी गई है। मितौली पुलिस सरगर्मी से जांच में जुटी हुई है।

# चक्रवाती बारिश से जनजीवन अस्त - व्यस्त



दि ग्राम टुडे,केवटी ( दरभंगा) केवटी प्रखंड में बुधवार से लगातार रुक-रुक कर हो रही चक्रवाती बारिश के कारण प्रखंड का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चार दिनों से हो रही लगातार वर्षा से केवटी प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांव तक लोग हलकान है। लगातार उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली। वहीं वर्षा के कारण प्रखंड का जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हो चुका है।सड़क पर कहीं किचकिच तो कहीं जलजमाव लोगों दोनों से परेशान हैं। वर्षा के कारण कई गांव के सड़कों पर जलजमाव हो गया है । सड़क का जहां - जहां लेबल डाउन है उक्त सड़कों पर भी जलजमाव हो गयी है।सबसे अधिक बुरा हाल खिरमा पंचायत की खिरमा - पथरा - बरही पथ पर खिरमा वार्ड संख्या तीन की मुख्य सड़क , दुघिया , रनवे पुरानीटोल , पैगंबरपुर , कदमटोली , दिघियार का है. यहां वर्षा के दौरान लगातार जलजमाव हो रहा है। खिरमा पंचायत अंतर्गत खिरमा वार्ड संख्या तीन में खिरमा - बरही मुख्य सड़क पर जलजमाव की समस्या महीनों पुराना है। सड़क पर दो से ढ़ाई फीट पानी जमा है । इस वजह से खिरमा गांव के साथ - साथ इस पथ से आवाजाही करने वाले बरही, बिरखौली , विनवारा , घोवीगामा आदि गांव के लोगों को आवागमन में खासकर महिलाएं व स्कूली बच्चों को काफी कठिनाई हो रही है। विघुत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे है।

## केवटी में रंगदारी व मारपीट मामले के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

दि ग्राम टुडे ,केवटी ( दरभंगा ) :- केवटी थाने की पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग – अलग गांव में छापामारी कर रंगदारी एवं मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसमें डलवा गांव निवासी रामकरण यादव के पुत्र राजा कुमार एवं क्यामचक गांव निवासी दिनेश यादव उर्फ मठेरण यादव के पुत्र निपुण कुमार यादव शामिल है। पुलिस ने दोनों को पूछताछ एवं सीएचसी, केवटी – रनवे में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबध में क्यामचक गांव निवासी विष्णु यादव के पुत्र चन्द्रशेखर यादव ने इसी वर्ष 30 मार्च को केवटी थाना में रंगदारी एवं मारपीट आदि मामले की प्राथमिकी ( 124 / 24 ) दर्ज कराते हुए मझिगामा गांव के दयाराम यादव के पुत्र गोलू कुमार व डलवा गांव के राम करण यादव के पुत्र राजा कुमार एवं अज्ञात दो लोगों को आरोपित किया था।

# क्या राहुल गांधी ब्रिटेन के नागरिक भी हैं?



रामस्वरूप रावतसरे

राहुल गाँधी की नागरिकता का मामला बढ़ता चला जा रहा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस मामले दायर की गई याचिका केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। हाई कोर्ट ने गृह मंत्रालय से राहुल गाँधी की नागरिकता पर उठे सवालों का जवाब देने को कहा है। राहुल गाँधी की नागरिकता पर पहले भी विवाद हो चुका है। इस मामले में अन्य लोगों ने भी देश की अलग-अलग कोर्ट में याचिकाएँ दायर की हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में याचिका पर सुनवाई कर चुकी है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने 25 सितम्बर, 2024 को एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई की। शिशिर ने हाई कोर्ट के सामने दावा किया है कि राहुल गाँधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है। शिशिर ने इस मामले में सीबीआई जाँच की माँग की है। याचिकाकर्ता शिशिर ने हाई कोर्ट को बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के सामने राहुल गाँधी की याचिका को लेकर दो आवेदन दिए हैं। यह आवेदन नागरिकता कानूनों के तहत दिए गए हैं। याचिकाकर्ता शिशिर ने गृह मंत्रालय में दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट का रास्ता लिया है। हाई कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए गृह मंत्रालय से पूछा है कि उसने इन आवेदनों पर क्या एक्शन लिया है। हाई कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पाण्डेय को आदेश दिया है कि वह गृह मंत्रालय की कार्रवाई का ब्यौरा कोर्ट के सामने रखें।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि वह अभी राहुल गाँधी की नागरिकता का परीक्षण नहीं कर रहा बल्कि वह यह जानना चाहता है कि आखिर गृह मंत्रालय इस मामले पर क्या कार्रवाई कर रहा है। हाई कोर्ट ने इससे पहले इसी मामले में डाली गई याचिका वापस लेने की अनुमति दी थी। यह याचिका भी शिशिर ने ही लगाई थी। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के पास नागरिकता कानून के तहत यह शक्ति है कि वह किसी भारतीय नागरिक की विदेशी नागरिकता अपनाने के कारण और समय की जानकारी जुटा सके। शिशिर का आवेदन गृह मंत्रालय से राहुल की नागरिकता रद्द करने की माँग करता है। याचिकाकर्ता शिशिर का दावा है कि राहुल गाँधी ब्रिटिश नागरिक हैं और ब्रिटिश सरकार ने 2022 में भेजे गए इमेल में इस बात के संकेत दिए हैं। यह भी बताया गया है कि ब्रिटिश सरकार राहुल गाँधी की नागरिकता पर तब तक जानकारी सार्वजनिक रूप से नहीं देगी जब तक गाँधी स्वयं इस बात के लिए आवेदन पर हस्ताक्षर ना कर दें।

सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गाँधी की नागरिकता को इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका डाली थी। 20 अगस्त, 2024 को दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस याचिका को जनहित याचिका ( पीआईएल ) बेंच को स्थानांतरित कर दिया था। सुब्रमण्यम स्वामी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि राहुल गाँधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस संबंध में अपनी जानकारी छुपाई है। स्वामी ने इस संबंध में कहा था कि उन्होंने गृह मंत्रालय में आवेदन दिया है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वह इस याचिका पर कार्रवाई की माँग कर रहे थे। इस याचिका पर गुरुवार (26 सितम्बर, 2024) को होनी है।

राहुल गाँधी की नागरिकता को लेकर विवाद पहली बार नहीं हो रहा है। राहुल गाँधी की नागरिकता का विवाद सुप्रीम कोर्ट तक जा चुका है। इससे पहले दिल्ली के दो लोगों ने राहुल गाँधी की नागरिकता पर प्रश्न उठाए थे। उन्होंने दावा किया था कि एक कम्पनी के 2005-06 के रिकॉर्ड में राहुल गाँधी को ब्रिटिश नागरिक बताया गया था। याचिका में दावा किया गया था कि राहुल गाँधी ने स्वेच्छा से ब्रिटिश नागरिकता ली है और इसकी जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा था कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन है। राहुल गाँधी का मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुँचा था तो उसने इस याचिका को रद्द कर दिया था। 2019 में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा था कि यदि कोई कम्पनी अपने कागजों में किसी को ब्रिटिश नागरिक बता देती है तो इससे वह वहाँ का नागरिक नहीं हो जाता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि याचिकाकर्ता समाजसेवा करने की राजनीति कर रहे हैं।

कोर्ट ने सवाल उठाए थे कि आखिर याचिकाकर्ताओं ने 2019 का इन्तजार राहुल गाँधी की नागरिकता पर याचिका डालने के लिए क्यों किया! इस दौरान गृह मंत्रालय ने भी राहुल गाँधी से उनकी नागरिकता पर स्थिति साफ़ करने को कहा था। गृह मंत्रालय ने राहुल गाँधी को नोटिस जारी करके तथ्य देने को कहा था। इसको लेकर काफी बवाल हुआ था। सिर्फ 2019 में ही नहीं बल्कि 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी ही याचिका को 'अजीब' करार दिया था। कोर्ट ने इस दौरान राहुल गाँधी को ब्रिटिश बताने के दावे के आधार वाले दस्तावेज पर भी प्रश्न उठाए थे। तब भी सुप्रीम कोर्ट के सामने यही दावे किए गए थे कि राहुल गाँधी ब्रिटिश नागरिक हैं और यह बात कम्पनी रिकॉर्ड से सामने आई है। राहुल गाँधी की नागरिकता को लेकर लड़ाई मात्र कोर्ट में ही नहीं बल्कि संसद तक पहुँच चुकी है। भाजपा सांसद महेश गिरी ने ऐसे ही आरोप राहुल गाँधी के खिलाफ संसद की एथिक्स कमिटी के सामने लगाए थे। एथिक्स कमिटी ने भी राहुल गाँधी से जवाब माँगा था।

राहुल गाँधी ने इस मामले में संसद कि एथिक्स कमिटी के नोटिस पर जवाब दिया था। राहुल ने एथिक्स कमिटी की नोटिस के सवाल पर बताया था कि उन्होंने कभी भी ब्रिटिश नागरिकता के लिए आवेदन ही नहीं दिया। उन्होंने कहा था कि नागरिकता को लेकर प्रश्न उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह एथिक्स कमिटी को अपने तरीके से निपट लेंगे। राहुल गाँधी की बहन और कॉन्ग्रेस नेता प्रियंका गाँधी ने इन दावों को हास्यास्पद करार दिया था। प्रियंका गाँधी ने कहा था कि राहुल गाँधी इस देश में पैदा हुए और यहीं के लोगों के सामने पले बढ़े हैं। प्रियंका गाँधी ने कहा था कि उनके भाई की नागरिकता पर उठाए गए सवालों को आधारहीन करार दिया था। प्रियंका गाँधी ने कहा था कि नागरिकता के विषय में पूरा देश जानता है

# (सार्वभौमिक आतंकवाद)
# वैश्विक युद्ध में हुक्मरानों की क्रूरता । कैसे हो समाधान ?



मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है द्य रूस यूक्रेन युद्ध और इजरायल फलस्तीन हमास युद्ध इसका ताजा उदाहरण है ।अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके दर्दनाक उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैंद्य यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैंद्य भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिएद्य

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैद्य भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती हैद्य भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका हैद्य आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगाद्य वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी हैद्य आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही हैद्य वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

संजीव स्तंभकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# दुर्गापूजा पर आर.जी. कर कांड की छाया



पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा पर आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज कांड की छाया साफ नजर आ रही है। बीते महीने उस सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी, उसके बाद लंबे अरसे तक जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो गई थी।इस घटना के विरोध में राज्य की कई दुर्गा पूजा समितियों ने सरकारी अनुदान लेने से इंकार कर दिया है।

इधर, राज्य सरकार करीब 43 हजार समितियों को 85-85 हजार रुपए का अनुदान देती है। इसके साथ ही तमाम प्रमुख आयोजन समितियों ने बजट घटा दिए हैं। इसकी वजह यह है कि उनको पिछले साल की तरह प्रायोजक नहीं मिल सके हैं। कोलकाता और उसके आसपास करीब तीन हजार पूजा आयोजित की जाती है। थीम आधारित इस उत्सव में हर साल देश-विदेश की प्रमुख घटनाओं को पंडालों की साज-सज्जा और लाइटिंग के जरिए दर्शाया जाता है। इस साल इस उत्सव पर आर.जी. कर की घटना की छाया नजर आ रही है। कुछ पूजा समितियों ने महिला सुरक्षा को अपनी थीम बनाया है तो एक समिति ने सती दाह को।

कोलकाता की नाकतला नबपल्ली दुर्गापूजा समिति न आर.जी. कर की पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए पूरे पंडाल को ऐसे पोस्टरों और तस्वीरों से सजाने का फैसला किया है। पंडाल की साज-सज्जा में महिला अधिकारों की भी वकालत की जाएगी।

कोलकाता के प्रमुख बाजार न्यू मार्केट में एक दुकान समीरन मंडल कहते हैं-

इस साल आम लोगों ने आर.जी. कर की घटना को ध्यान में रखते हुए पूजा को उत्सव की तरह नहीं मनाने का फैसला किया है, इसलिए पूजा का आयोजन तो पहले जैसा ही होगा. लेकिन उसमें रंगीनियां नहीं होंगी। पहले जहां दुकानो में रोजाना औसतन 20 से 25 हजार की बिक्री होती थी वह अब घटकर पांच से 10 हजार के बीच यानी आधा या उससे भी कम रह गई है। कपड़ा बिक्रेताओं का दावा है कि इस बार कारोबार पिछले साल के मुकाबले एक-तिहाई है।

बंगाल में दुर्गा पूजा का कारोबार 50 हजार करोड़ से ज्यादा है. पूजा के दौरान कॉर्पोरेट घराने 800 से लेकर 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा तक खर्च करते हैं. इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स पहले ही अनुमान जता चुका है कि 2030 तक दुर्गा पूजा का टर्नओवर मेगा कुंभ मेला के बराबर हो जाएगा जो करीब एक लाख करोड़ रुपए है। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों में हर साल करीब साढ़े चार हजार पूजा आयोजित की जाती है. इनमें करीब दो सौ आयोजन ऐसे हैं, जिनमें हर पूजा में 50 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है. बाकियों में से हर पूजा में 20 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है. कुल मिलाकर करीब तीन लाख रोजगार पैदा होते हैं. इनमें टैक्सी

# साम्राज्यवाद - पूंजीवाद की चरम अवस्था



पुस्तक चर्चा

******

राजनीति की जड़ें इतिहास में मौजूद होती हैं और इतिहास के अध्ययन के बिना राजनीति का शिक्षण अधूरा है। दोनों एक दूसरे के पूरक है। मानव का विकास आदिम साम्यवाद युग से शुरू होता है , जहां संपति सबके लिए प्राकृतिक रूप से अस्तित्व में था उसके बाद सामंतवाद,पूंजीवाद,और समाजवाद के बाद पुनः काल्पनिक साम्यवाद अवस्था का चक्र आता है, इसी चक्र को प्रख्यात दार्शनिक कार्ल मार्क्स ने ऐतिहासिक भौतिकवाद के रूप में संपूर्ण विश्व के समक्ष रख मानव के विकास के आर्थिक इतिहास की व्याख्या की।इसी कड़ी में वोल्शेविक क्रांति के नायक व्लादिमीर इलिच उल्यानोव लेनिन ने पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की समग्र व्याख्या कर पूंजीवाद के उच्चतर अवस्था को साम्राज्यवाद के रूप में परिभाषित किया हैं।उत्पादन के समस्त साधनों पर व्यक्तिगत स्वामित्व को पूंजीवाद की संज्ञा दी जाती है और पूंजीवाद अपने चरम रूप में आता हैं तब संपूर्ण विश्व कुछ चंद आर्थिक ताकतों के अधीनस्थ हो जाती है और यही साम्राज्यवाद के दुर्गुण रूप दिखने लगते हैं। पूंजीवाद जब मरणोन्मुख अवस्था में आती है तब साम्राज्यवाद का जन्म होता है।साम्राज्यवाद समाजवाद की पूर्व बेला की स्थिति है,इस तथ्य को पुस्तक में बार बार केंद्रित किया गया है। इस पुस्तक में निरंतर होने वाले युद्धों के लिए साम्राज्यवादी होड़ को जिम्मेवार बताया गया है।यह स्थिति इस पुस्तक के रचनाकाल में ही नहीं वर्तमान काल के लिए भी प्रासंगिक है। पूरे विश्व में ऐसे नवीन आर्थिक और साम्राज्यवादी गुटों का ताजातरीन जन्म हो रहा हैं जो विश्व के मूल्यवान संसाधनों पर आधिपत्य करने के लिए आपस में संघर्ष कर रहें हैं ,संसाधनों के लिए शक्ति संघर्ष ही साम्राज्यवाद को अंकुरित और गतिशील कर रहें हैं ।इसी साम्राज्यवाद के विभिन्न आयामों से पुनः परिचित होकर आम जनमानस को क्रांति के लिए सचेत करना इस पुस्तक का अभीष्ट लक्ष्य है।भूमंडलीकरण और आर्थिक उदारीकरण के इस युग में जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच ग़लाकाट प्रतियोगिता चल रही है,निजीकरण की ओर बढ़ता विश्व चंद पूंजीपतियों के हाथों में सिमट रही है,इस दौर में यह पुस्तक पहले की अपेक्षा और ज्यादा महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हो चला है।इतिहास ,अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र के अध्येताओं का संपूर्ण दायित्व बनता है कि वर्तमान विश्व को आर्थिक दृष्टिकोण के संदर्भ में अध्ययन कर आम जनता को दशा और दिशा से परिचित कराया जाए। जनमत का परिचय उन पुस्तकों से कराया जाए जो विश्व के ऐतिहासिक और समकालीन आर्थिक विश्लेषण का क्षमता रखती है ,इस दृष्टिकोण से यह पुस्तक राजनीति ,इतिहास और अर्थशास्त्र के अध्येताओं के लिए अभिरुचि उत्पन्न करने वाली है। लेनिन के आकर्षक चित्र से आच्छादित आवरण पृष्ठ अपने संपूर्ण विषयगत तथ्य को अभिव्यक्त करने में सक्षम है और पाठकों को आकर्षित करने वाली है।

गार्गी प्रकाशन , नई दिल्ली से इस पुस्तक को प्रकाशित किया गया है,पुस्तक के प्रकाशन का प्रतिपाद्य तभी अपने लक्ष्य को हासिल करेगा जब इस पुस्तक के अध्ययन से पाठक वर्ग पूंजीवाद के संक्रमणकारी अवस्था और साम्राज्यवाद के मूल मर्म को समझकर वर्तमान आर्थिक परिदृश्य का विश्लेषण करने में सक्षम हो सकेगा।

******

सुधाकर कांत चक्रवर्ती

## संपादकीय

# राजस्थानी के भीष्म पितामह कहलाते हैं कन्हैयालाल सेठिया !

आ तो सुरगां नै सरमावै, ईं पर देव रमण नै आवै,
ईं रो जस नर नारी गावै, धरती धोरां री !
रज कण कण नै चमकावै, चन्दो इमरत रस बरसावै,
तारा निछरावळ कर ज्यावै, धरती धोरां री !
काळा बादळिया घहरावै, बिरखा घूघरिया घमकावै,
बिजळी डरती ओला खावै, धरती धोरां री !
लुळ लुळ बाजरियो लैरावै, मकी झालो दे'र बुलावै,
कुदरत दोन्यूं हाथ लुटावै, धरती धोरां री !% जब जब यह अमर गीत कहीं पर भी गूंजता है तो हर किसी के पैर इस गीत पर थिरकने लगते हैं और बरबस ही हमें याद आ जाती है राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया जी की। सच ही कहा है किसी ने कि अमर होने के लिए अधिक लिखने की जरूरत नहीं है। बहुत कम ही लोगों को यह जानकारी होगी कि सेठिया जी की प्रसिद्ध कविता धरती धोरा पर अन्?तरराष्?ट्रीय ख्?याती प्राप्?त फिल्?म निर्माता गौतम घोष द्वारा ÷लैंड आफ द सैंड ड्यून्स÷ शीर्षक से वृतचित्र का निर्माण किया गया जिसको भारत सरकार द्वारा स्?वर्णकमल पुरस्?कार से सम्?मानित किया गया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि अधिक लिखने की बजाय कम लिखकर भी अमरता को प्राप्त किया जा सकता है और सेठिया जी ने साहित्य के क्षेत्र में यह अमरता प्राप्त की है। जानकारी देना चाहूंगा कि श्री कन्हैयालाल सेठिया, जिन्हें राजस्थानी का भीष्म पितामह भी कहा जाता है, राजस्थान के इतिहास में एक बहुत ही जाना-माना नाम है। आप राजस्थानी भाषा के बहुत ही प्रसिद्ध कवि रहे हैं। अपने अनूठे, जोरदार व दमदार साहित्य सर्जन से आपने अन्य साहित्यकारों के समक्ष यह साबित कर दिखाया कि आप केवल और केवल राजस्थानी कवि नहीं थे, बल्कि पूरे देश के कवि हैं। आपका जन्म 11 सितंबर 1919 को राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ कस्बे में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आपने राष्ट्रवादी काव्य की रचना कर राजस्थानी साहित्य के क्षेत्र में एक अनूठी छाप छोड़ी। आपकी कृति %लीलटांस% ने आपको साहित्य की दुनिया में स्थापित किया। 1976 ई. में आपको राजस्थानी काव्यकृति %लीलटांस% के लिए साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ कृति के नाते पुरस्कृत किया गया था।%लीलटांस% के अलावा उनकी कुछ प्रमुख कृतियों में क्रमशः रमणियां रा सोरठा, गळगचिया, मींझर, कूंकंऊ, धर कूंचा धर मंजळां, मायड़ रो हेलो, सबद, सतवाणी, अघरीकाळ, दीठ, कक्को कोड रो, लीकलकोळिया एवं हेमाणी शामिल हैं। राजस्थानी के अलावा उन्होंने हिंदी, उर्दू में भी काम किया। उर्दू में ताजमहल एवं गुलचीं, हिंदी में वनफूल, अग्णिवीणा, मेरा युग, दीप किरण, प्रतिबिम्ब, आज हिमालय बोला, खुली खिड़कियां चौड़े रास्ते, प्रणाम, मर्म, अनाम, निर्ग्रन्थ, स्वागत, देह-विदेह, आकाशा गंगा, वामन विराट, श्रेयस, निष्पति एवं त्रयी तथा राजस्थानी भाषा में रमणियां रा सोरठा, गळगचिया, मींझर, कूंकंऊ, धर कूंचा धर मंजळां, मायड़ रो हेलो, सबद, सतवाणी, अघरीकाळ, दीठ, क क्को कोड रो, लीकलकोळिया , हेमाणी ,पिथल और पाथल,जमीन रो धनी कुन, धरती धोरा री प्रमुख हैं।आपकी शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय, स्काटिश चर्च कालेज में हुई थी। 2005 ई में आपको राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदत्त की गई। इसी ईस्वी में आपको राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा %प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार% से सम्मानित भी किया गया। 2004 ई में आपको राजस्थानी भाषा संस्कृति एवं साहित्य अकादमी बीकानेर द्वारा राजस्थानी भाषा की उन्नति में योगदान हेतु सर्वोच्च सम्मान %पृथ्वीराज राठौड़ पुरस्कारक्क से सम्मानित किया गया था। 1992 में आपको राजस्थान सरकार द्वारा %स्वतन्त्रता सेनानीक्क का ताम्रपत्र, 1988 में हिन्दी काव्यकृति %निर्ग्रन्थ% पर भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली द्वारा %मूर्तिदेवी साहित्य पुरस्कारक्क 1987 ई में राजस्थानी काव्यकृति %सबदक्क पर राजस्थानी अकादमी का सर्वोच्च %सूर्यमल मिश्रण शिखर पुरस्कार, 1984 में राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा अपनी सर्वोच्च उपाधि %साहित्य मनीषीक्क 1983 में राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा सर्वोच्च सम्मान %साहित्य मनीषीक्क की उपाधि से अलंकृत करने के अलावा साहित्य के क्षेत्र में अनेक पुरस्कारों व उपाधियों से नवाजा गया। इतना ही नहीं,

राजस्थानी कविता के सम्राट सेठिया को मृत्युप्रांत 31 मार्च 2012 को राजस्थान रत्न सम्मान देने की घोषणा की। आपके पिता का नाम स्वर्गीय छगनमलजी सेठिया एवं माता का नाम मनोहरी देवी था। आपका विवाह 1937 ईस्वी में श्रीमती धापू देवी के साथ हुआ था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आपको पद्मश्री, साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा 1988 में ज्ञानपीठ के मूर्तिदेवी साहित्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। आप एक रचनाकार ही नहीं बल्कि एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, सुधारक, परोपकारी और पर्यावरणविद भी थे। %पाथल और पीथल% भी इनकी ही महाराणा प्रताप पर वीर रस की एक लोकप्रिय व अत्यंत प्रसिद्ध रचना है। कुछ पंक्तियां देखिए -अरे घास री रोटी ही जद बन बिलावड़ो ले भाग्यो। नान्हो सो अमरयो चीख पड्यो राणा रो सोयो दुख जाग्यो। हूं लड्यो घणो हूं सह्यो घणो मेवाड़ी मान बचावण नै,

हूं पाछ नहीं राखी रण में बैर्यां री खात खिडावण में,जद याद करूँ हळदीघाटी नैणां में रगत उतर आवै,सुख दुख रो साथी चेतकड़ो सूती सी हूक जगा ज्यावै,पण आज बिलखतो देखूं हूँ जद राज कंवर नै रोटी नै,तो क्षात्र-धरम नै भूलूं हूँ ,भूलूं हिंदवाणी चोटी नै...!% पाठकों को बताता चलूं कि सेठिया जी राष्ट्र पिता गांधीजी से बड़े प्रभावित थे। जानकारी मिलती है कि उन्हीं के प्रभाव से वे खादी के वस्त्र धारण करते थे, दलित उद्धार के कार्य करते थे तथा राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत रचनाएं लिखा करते थे। इनकी रचना %अग्निवीणा% तो अंग्रेजी हुकूमत को ललकार थी, जिसके कारण उन पर राजद्रोह का केस भी लग गया था तथा इसके कारण इन्हें जेल भी जाना पड़ा था। इतना ही नहीं आप बीकानेर प्रजामंडल के सदस्य भी रहे तथा भारत छोड़ों आंदोलन के दौरान कराची में इन्होंने जनसभाएं कर लोगों को जागृत करने की दिशा में कार्य किया। आपने मायड़ भाषा राजस्थानी की मान्यता और उसे जीवन्त रखने के लिए भी काफी संघर्ष किया था। अंत में यही कहूंगा कि सेठिया जी ने राजस्?थानी भाषा में रचे बसे मिठास से न केवल राजस्?थान अपितु पूरे भारतवर्ष को परिचित करवाया। ऐसे सच्चे समाज सुधारक, स्?वतंत्रता सेनानी व राजस्?थानी भाषा के इस सपूत का 11 नवम्?बर, 2008 को निधन हो गया लेकिन उनकी रचनाएं आज भी हम सभी के जेहन में हैं और युगों युगों तक हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी।



सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड। मोबाइल 9828108858

# लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत की सार्थक पहल

दि ग्राम टुडे , दरभंगा ~ चाइल्ड पोर्नोग्राफी यानी बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करने, उन्हें देखने या किसी से साझा करने को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना तकनीक कानून के तहत अपराध करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े देश के सभी गैरसरकारी संगठनों ने स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे देश के 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस (जेआरसीए) की याचिका पर आया। शीर्ष अदालत ने जेआरसीए की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसने कहा था कि इस तरह की सामग्रियों को डाउनलोड करना और देखना दंडनीय अपराध नहीं है, यह सिर्फ नैतिक पतन है। जेआरसीए के सहयोगी संगठन काड्र्स दरभंगा ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह साइबर जगत में बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।फैसले में शीर्ष अदालत ने सरकार को यह भी निर्देश दिया कि वह पॉक्सो कानून में ÷चाइल्ड पोर्नोग्राफी÷ की जगह ÷बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार सामग्री÷ शब्द का इस्तेमाल करे ताकि जमीनी हकीकत और इस अपराध की गंभीरता एवं इसके विस्तार को सही तरीके से परिलक्षित किया जा सके।देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए इस अहम फैसले का स्वागत करते हुए काड्र्स के शशिभूषण प्रसाद ने कहा, ÷यह बेहद महत्वपूर्ण क्षण है। साइबर जगत में बच्चों को पग-पग पर खतरा है जहां आदमी की खाल में छिपे भेड़िये बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्रियों की तलाश में रहते हैं। ये बच्चों के यौन शोषण के वीडियो डाउनलोड करते हैं, इन्हें देखते हैं और दूसरों से साझा करते हैं। लेकिन इस फैसले के बाद अब इस तरह के विकृत तत्व अपने घर में अकेले में भी इस तरह के वीडियो देखने व साझा करने पर बच नहीं पाएंगे।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस ने जनवरी 2024 में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी। मद्रास हाई कोर्ट ने बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करने व उन्हें देखने को पॉक्सो और सूचना तकनीक (आईटी) अधिनियम के तहत अपराध नहीं मानते हुए 28 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामले को खारिज कर दिया था। मद्रास हाई कोर्ट ने आईटी व पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे आरोपी को बरी करने के लिए केरल हाई कोर्ट के फैसले पर भरोसा किया था। शीर्ष अदालत के इस ऐतिहासिक फैसले पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए याची और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, ÷भारत ने दुनिया भर में फैले और संगठित अपराधों की रोकथाम और उससे बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बार फिर दुनिया को रास्ता दिखाते हुए एक विस्तृत रूपरेखा की आधारशिला रखी है। यह एक दूरगामी फैसला है जिसका असर पूरी दुनिया में होगा। संगठित अपराधों और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के मामले में यह फैसला इतिहास में अमिट रहेगा। जब भी कोई व्यक्ति बच्चों के अश्लील वीडियो या उनके यौन शोषण की सामग्रियों की तलाश करता है या उन्हें डाउनलोड करता है तो वह वस्तुत~ बच्चों से बलात्कार की मांग को बढ़ावा दे रहा होता है। यह निर्णय %बाल पोर्नोग्राफ़ी% से जुड़ी हमारी उस पारंपरिक समझ को भी तोड़ता है जो इसे वयस्कों के मनोरंजन के तौर पर देखती है। इस आदेश के बाद लोग बच्चों के यौन शोषण और इससे जुड़ी सामग्रियों को एक अपराध के तौर पर देखना शुरू करेंगे।÷ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस ने जनवरी 2024 में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी। मद्रास हाई कोर्ट ने बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करने व उन्हें देखने को पॉक्सो और सूचना तकनीक (आईटी) अधिनियम के तहत अपराध नहीं मानते हुए 28 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामले को खारिज कर दिया था। मद्रास हाई कोर्ट ने आईटी व पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे आरोपी को बरी करने के लिए केरल हाई कोर्ट के फैसले पर भरोसा किया था। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने अदालतों को यह भी आदेश दिया कि वे अदालती कार्रवाइयों एवं आदेशों में ÷चाइल्ड पोर्नोग्राफी÷ के बजाय ÷बाल यौन शोषण व दुर्व्यवहार सामग्री÷ शब्द का प्रयोग करें। खंडपीठ ने कहा कि बच्चे के साथ यौन शोषण व उत्पीड़न की एक भी घटना उसे अवसाद में धकेल देती है। जब-जब उसके शोषण व उत्पीड़न की तस्वीरें या वीडियो देखे या किसी के साथ साझा किए जाते हैं, तब-तब यह बच्चे के अधिकारों व उसकी गरिमा का उल्लंघन है। इधर , काड्र्स के दरभंगा जिला समन्वयक नारायण कुमार मजुमदार ने भी उक्त फैसले का स्वागत किया है।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव पहुंची अयोध्या,राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से किया मुलाकात

दी ग्राम टुडे न्यूज
अंकित अग्रवाल

अयोध्या,स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की छोटी पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव पहुंची अयोध्या,राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से किया मुलाकात, कार सेवक पुरम में राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा अशोक सिंघल के स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में लिया भाग,अयोध्या पहुंची अपर्णा यादव का बयान,अयोध्या है पावन धरती यहां आकर लगता है हमेशा अच्छा, राम भारत के है आदर्श, राम बसे हैं सबके मन में,500 वर्षों के संघर्ष का विराम प्रधानमंत्री के करकमलों से हुआ, कार सेवकों को भी है धन्यवाद, जिन्होंने इस लड़ाई में लिया है बढ़ चढ़कर हिस्सा, उन्हीं की प्रेरणा से रामलला है भव्य मंदिर में स्थापित, राहुल गांधी के द्वारा रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर दिए गए विवादित बयान पर भड़की अपर्णा यादव, राहुल गांधी ने नहीं देखा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अच्छे से,उद्योगपति क्या नहीं है देश का हिस्सा,प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर किया है फूलों की वर्षा, पहली बार हुआ है इतिहास में, राहुल गांधी के घर में थे तीन-तीन प्रधानमंत्री कोई एक व्यक्ति बता दें जिन्होंने सेवकों के धुले हो पाव,किया हो पुष्प वर्षा,लोगों के स्वागत और अभ्यागत में अयोध्या की जनता भी थी इंवॉल्व,राहुल गांधी चीन के प्रधानमंत्री से चले गए थे मिलने, कहीं का प्रधानमंत्री आता है तो उसका होता है एक प्रोटोकॉल, राहुल गांधी देश को भड़काने वाला भाषण देकर नहीं कर पाएंगे कुछ भी, अपनी राजनीति चमकाने के लिए प्रधानमंत्री और रामलला पर बोले तो गिरेंगे गर्त के गड्ढे में, नहीं उभार पाएगा कोई,समाजवादी सांसद अफजाल अंसारी के द्वारा साधु संतों पर दिए गए विवादित बयान पर भी अपर्णा यादव ने दिया प्रतिक्रिया,इस तरह की गलत बयान बाजी करके चमकाना चाहते हैं अपनी राजनीति, इस तरह की बयान बाजी से साधु समाज पर नहीं पड़ेगा कोई भी फर्क, अखिलेश यादव के मठाधीश माफिया के बयान पर भी अपर्णा यादव ने दिया नसीहत, उनके अपने विचार हैं उनके अपने हैं बयान, हर व्यक्ति को अपने अभिव्यक्त की है आजादी,अगर आप हैं किसी अच्छे पद पर और सदन में तो अच्छी तरह मर्यादित रह कर देना चाहिए बयान,अखिलेश यादव भाषण देकर विपक्षियों पर टिप्पणी कर के अपनी राजनीति ना चमकाएं, इस तरह की नहीं करनी चाहिए बात, महिला आरक्षण पर बोली अपर्णा यादव 33त्न का जो आरक्षण प्रधानमंत्री ने किया है ना पहले कभी हुआ था ना होगा, 2027 में हो जाएगा लागू,हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है बड़ा काम, तिरुपति बालाजी में चर्बी युक्त प्रसाद को लेकर भी दिया प्रतिक्रिया,भगवान के प्रसाद में मिलावट करना है बहुत गलत बात, सही तरह से जांच करके होनी चाहिए करवाई दोषियों को मिले कड़ी सजा,उपचुनाव को लेकर अपर्णा यादव ने दिया बड़ा बयान,उपचुनाव होगा देखने वाला, हम सभी कर रहे हैं उपचुनाव के लिए मेहनत, प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथ सबके विकास पर जीतेंगे के चुनाव-- अपर्णा यादव उपाध्यक्ष महिला आयोग

# जिलाधिकारी ने थाना दिवस के अवसर पर थाना दन्नाहार में फरियादियों की शिकायतें सुनी

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा

मैनपुरी 28 सितम्बर 2024- जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना दन्नाहार, करहल में फरियादियों की शिकायतें सुनने के दौरान प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को आदेशित करते हुए कहा कि भूमि संबंधी विवादों की शिकायतों के समाधान के प्रति बेहद संवेदनशील रहें, भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर थाने से ही पुलिस, राजस्व कर्मियों की टीम गठित कर मौके पर भेजकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में समस्या का निदान करायें, टीम को क्षेत्र में भेजने पर थाने की जी.डी. में पूरा विवरण अंकित किया जाए साथ ही टीम के वापस आने पर मौके पर की गई कृत कार्यवाही का भी विवरण पंजिका में अंकित किया जाए, भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर विलंब न हो यदि मौके पर किसी के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जाए तो उसे शांतिभंग की धाराओं में पाबंद किया जाए। उन्होने कहा कि पैमाइश, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर प्रभावी कार्यवाही करे, एक बार पैमाइश, कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाये तो उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने थाने पर मौजूद राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों से कहा कि भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें मिल रही हैं,सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र की विवादित भूमि का रजिस्टर तैयार करें, क्षेत्र की विवादित भूमि की जानकारी रखें, सार्वजनिक भूमि पर कहीं अनाधिकृत कब्जा हो तो उसे प्राथमिकता पर हटवाना सुनिश्चित करें, थाना समाधान दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस में विवादित भूमि के प्राप्त प्रकरण के संबंध में राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर जाकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करें, मौके पर मौजूद संभ्रांत व्यक्तियों के भी कृत कार्यवाही पर हस्ताक्षर कराए जाएं। उन्होने कहा कि जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर विलंब न हो, फरियादी को तत्काल राहत मिले, आमजन के बीच संदेश पहुंचे कि शासन-प्रशासन उनकी शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के लिए संवेदनशील है। थाना दन्नाहार में शिकायतें सुनने के दौरान जब नगला सकरा मौजा बड़ा गांव नि. बालकराम, रवि, सत्यवीर आदि ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि सदियों पुराने देवस्थान गमा देवी को जाने वाले आम रास्ते को दंबग भू-माफियाओं द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर निर्माण कर दीवाल लगाकर बोरिंग कर रास्ते को रोक दिया गया है, जिस पर उन्होने थानाध्यक्ष दन्नाहार, क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देशित करते हुये कहा कि आज ही मौके का स्थलीय निरीक्षण कर दोनों पक्षों, गांव के संभ्रात व्यक्तियों से संवाद कर जानकारी करें, यदि शिकायत सही हो तो अवैध रूप से निर्माण कर रास्ता अवरूद्ध करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें, बम्हौरी अवाहार नि. मिथलेश ने गाटा संख्या-1093 पर दंबगों द्वारा किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने की मॉग अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से की, जिस पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को न्यायोचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान उप जिलाधिकारी करहल नीरज कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल, दन्नाहार आदि उपस्थित रहे।

# यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के कुशल नेतृत्व में अमापुर तिराहे पर चलाया गया चेकिंग अभियान



कासगंज जनपद कस्बा अमापुर तिराहे पर सड़क किनारे ठेले और टेंपू लगाए थे जिन्हे हटवाया गया और 03 टेंपू सीज किए गए और स्कूल बसों और ईको मैं छमता से अधिक बैठे बच्चों वाले स्कूली वाहनों के चालान किए गए और मोडीफाइड साइलेंसर/ड्रंक एण्ड ड्राइव/तीन सवारी/ बिना हेलमेट/ब्लैक फिल्म /लाल नीली बत्ती/एचएसआरपी नंबर प्लेट/नाबालिक द्वारा गाड़ी चलाई जाने पर/मोबाइल फोन पर बात करने वाले/मालवाहक वाहन में सवारी बिठाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 95 वाहन चालकों के चालान किए गए इस मौके पर ड्यूटी पर यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह मुख्य आरक्षी यातायात विजय सिंह होमगार्ड यातायात अवधेश कुमार योगेश कुमार रची चालक विपिन कुमार के साथ अमापुर तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया ।

# बीकापुर भाजपा विधायक अमित सिंह चौहान बनाये गए लोक लेखा समिति के सदस्य, योगी सरकार ने दी जिम्मेदारी

दि ग्राम टुडे संवाददाता
बीकापुर कामता शर्मा
अयोध्या बीकापुर

बीकापुर भाजपा विधायक अमित सिंह चौहान बनाये गए लोक लेखा समिति के सदस्य, योगी सरकार ने दी जिम्मेदारी, मां शोभा सिंह चौहान बीकापुर विधानसभा से रह चुकी हैं विधायक तो वहीं पिता स्व~ मुन्ना सिंह चौहान यूपी सरकार में रह चुके हैं सिंचाई मंत्री। योगी सरकार में पद मिलने से भाजपा विधायक अमित सिंह चौहान का प्रदेश की योगी सरकार में कद बढ़ा।



# भाजपा सरकार में किसान, छात्र, व्यापारी, अध्यापक, नौजवान सभी परेशान - किरणपाल कश्यप

मिर्जापुर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान परिषद के सचेतक व लोक लेखा समिति के सदस्य एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, छात्र, व्यापारी, अध्यापक, नौजवान सभी परेशान है।

श्री कश्यप ने अघौली व मुलवां गांव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि विधानसभा उपचुनाव की जब भी घोषणा होगी जीत समाजवादी पार्टी की होगी। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बेईमानी करके लोकसभा चुनाव जीता है। जनता आने वाले चुनाव में इनको बदलकर ही दम लेगा। कहा कि जो भी समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी होगा उसे जिताने का काम करें। सरकार के दिन लद चुके है। क्षेत्र की जनता आने वाले चुनाव में इन्हे उखाड़ फेकेगी।



इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी कहा कि अखिलेश यादव जी जो भी प्रत्याशी तय करेंगे उसे जिताने का काम आप लोग करेंगे। इस सरकार में चारो तरफ हत्या, लूटपाट की घटनायें बढ़ी है। मंहगाई के कारण जनता की कमर टूट गई है।

इस दौरान सभा में सम्बोधित करने वालों में दामोदर प्रसाद मौर्य, रोहित शुक्ला 'लल्लू', रामगोपाल बिन्द, रामजी बिन्द, झल्लू यादव, संतोष गोयल, दीपक बिन्द, अविनाश बिन्द आदि सैकड़ो लोग रहे।

# मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को ट्रांजिट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनी

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा

मैनपुरी 28 सितम्बर 2024- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज ट्रांजिट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि जनता दर्शन में सार्वजनिक भूमि, चकरोड पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि चकमार्गो पर अवैध कब्जे की शिकायतों को राजस्व विभाग गंभीरता से लें, मौके पर पैमाइश कराकर तत्काल चकमार्ग खाली कराया जाए, पैमाइश में किसी के साथ पक्षपात न हो, जिस किसी के द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा किया गया हो, उसके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर पुलिस, राजस्व कर्मी मौके पर जाकर प्रभावी कार्यवाही करें, अनाधिकृत कब्जा करने वालों को भू-माफिया में चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, कोई भी दबंग व्यक्ति किसी गरीब की भूमि पर काबिज न रहे, सुनिश्चित किया जाए।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं का भी प्राथमिकता पर निदान हो, किसी भी कृषक को खाद, बीज, डीएपी आदि के लिए परेशान न होना पड़े, सभी सहकारी समितियो पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी उपलब्ध रहे, कोई भी खाद, बीज विक्रेता ओवरेटिंग न करें, किसानों को निर्धारित मात्रा, निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार की संचालित लाभार्थी पारक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को आसानी से मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय योजना, वृद्धा, निराश्रित महिला, दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, पात्रों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, किसी भी योजना में कोई अपात्र व्यक्ति लाभान्वित न हो। आज जन-सुनवाई के दौरान ग्राम ठलौआपुर नि. सुभाष ने मानसिंह के घर से रामस्वरूप के घर तक 70 मीटर सीसी. रोड बनवाये जाने, ग्राम अटा नि. निवेश ने नलकूप लगवाने, ज्योति रोड नि. रंजीत ने 150 मीटर सीसी. रोड, नाली का निर्माण कराये जाने, ग्राम खिरिया नि. रंजीत ने गांव में बारात घर बनवाने, ग्राम गढ़िया नि. सुशीला देवी ने रूकी हुयी विधवा पेंशन को चालू कराने, ग्राम कनिकपुर नि. राम कुमार, करहल नि. रचना ने मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मॉग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की।

इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अजय सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह के अलावा उदय चौहान, अर्जुन सिंह, लालू जादौन, सर्वेश कुमार, अन्य पार्टी पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को भी सम्मलित किया

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा

मैनपुरी 28 सितम्बर 2024- मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक सभी व्यक्तियों को योजना मे सम्मलित किया गया है। जिससे बुजुर्ग लोगों को बीमारी के बोझ का अतिरिक्त भार नहीं उठाना पड़ेगा, वृद्धावस्था में रोगों से घिरने की प्रबल सम्भावना होती है, ऐसे मे यह योजना बुजुर्ग लोगों के हित मे बहुत ही लाभकारी कदम है। उन्हाने बताया कि 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्ग पात्रता में आयेंगे, अन्य किसी पात्रता की आवश्यकता नहीं है, किसी भी सरकारी चिकित्सालय, नजदीकी जनसेवा केंद्र से या स्वयं, परिवार की मदद से वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट को कंप्युटर सिस्टम पर लॉगिन करे। चयन कर किसी भी मोबाइल नम्बर का प्रयोग कर लॉगिन करने के बाद दिखाई दे रही फोटो मे क्लिक करें, लाभार्थी का आधार कार्ड एवं कैप्चा डालकर सबमिट करे। यदि आप किसी अन्य योजना के अंतर्गत पहले से ही आयुष्मान योजना के लाभार्थी है। तो उस योजना का चयन कर परिवार संख्या अंकित करे। यदि पहले से योजना के लाभार्थी नहीं है तो नहीं का चयन करें, लाभार्थी का फोटो खींचे, लाभार्थी का पता आधार के अनुसार अपडेट करें, परिवार के अन्य सदस्यों की सूचना भी अंकित करते हुए आवेदन कर कार्ड डाउनलोड कर लें।

# यूनियन के द्वारा गरीब का खोया हुआ मोबाइल लौटाया गया




उत्तर प्रदेश उन्नाव ज्ञात हो कि गत दिनों सरसौल निवासी दीप चंद्र जोकि मजदूरी करता है किसी काम से रामादेवी जा रहा था सवारी न मिलने पर वहा से गुजर रहा एक इंडेन गैस का ट्रक मिला जिसपर वो बैठकर जाने लगा, अपने गंतव्य पर पहुंच कर मोबाइल ट्रक में भूल गया जब ट्रक चालक को मोबाइल मिला तो उसने पेट्रोलियम प्रोडक्ट चालक परिचालक कर्मचारी संघ के कार्यालय में जाकर यूनियन अध्यक्ष आनंद तिवारी को मोबाइल देकर जानकारी दी, जिसके उपरांत आनन्द तिवारी ने दीपचंद से बात करके उसको अपने कार्यालय में बुलाया और जानकारी करने के उपरांत मोबाइल उसको सौंप दिया,

इस मौके पर माननीय सुखदेव मिश्र जी अध्यक्ष आनन्द कुमार तिवारी महामंत्री योगेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष दिनेश पांडे हेमराज वीरेंद्र यादव राजू जय माता की बउवन तिवारी धर्मेंद्र मिश्रा रवि सिंगर बबलू सिंह कुलदीप गोविंद राजू तोमर आदि लोग मौजूद रहे

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सतेन्द्र जोशी नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से अलंकृत

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

वृन्दावन।पिछले दिनों अयोध्या में संपन्न हुए हुए अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में ब्रज के वरिष्ठ साहित्यकार एवं श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सतेन्द्र जोशी को उनके द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए उत्कृष्ट लेखन के लिए नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान महामण्डलेश्वर स्वामी कंचन गिरि महाराज, श्रीश्री 1008 स्वामी संतोषानंद महाराज, देवभूमि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ.वी.पी सिंह आदि ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके दिया। ज्ञात हो कि डॉ. सतेन्द्र जोशी विगत् 8 वर्षों से श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका का सफल संपादन कर रहे हैं।साथ ही वे समाज सेवा के कार्य में भी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ जुटे हुए हैं।इसके अलावा वे प्रख्यात मोटिवेशन स्पीकर भी है। उनकी स्पीच देश के विभिन्न प्रांतों में प्राय~ होती रहती हैं।साथ ही उन्होंने हिन्दी और इंग्लिश भाषा में कई पुस्तकें भी लिखी है।जो कि काफी चर्चित और लोकप्रिय हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सतेन्द्र जोशी को नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से अलंकृत किये जाने पर ब्रज साहित्य सेवा मंडल, वृन्दावन के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, ब्रज जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. राधाकांत शर्मा व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व उप-निदेशक (सूचना व जनसंपर्क टी.पी. त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त किया है।साथ ही प्रभु से उनके उज्जवल व मंगलमय भविष्य की कामना की है।



# जीबीएम कॉलेज की प्रोफेसरों ने सीयूएसबी में सीखे आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीके



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रुखसाना परवीन, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रीति शेखर एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका कुमारी ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, टिकारी में जलवायु परिवर्तन एवं जीवन केन्द्र, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), भारत सरकार एवं बिहार आपदा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में ÷मेनस्ट्रीमींग डिजैस्टर रिस्क रिडक्शन (डीआरआर) एण्ड क्लाइमेट चेंज एडेप्टेशन (सीसीए) मीजर्स इन्टू डेवलपमेंट प्रोग्राम÷ विषय पर आयोजित चार-दिवसीय प्रशैक्षणिक कार्यक्रम-सह-कार्यशाला में भाग लिया। कॉलेज की जन संपर्क अधिकारी-सह-अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि कार्यशाला में बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, सूखा, अगलगी, भगदड़, सर्पदंश, वज्रपात, आँधी-तूफान, महामारी, चक्रवात, लू, शीतलहर, रेल तथा सड़क दुर्घटनाओं जैसी प्राकृतिक तथा आकस्मिक आपदाओं के समय हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गयीं, जिन्हें छात्र-छात्राओं एवं समाज के सभी लोगों से साझा करने की जरूरत है।

कार्यशाला में एनडीआरएफ की टीम द्वारा बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, सड़क तथा रेल दुर्घटनाओं के दरम्यान लोगों तक पहुँचायी जाने वाली सहायताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।

कार्यशाला को सीयूएसबी के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, एनआईडीएम की सीनियर कन्सल्टेंट डॉ. गरिमा अग्रवाल, जेएनयू के प्रोफेसर डॉ. के के शर्मा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना से आये विनय कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनजीत सिंह सहित देश के 20 विश्वविद्यालयों से आमंत्रित विद्वान प्रोफेसरों, वैज्ञानिकों एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, वीडियो तथा विश्लेषणात्मक आँकड़ों द्वारा प्रतिभागियों को पर्यावरणीय असंतुलन से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के खतरों के बारे में समझाया गया। आपदा तथा आकस्मिक परिस्थितियों में उठाये जाने वाले व्यक्तिगत एवं सामूहिक कदमों पर प्रकाश डाला गया।

डॉ रश्मि ने कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्द्धक तथा लाभप्रद बतलाते हुए कहा कि हम सभी को भविष्य में घटने वाली सभी तरह की प्राकृतिक आपदाओं एवं दुर्घटनाओं से निबटने के लिए पहले से ही शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक रूप से तैयार रहने की जरूरत है। कॉलेज पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण में गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में भी कार्यशाला में शामिल प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं को आपदाओं से सुरक्षित रहने संबंधित जानकारियाँ दी जायेंगी, ताकि वे भी अपने घर, परिवार और समाज के लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से जूझने हेतु तैयार रहने को प्रेरित कर सकें। हमें बढ़ते वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण पर भी रोक लगाने की जरूरत है, अन्यथा यह समस्या भी एक दिन प्राकृतिक आपदा का रूप ले सकती है। ज्ञातव्य है कि आपदा प्रबंधन का उद्देश्य आपदाओं के प्रभाव को कम करने के साथ जीवन, संपत्ति और बुनियादी ढांचे के नुकसान को न्यूनतम करना है। यह समुदायों के लचीलेपन को बढ़ाने और आपात स्थिति के दौरान विभिन्न हितधारकों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए तैयारी, प्रतिक्रिया, पुनर्प्राप्ति और शमन पर केन्द्रित है।

# जन सांस्कृतिक मंच के द्वारा संगोष्ठी और पुस्तक विमोचन 29 सितंबर को

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

मथुरा।गोविन्द नगर क्षेत्र स्थित होटल मनभावन में जन सांस्कृतिक मंच (मथुरा) के द्वारा 29 सितंबर 2024 को अपराह्न 04 बजे से संगोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अशोक बंसल ने बताया है कि वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती विनीता गुप्ता (दिल्ली) की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत ÷डरा हुआ समाज और पत्रकार÷ विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। जिसके मुख्य वक्ता अमर उजाला व जनसत्ता समाचार पत्र के पूर्व संपादक शम्भूनाथ शुक्ला एवं बीबीसी (हिन्दी) रेडियो के पूर्व संपादक राजेश जोशी होंगे।इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अशोक बंसल की पुस्तक ÷मेलबर्न जैसा मेंने देखा ÷ का विमोचन किया जाएगा।जिसे कि मथुरा के प्रख्यात प्रकाशक जवाहर पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

# उप केंद्र विद्युत विभाग ठेकमा पर गिरी आकाशी बिजली



बरदह आजमगढ़

बरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत आजमगढ़ उप केंद्र ठेकमा बीती रात आकाशी बिजली गिरी जिसमें जान माल का कोई खतरा नहीं हुआ तडीक चालक विद्युत केंद्र में लगने के कारण

# नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मोहला में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया





विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छ.ग. के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 27 सितंबर 2024 को

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, मोहला के इतिहास विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य जी. के. जोशी जी के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ मीनू रमन द्वारा किया गया। जिनका मुख्य उद्देश्य पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर से छात्रों को जागरूक करना एवं पर्यटन क्षेत्र में विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाना है। इस आयोजन के अवसर पर चित्र प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। प्रत्येक विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में डॉ. आकृति देवांगन, डॉ अमित कुमार गुप्ता, नूतन साहू, यशपाल साहू, लक्ष्मी नारायण एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# ब्राह्मण समाज के स्तंभ डा. सत्य देव के निधन पर षडदर्शन साधुसमाज एवं समाजसेवी संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया



डॉ. सत्य देव
12-08-1945 23-09-2024

वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।

कुरुक्षेत्र - धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्रतिष्ठित ब्राह्मण समाज के स्तंभ एवं ऋषभ औषधालय के संचालक डा. सत्य देव जो 23 सितंबर सोमवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में लीन हो गये है, उनके निधन पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा , षडदर्शन साधुसमाज, तीर्थ पुरोहित सभा पिहोवा, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार इत्यादि के इलावा कई समाजसेवी,धार्मिक संस्थाओं के साथ गणमान्यजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक ने बताया कि डा. सत्य देव जी का सारा जीवन समाजसेवा ब्राह्मण समाज के प्रति समर्पित रहा और इसके साथ ही वह जरूरतमंद रोगियों का उपचार भी निःशुल्क किया करते थे और गौमाता की सेवा का भाव तो उनके अंदर बाल्यकाल से ही था। कई वर्षो तक सनातन धर्म गौशाला का संचालन किया और आखरी समय में भी गौमाता की सेवा में समर्पित रहे।

उनके पुत्र डा. ऋषभ ने बताया कि उनकी आत्मिक शांति के निमित रखे गए गरुड़ पुराण पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी 4 अक्तूबर शुक्रवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक एवं ब्रह्मभोज 12 बजे स्थान सैनी समाज भवन नजदीक यात्री निवास पिहोवा रोड कुरुक्षेत्र में होगी।

# विकास खण्ड ठेकमा में कृतज्ञता अर्पण समारोह आयोजित हुआ



बरदह आजमगढ़

विकास खण्ड ठेकमा के ब्लॉक कार्यालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक मिशन प्रबंधक इकाई के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन, कृतज्ञता अर्पण समारोह आयोजित किया गया। विदित हो की ब्लॉक मिशन प्रबंधक डॉ. अभिषेक कुमार ने पिछले वर्ष नवाचार कार्य का नमूना पेश करते हुए स्वास्थ्य केंद्र ठेकमा में दीदी प्रेरणा कैंटीन का स्थापना करवाया था। इस कैंटीन को प्रदेश भर में मॉडल प्रेरणा कैंटीन बनाने में खण्ड विकास अधिकारी आलोक सिंह, सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सरायमोहन, सचिव अमित सिंह, लिपिक विवेका राय एवं सफाई कर्मी रमेश राम द्वारा कैंटीन निर्माण से अब तक विशेष सहयोग प्रदान किए जिसके उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सभी लोगों को मलयर्पण, अंगवस्त्र, विशेष भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में मौजूद चयनित समूह दीदियों को कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा पैरा एक्सटेंशन वर्क दीदी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ ब्लॉक मिशन प्रबंधक अमित चतुर्वेदी, रोशन राम, ऑपरेटर सचिन चौबे, बिनोद चौहान, बुक कीपर अनिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गाँधी जयन्ती पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेडक्रॉस सदस्य होंगे सम्मानित

तारकेश्वर विश्वकर्मा

ब्यूरो चीफ दि ग्राम टुडे

देवरिया । 02 अक्टूबर को गाँधी-जयन्ती के अवसर पर इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी देवरिया द्वारा सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया है । जहां उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले रेडक्रॉस के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा । यह जानकारी देते हुए उपसभापति, आई आर सी एस राज्य शाखा उत्तर प्रदेश अखिलेन्द्र शाही ने बताया कि जिले के रेडक्रॉस सोसाइटी के कर्मयोगी सदस्यों के निःस्वार्थ सहयोग एवं सेवा भावना से किये जा रहे कार्यों की बदौलत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी देवरिया की सामाजिक क्षेत्र में एक अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी भी विद्यार्थी को अच्छे अंक प्राप्त करने पर जब उसे सम्मान मिलता है, तो उसका उत्साहवर्धन होता है, उसी प्रकार किसी भी संगठन में उसके सदस्यों द्वारा किए जा रहे उचित कार्यों का जब समय-समय पर मूल्यांकन कर उन्हें उसके अनुरूप पुरस्कृत करने से उनका उत्साहवर्धन होता है तथा संगठन में और गतिशीलता आती है। इसे ध्यान में रखते हुए बुधवार को प्रातः 10 बजे



विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिले के उन सभी सदस्यों को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी देवरिया की अध्यक्ष जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने इंडियन रेडक्रास सोसायटी देवरिया के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष अलका सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेशचंद्र सिंह करेंगे।

# युवा पीढ़ी को शहीद-ए- आजम भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए - प्रो. सोमनाथ सचदेवा

वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।

कुवि में शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर किए श्रद्धासुमन अर्पित।

कुरुक्षेत्र, 28 सितम्बर - शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी मार्किट में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा व विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि युवा पीढ़ी को महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह के आदर्शों पर चलते हुए सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीद भगत सिंह ने अपने बलिदान से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई



ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । भगत सिंह जी के विचार, त्याग और देश प्रेम की भावना सदैव देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. रमेश भारद्वाज, प्रो. डीएस राणा, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. कुसुम लता, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. दीपक शर्मा, एक्सईएन राजपाल सहित शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने भी शहीद भगत सिंह को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# लुप्त होती लोककला सांझी को बचाने के लिए फिल्मी सितारों ने किया आह्वान

वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।

यशपाल शर्मा, मेघना मलिक, राजेन्द्र गुप्ता, अखिलेन्द्र मिश्र, अवतार गिल ने भेजा निमंत्रण

विरासत सांझी उत्सव 2 अक्टूबर से शुरू।

कुरुक्षेत्र - हरियाणा नहीं अपितु उत्तर भारत की समाप्त होती लोककला के संवर्द्धन एवं संरक्षण के लिए विरासत दि हेरिटेज विलेज द्वारा आयोजित चौथे सांझी उत्सव के प्रोत्साहन के लिए फिल्मी दुनिया के सितारों ने लुप्त होती इस कला को बचाने के लिए लोक कलाकारों एवं ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया है लोक कलाकारों को वीडियो के माध्यम से निमंत्रण संदेश भेजा है। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि यशपाल शर्मा लगान, गंगाजल, दादा लख्मीचंद जैसी 250 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता हैं। फिल्मी अभिनेत्री मेघना मलिक अम्मा जी एवं लाडो के नाम से विख्यात हैं, उन्होंने तारे जमीं पर, चलते-चलते, पिंजर, कुछ न कहो, वास्तु शास्त्र जैसी 50 से अधिक फिल्मों में अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्होंने बताया कि फिल्मी अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता जिन्होंने लगान,



मोहल्ला अस्सी, गुरु, अपने, मुंबई से आया मेरा दोस्त, लाडो, मिशन कश्मीर तथा दादा लख्मी चंद जैसी 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। इसी प्रकार फिल्मी अभिनेता अवतार सिंह गिल ने शहंशाह, बादशाह, अग्निपथ, बागी, दिल है कि मानता नहीं, सडक़, बागबान, वज़ीर जैसी 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। चन्द्रकाता टीवी सीरियल में क्रूर सिंह के नाम से विख्यात फिल्मी अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्र सरफरोश, लगान, अतिथि तुम कब जाओगे, दिल्ली 6 जैसी 100 से अधिक फिल्मों में कार्य किया है। फिल्मी अभिनेता संदीप बसवाना जिन्होंने सास भी कभी बहू थी, उड़ान, दिल दियां गलां आदि नाटकों एवं फिल्मों अभिनय किया है। डॉ. पूनिया ने बताया कि चन्द्रावल एवं लाडो बसंती जैसी हरियाणवी फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता अनूप लाठर, दंगल सहित अनेक फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता जगबीर राठी सहित सभी ने सांझी उत्सव की लुप्त होती कला को फिर से पुर्नजीवित करने के लिए लोककलाकारों एवं ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया है। डॉ. पूनिया ने बताया कि विरासत द्वारा आयोजित यह चौथा सांझी उत्सव है। यह उत्सव 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 तक चलेगा जिसमें हरियाणवी खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# बारिश का पानी निकालने को लेकर दबंगों ने कुल्हाड़ी भांज तीन सगी बहनों को किया घायल,हालत गंभीर -

दि ग्राम टूडे ब्यूरो

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर )। थाना क्षेत्र के करनौली गांव में शनिवार को बारिश का पानी निकालने को लेकर दबंगों द्वारा तीन सगी बहनों पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां तीनों की हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के करनौली गांव में शनिवार को हुई तेज बारिश का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों मे विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई । जिसमें एक पक्ष के कुछ लोग कुल्हाड़ी लेकर घटना स्थल पर पहुंच गये तथा दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला बोल दिया। जिसमें नीलम पटेल (26) शोभावती (23) आरती (20 )पुत्री अमरनाथ पटेल गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने हमले में घायल तीनों सगी बहनों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया । जहां तीनों बहनों की हालत गम्भीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया । मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने दो हमलावरों को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है।

# गुरुवार की आधी रात लापता हुई बिजुरिया की तलाश में दूसरे दिन भी हलाकान रहे स्वजन ,नहीं लगा सके सुराग

बृजेश पाण्डेय

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) । गुरुवार की आधी रात अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हुई बिजुरिया की तलाश में जुटे स्वजनों को दूसरे दिन भी मायूस होकर लौटना पड़ा। बिजुरिया की तलाश में जुटे उसके स्वजनों को शुक्रवार को दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद भी जहां उसकी तलाश करने में विफल रहे वहीं शनिवार को भी उन्हें बिजुरिया की तलाश करने में असफलता ही हाथ लगी। आलम यह रहा कि शनिवार को बिजुरिया की तलाश में लाव लश्कर के साथ उतरे एसडीओ आलोक कुमार उपाध्याय सड़क नापते रहे लेकिन बिजुरिया का सुराग नहीं लगा सके। बताया जाता है कि बिजुरिया की तलाश में उन्होंने नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर के स्काई लिफ्ट को भी मंगवा कर मोर्चे पर लगा दिया लेकिन सफलता हासिल नहीं कर सके।

आलम यह रहा कि मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दूसरे दिन भी समाचार लिखे जाने तक बहाल नहीं हो सकी थी। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त होने के कारण नगर की पेयजलापूर्ति पर बुरा प्रभाव पड़ा। लोगों को पेयजलापूर्ति की समस्या से निजात दिलाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शनिवार की शाम 5 बजे से 7 बजे तक दो घंटे के लिए जनरेटर से पंपों को चला कर पेयजलापूर्ति की गई। इस सम्बन्ध में जानकारी हेतु जब एसडीओ आलोक कुमार उपाध्याय एवं अवर अभियंता आशीष पटेल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो दोनों अधिकारियों के सीयूजी मोबाइल फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताये। जिससे उनसे सम्पर्क नहीं हो सका। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

# शांति समिति की बैठक में दलालों की दखलंदाजी से नाराज पत्रकारों एवं प्रबुद्धजनों ने किया बहिष्कार

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर)। पर्वों को सकुशल संपन्न कराने हेतु जहां जिला प्रशासन पूरी तरह सामंजस्य बनाए रखने हेतु बैठक आयोजित कर लोगों से सलाह मशविरा कर पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु कटिबद्ध रहता है वहीं मुंगराबादशाहपुर थाने में आयोजित होने वाली शांति समिति की बैठकों में दलालों की दखलंदाजी बढ़ने से नाराज स्थानीय पत्रकारों एवं नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा भी बहिष्कार किये जाने का मामला चर्चा का विषय बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार शारदीय नवरात्रि पर्व पर मनायें जाने वाले दुर्गापूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को मुंगराबादशाहपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी ।

बताया जाता है कि बैठक में स्थानीय पत्रकारों के साथ ही दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त सहित नगर के अन्य प्रबुद्ध जनों द्वारा भी बैठक का बहिष्कार कर दिया गया। जिससे बैठक की उपयोगिता पर ही सवाल खड़े हो गए । बताते चलें कि मुंगराबादशाहपुर थाना में होने वाली शांति समिति की बैठकों में तथाकथित दलालों द्वारा समस्या उठाने वालों की आवाज को दबाने का प्रयास किए जाने से नाराज पत्रकार एक मत होकर थाने में होने वाली शांति समिति की बैठकों का बहिष्कार कर बैठकों में हिस्सा नहीं लेते हैं। जिसके बाद अब नगर के प्रबुद्ध जन भी बैठक का बहिष्कार कर दिया । आलम यह रहा कि बैठक में तथाकथित दलाल से लेकर तथाकथित भूमाफिया एवं उनके समर्थकों की उपस्थिति में ही बैठक का कोरम पूरा करना पड़ा।

# पाकिस्तान में रोटी के लिए छीना- झपटी हो रही, हम फ्री में राशन दे रहे - योगी आदित्यनाथ





हरियाणा संवाददाता

डा. होशियार सिंह यादव,कनीना। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पड़ोसी देश पाकिस्तान को निशाने पर रखते हुए कहा है कि पाकिस्तान में रोटी के लिए छीना झपटी हो रही है वही हम देश के लोगों को फ्री राशन वितरित कर रहे हैं।

वे शनिवार को हरियाणा के अटेली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आरती सिंह राव के समर्थन में क्षेत्र के गांव भोजावास में एक विशाल जन आशीर्वाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सुरक्षा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, धारा 370 से कश्मीर के आतंकवाद पर प्रहार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज मोदी जी के नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में सुरक्षा, शासन, विकास के नित नए किर्तिमान स्थापित कर रहा है विकास की नई-नई योजनाओं को लाकर के आज के युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप अन्नदाता किसानों की भावनाओं के अनुरूप विकास के नए-नए मॉडल प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

योगी ने कहा कि हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो उसकी शुरुआत गांव से शुरू होती है, किसान से शुरू होती है,युवा से शुरू होती है, महिला से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि 2029 में देश की लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक जब पारित हो उससे पहले अटेली विधानसभा क्षेत्र से आरती सिंह राव को विधानसभा में भेज कर साबित कर दे नारी शक्ति वंदन विधेयक अटेली ने 2024 मे लागू कर दिया है। आरती सिंह राव विधानसभा में पहुंचेगी तो नारी शक्ति को सम्मान मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने संकल्प लिया कि बिना भेदभाव के देश का विकास करेंगे। गांव के लिए, गरीब के लिए, किसान नौजवान के लिए ,महिलाओं के लिए, समाज के प्रत्येक तबके लिए कार्य करेंगे। आज आप देख रहे होंगे कि हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार है मेट्रो भी आ गई, रोड की बेहतर कनेक्टिविटी हो गई, निवेश भी आ रहा है, रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक ध्रुवीकरण भारत के बगैर नहीं हो सकता । जो कार्य 75 वर्षों में नहीं हो पाया 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना डबल इंजन सरकार ने 500 वर्षों की समस्या का समाधान हमेशा हमेशा के लिए कर दिया अयोध्या में राम मंदिर बनाने का कार्य किया। कांग्रेस के शासनकाल में महर्षि वाल्मीकि के नाम से किसी एयरपोर्ट का नाम नहीं हुआ अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम से डबल इंजन की सरकार ने किया। कांग्रेस घोटाला करना जानती है। इनेलो का तो इतिहास ही गड़बड़ है। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में है। दिल्ली को तो उन्होंने कूड़े के देर में तब्दील कर दिया है यह बात किसी से छुपी नहीं है। इसलिए अनुरोध कर रहा हूं कि भाजपा की सरकार बनाने के लिए एक-एक प्रत्याशी को भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जीताने के लिए जुट जाएं।

उन्होंने कहा कि अटेली में एक समृद्ध विरासत को आगे बढने् का अवसर आपके पास है, जिन्होंने हरियाणा के लिए अपना योगदान दिया। केंद्रीय मंत्री के रूप में राव इन्द्रजीत सिंह ने हरियाणा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राव इन्द्रजीत सिंह गुडगांव के सांसद हैं गुडग़ांव उत्तर भारत का एक बेहतरीन औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है। लाखों नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलने का कार्य हो रहा है। नए-नए रोजगार स्थापित करने के अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अटेली में भी कमल के निशान पर 5 अक्तूबर को अधिक से अधिक मतदान करें। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2014 में जब मैं सांसद बना और केंद्र में मंत्री बना तो योगी आदित्यनाथ की और मेरी कुर्सी बराबर में होती थी उनसे मेरा पुराना रिश्ता है इसलिए मैंने योगी आदित्यनाथ को यहां पर चुनाव प्रचार में बुलाया है। उन्होंने कहा कि आप से मेरा पुराना रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ ,अटेली, नारनौल व नांगल चौधरी ने 36 बिरादरी ने मुझे राजनीतिक में हमेशा सहयोग दिया है जिनकी बदौलत राजनीतिक मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। आप सब से निवेदन करता हूं कि 5 अक्टूबर को भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के निशान पर बटन दबाकर आरती सिंह राव को भारी बहुमत से विधानसभा में भेजने का कार्य करें। कार्यक्रम में अटेली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आरती सिंह राव ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत में यहां पहुंच कर स्वागत किया है, इस तरह 5अक्टूबर को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर मुझे विधानसभा में भेजने का कार्य करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, नारनौल से भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकश यादव, निवर्तमान विधायक सीताराम यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी,शंकर सिंह धूपड, मनीष मित्तल, डा. राकेश कुमार जिला प्रमुख , जिलाध्यक्ष दयाराम यादव , चेयरमैन जयप्रकाश, विकास यादव, कुलदीप यादव, सतबीर नौताना, नरेश एडवोकेट, रामअवतार भोजावास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बारिश से भरभरा कर गिरे कच्चे माकान में दबकर मरी दो भैंस –

दि ग्राम टूडे ब्यूरो

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर)। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चेरापुर तरहठी गांव में शुक्रवार से ही हो रही भारी बारिश से शुक्रवार की रात में कच्चा माकान भरभरा कर गिर गया जिसके मलबे में दबकर दो भैंसों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चेरापुर तरहठी निवासी रामसुमेर यादव का कच्चा माकान है।एक हिस्से में परिजनों सहित वह रहते हैं जबकि दूसरे हिस्से में पशुओं को बांधते हैं। दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश से शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे उनका एक तरफ का कच्चा माकान भरभरा कर गिर गया । जिसमे उनकी दो भैंस दब गई। गनीमत यह थी रिहायशी हिस्सा सही सलामत रहा।लोगों की मदद से भैंसों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया लेकिन तब तक मलबे के नीचे दबने से दोनों भैंसों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार संतोष यादव, कानून गो श्री राम, लेखपाल धीरज सिंह मौक़े पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। नायब तहसीलदार द्वारा पीड़ित को यथासंभव आश्वासन दिया कि यथासंभव सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया गया।

## मेरे बेटे का दोष नहीं, कोई नियम नहीं टूटे', बेटे की रील वायरल हुई तो डिप्टी CM बैरवा ने दी सफाई; अब उठे ये सवाल

जसवंत सेन जयपुर राजस्थान

जयपुर सोशल मीडिया पर बेटे की रील वायरल होने के बाद शुक्रवार को डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सफाई दी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बैरवा ने कहा कि उनका बेटा अभी स्कूल में पढ़ता है, अभी तो 18 साल का भी नहीं हुआ है। वो तो उसके दोस्तों के साथ था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की गाड़ी सुरक्षा के लिए थी, न कि एस्कॉर्ट कर रही थी। बैरवा ने अपने बेटे को दोषी ठहराने पर नाराजगी जताई। बता दें वीडियो वायरल होने के बाद उनके बेटे पर ट्रैफिक नियम तोड़ने और पुलिस एस्कॉर्ट का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे।

बेटा अभी तो 18 साल का भी नहीं हुआ- बैरवा

दरअसल, बेटे की रील वायरल होने पर पत्रकारों ने डिप्टी ष्टरूप्रेमचंद बैरवा से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा बच्चा सीनियर स्कूल में पढ़ता है, अभी तो 18 साल का भी नहीं हुआ, ये सब तो उसके स्कूल के दोस्त हैं। मैं तो प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहूंगा कि मुझे उपमुख्यमंत्री बनायाज्अगर उपमुख्यमंत्री बनने के बाद मेरे बेटे को भारी पैसे वाले लोग अपने साथ बैठाते हैं तो बच्चा भी अच्छी-अच्छी गाड़ियों को देख रहा हैज्मैं तो धन्यवाद मानूंगा कि मेरे बेटे को वहां तक लोग पूछने लगे हैं।

मैं मेरे बच्चे को कोई दोष नहीं देता हूं

वहीं, उपमुख्यमंत्री बैरवा से यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने का सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि इसमें यातायात की कहां धज्जियां उड़ीज्पुलिस तो मेरे बच्चे की सुरक्षा के लिए पीछे चल रही थी गाड़ी, ना कि एस्कॉर्ट कर रही थी। लोगों को इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए, अगर वो कर रहे हैं तो करें, लेकिन मैं मेरे बच्चे को कोई दोष नहीं देता हूंज्क्योंकि वो बच्चे स्कूल के दोस्तों के साथ थे, इसमें ऐसी कोई बात नहीं है।बता दें, बीते गुरूवार को डिप्टी ष्टरू प्रेमचंद बैरवा और कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज के बेटे की एक रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इस वीडियो में एक खुली जीप में चार युवक बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिनको राजस्थान पुलिस की एक गाड़ी एस्कॉर्ट करती हुई नजर आ रही है। इसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने राजस्थान पुलिस की जमकर क्लास लगाई थी।

यूजर ने फिर लगाई क्लास

वहीं, एक यूजर पलक बिश्नोई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कुछ समय पहले कानून पास किया था कि नाबालिग बच्चे को गाड़ी चलाने के लिए दी तो पेरेंट्स पर जुर्माना होगा, उस कानून का क्या हुआ? क्योंकि प्रेमचंद बैरवा के मुताबिक उनका बच्चा अभी 18 साल का नहीं हुआ है।

सोशल मीडिया पर यूजर के कमेंट

एक अन्य यूजर ने कहा कि खुलेआम यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ा रहा डिप्टी ष्टरूप्रेमचन्द बैरवा का लड़का अभी तक नाबालिग है, ये बात खुद डिप्टी ष्टरूकह रहे हैं। इस तरह सरकारी गाड़ी का दुरूपयोग कर एस्कॉर्ट करवा रहे हैं।

## राजस्थान में 23,820 पदों पर निकली भर्ती

जसवंत सेन जयपुर राजस्थान जयपुर

राजस्थान के लाखों युवाओं का इंतजार खत्म हो गया है। प्रदेश सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकली है। स्वायत्त शासन विभाग ने इसका नोटिफिकेशन 27 सितंबर की देर रात जारी किया है। राजस्थान के मूल निवासी 7 अक्टूबर से 6 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उम्मीदवारों का सिलेक्शन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा, जिसमें तीन गुना ज्यादा अभ्यर्थियों को सिलेक्ट किया जाएगा। इसके बाद 2 महीने सफाई करके दिखाना होगा। इसका सरकार की ओर से नियमानुसार भुगतान भी किया जाएगा। इस प्रक्रिया में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें 2 साल प्रोबेशन पीरियड पर रखा जाएगा। इसके बाद उन्हें स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।

## किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की तैयारियों पर सौंप दी गई जिम्मेदारियां

दि ग्राम टुडे, कानपुर।

(संजय मौर्य

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मुख्य परिसर में आगामी माह अक्टूबर में किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन होगा। जिसे भव्यता देने के लिए जोरों से तैयारी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि वि.वि.के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह की कुशल मार्गदर्शन में आगामी 24 से 25 अक्टूबर को दो दिवसीय कृषक मेले का आयोजन किया जाना है। जिसकी अभी से जिम्मेदारियां बांट दी गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों का विश्वविद्यालय परिसर में संगम होगा। जिससे किसान रबी फसल की बुवाई एवं उसकी तैयारी सुचार रूप से कर सकेंगे।

## सरदार भगत सिंह की धूमधाम से मनाई गई जयंती

दि ग्राम टुडे, कानपुर।

हेमा अखिल भारतीय महिला शक्ति एसोसिएशन भारत की बेटी संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमा पटेल (समाज सुधारक) के सफल मार्गदर्शन नेतृत्व में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष हमीरपुर उर्मिला सिंह एवं जिला सचिव शिव कुमारी सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि उर्मिला सिंह जी भगत सिंह की जयंती मनाने का मुख्य वजह है कि उन्होंने जिस बहादुर और वीरता की का परिचय देते हुए स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में हिस्सा लेते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश को आजादी दिलाने का प्रयास किया और नौजवानों को प्रेरित किया आज हम उनकी जयंती मना कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं जिला सचिव शिव कुमारी जी ने अध्यक्ष जी की बातों पर सहमत जताते हुए उपस्थित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद प्रेषित किया।

## 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को चौपाल लगाकर किया गया जागरूक



दि ग्राम टुडे संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत जनपद के थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर लोगों को जागरुक किया गया।

## विदा होते मानसून ने दिखाई दरियादिली झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे



अंजनी दूबे संवाददाता

सुल्तानपुर करौदी कला विदा होते मानसून ने आखिरकार किसानों के चेहरे पर खुशियाँ लौटा ही दीं। अमूमन सितम्बर माह के तीसरे सप्ताह में मानसून की विदाई मानी जाती है लेकिन बीते पिछले कई वर्षो से यह क्रम परिवर्तित होता नजर आ रहा है। इस वर्ष जिले में मानसून ने बरसात के समय पर ही धान की फसलों पर जमकर कहर बरपाया। हर तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा था।इस वर्ष अब तक जिले में न्यूनतम बारिश दर्ज की गई है, लेकिन शुक्रवार देर शाम से जमकर हो रही बारिश ने भीषण गर्मी से राहत देते हुए किसानों के चेहरे पर खुशियां लौटा दी है । एक तरफ बिजली की भारी किल्लत तो दूसरी तरफ प्रकृति का प्रकोप किसानों, व्यापारियों पर भारी पड़ गया था। लेकिन विदा होते मानसून ने झमाझम बारिश कर तालाबों, धान की फसलों को बड़ी राहत दी है। जलाशयों में पानी ऊपर तक भर गया है।क्षेत्र के खालिसपुर गोपालपुर, गोपालपुर सराय खूवाजा, बांगर कला, पहाड़पुर कला, गुदरा, हसरों नागनाथपुर, पाकड़पुर, मेवपुर, गंगापुर, बूढ़ापुर,हरीपुर, रवनिया सहित दर्जनों गांव के किसानों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग ने आगामी 29 सितम्बर तक बारिश के साथ 30 से 40 किमी/घंटे हवा भी चलने का अनुमान जताया है।

## दो दिनों से चल रहीं भीषण बारिश, फिर भी नहीं बंद हुआ मनरेगा कार्य



अंजनी दूबे संवाददाता

सुल्तानपुर।कुदरत के कहर का फायदा कहा जाए या आंखों में धूल झोकना यह तो मनरेगा के अधिकारी ही बता सकते हैं जब लगातार दो दिनों से भीषण बारिश हो रही हो तो ऐसे में मनरेगा कैसे चल रहा यह बड़े आश्चर्य की बात हैं जनपद के 14 ब्लॉकों में 5788 मनरेगा मजदूरों ने आज की तारिख में आनलाईन हाजरी लगायी हैं। कहीं नालों के सफाई का कार्य चल रहा हैं तो कहीं नये चकमार्गो का निर्माण ऐसे समय चल रहा हैं जब चारों तरफ पानी भरा हैं और फसलें खड़ी हैं ।और कहीं तालाब का जब गांव की गलियों और तालाबों में पानी भरा तो मनरेगा मजदूर ईश्वरीय शक्ति बनकर भीषण बरसात में काम करते नजर आ रहें जनपद के टॉप 5 ब्लाकों की बात करें तो धनपतगंज में 1154 मजदूर, करौंदीकला में 1136 मजदूर, कूरेभार ब्लॉक में 683 मजदूर ,दूबेपुर ब्लॉक में 587 मजदूर ,दोस्तपुर में 526 मजदूरों की उपस्थिति आनलाईन आज दर्ज हैं फोटो से फोटो खीचकर उपस्थिति दर्ज की गयी हैं या बरसात में ऐसे होनहार मजदूरों ने अपनी जान की प्रवाह किए बिना चकमार्गो,नालों, तालाबों में घुसकर साफ सफाई एंव खुदाई का कार्य किया यह तो जिले का जिम्मेदार अधिकारी ही बता सकता हैं।

## शहीदे आजम भगत सिंह एवं शहीद शिरोमणि कमांडर इन चीफ चंद्रशेखर आजाद की प्रथम भेंट कानपुर में ही थी...निन्नी पांडेय



दि ग्राम टुडे, कानपुर।

कानपुर अपने आप में अनेक क्रान्तिकारी घटनाओं का साक्षी व केन्द्र रहा है। इसी कानपुर में ही प्रताप अखबार के सम्पादक अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्थित फीलखाना में ठीक प्रेस के सामने एक गली थी जहॉ अब आगे जाकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा लगी है एवं इस पार्क का नाम भी उन्ही के नाम से है, जो पूर्व में एक खाली मैंदान था। इसी मैदान में सर्वप्रथम भेंट शहीद भगत सिंह व शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहीद विद्यार्थी जी के द्वारा कराई गई थी। निन्नी पाण्डेय ने बताया कि जब 1924 व 1925 के दौरान जब कानपुर आये और सुरेश चन्द्र भट्टाचार्या के माध्यम से गणेश जी व बटुकेश्वर दत्त से मिले थे। तभी वह प्रताप प्रेस में बलवंत सिंह के नाम से विद्यार्थी जी के सानिध्य में पत्रकारिता करने लगे थे। इसी दौरान भगत सिंह को पता चला कि चन्द्रशेखर आजाद जी व विद्यार्थी जी लुकछिप मिलते है। इसे लेकर भगत भगत सिंह ने विद्यार्थी जी से अनुरोध किया कि आप हमारी भेट चन्द्रशेखर आजाद जी से करायें। फिर जब आजाद कानपुर आये तो विद्यार्थी जी ने उनके सामने भगत सिंह का प्रस्ताव रखा हांलाकि आजाद ने कहा कि मिलने की क्या जरूरत वह लोगों को आजादी की जंग से जोड़ने का काम करें। पर आजाद गणेश जी का आग्रह कैसे न माने और वह भगत सिंह से मिलने के लिए तैयार हो गये। और प्रेस के सामने दोनों क्रान्तिवीरों की उक्त मैदान में प्रथम भेंट गणेश शंकर विद्यार्थी जी के अथक प्रयास से कराई गई और दोनों मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ अनेक घटनाओं को अंजाम दिया था।

## भूल गए वो जो कभी अपने थे,मुक्ति के लिए अपनो का आज भी इंतज़ार कर रही है अस्थियां






दि ग्राम टुडे, कानपुर।

(अमित कुमार)

कानपुर के रेव थ्री पार्वती बगला रोड के पीछे बना शहर का प्रसिद्ध भैरवघाट, जहां कानपुर के बड़े स्तर पर प्रति दिन बड़ी संख्या में मृत शरीर आते हैं और अंतिम संस्कार किया जाता है, भैरवघाट पर अंतिम संस्कार का कार्य करने वाले कर्मचारियों के अनुसार कि इस घाट पर विद्युत शवदाह गृह भी है और लकड़ी से भी जलाने की व्यवस्था है यहीं पर अस्थि कलश बैंक भी है जो नवंबर 2014 में दधिचि देह दान संस्था शुरू की गई थी, इस संस्था के द्वारा जो व्यक्ती अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए नहीं आते या भूल जाते हैं या फिर महीनों, सालों बाद अस्थि विसर्जन करते हैं तो उनको इस बैंक में जमा कर उनको चाभी दे दी जाती है, लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं कि सालों नहीं आते हैं तो वहीं के कर्मचारियों द्वारा अस्थि का विसर्जन कर दिया जाता है। इस संस्था की शुरुआत करने का मक़सद भी यही है कि आज के समय में लोग दिखावे बहुत करते हैं लोगों को दिखाने के लिए या फ़िर किसी कारण से अस्थि विसर्जित नहीं कर पाते हैं,

या फिर दाह संस्कार करने के बाद अपने परिजनों को भूल जाते हैं तो अस्थि को अस्थि बैंक में जमा कर देते हैं और फिर बहुत से लोग विसर्जित करने नहीं आते हैं। काफ़ी समय का इंतजार करने के बाद उन्हीं अस्थियों को भैरव घाट के कर्मचारी द्वारा ही जल में विसर्जित कर दिया जाता है। इस संस्था के मुख्य मनोज सेंगर द्वारा संचालित किया जाता है,लावारिश अस्थियों का विसर्जन विधि विधान से देख रेख़ करने के बाद किया जाता है। वहीं कोरोना कॉल के समय सैकड़ों लोगों का विसर्जन घाट के कर्मचारी द्वारा किया गया था और कोरोना में सबसे ज्यादा लगभग 191 मृतकों का दाह संस्कार किया गया था। जो कि एक दिन का रिकॉर्ड रहा है कानपुर भैरवघाट का। कोरोना कॉल के समय बहुत से मृत शरीर हॉस्पिटल से आती थी जिनका कोई नही रहता था या फिर बहुत से लोग देश के बाहर थे उनका दाह संस्कार किया गया बाद में जो आए उनको अस्थि कलश बैंक द्वारा अस्थियां दी गई, जिन मृतकों के परिवार से नहीं आए उन अस्थियों का विधि विधान पूर्वक विसर्जित कर दिया गया। मनोज सेंगर के अनुसार यह संस्था कई जिलों में खोले जाएगें और लावारिश अस्थियों को संस्था द्वारा विसर्जित किया जाएगा।

# हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एल.पी.जी.आई.एस.ए , आई.ई.ए.एम , पीटी.टी.पी.एल ने सी.जी.आई मेदान के सहयोग से मेदान, इंडोनेशिया में किया अंतरराष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन 'भारत-इंडोनेशिया अटूट मित्रता' का आयोजन




मेदान इंडोनेशिया में भारत के प्रधान कौंसल रवि शंकर गोयल मुख्य अतिथि रहे, वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज और डॉ. विनोद शर्मा और पीटी.टी.पी.एल के एम.डी संदीप भंल्ला ने भेजे बधाई संदेश, एल.पी.जी.आई.एस.ए. के संस्थापक आशीष शर्मा, योगिता शर्मा और पथ प्रदर्शक प्रोफ. हरिंदर कुमार ने सभी को बधाई दी

पुस्तक 'दो महान राष्ट्र एक अटूट रिश्ता भारत-इंडोनेशिया भारतीय कवियों की क़लम से' का हुआ विमोचन

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.), आई.ई.ए.एम , पीटी.टोबा.पल्प.लेस्तारी ने मेदान इंडोनेशिया में भारत के प्रधान कौंसलावास के सहयोग से मेदान, इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन 'भारत-इंडोनेशिया अटूट मित्रता' का भव्य आयोजन किया। यह एल.पी.जी.आई.एस.ए. का 126 वां जी.जी.एम. (ग्लोबल गैदरिंग मीट) था। इस अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में इंडोनेशिया, थाइलैंड और भारत से जाने माने कवियों और साहित्यकारों ने शिरकत की।

एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) के संस्थापक और ग्लोबल चेयरमैन आशीष शर्मा और संस्थापिका, ग्लोबल प्रेसिडेंट योगिता शर्मा और ग्लोबल चेयरमैन एडवाइज़री प्रोफ. हरिंदर कुमार ने सभी का स्वागत किया और शुभकामनाएँ दीं। मेदान इंडोनेशिया में भारत के प्रधान कौंसल रवि शंकर गोयल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की बात कही और सभी साहित्यकारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी कवियों की सराहना की और एल.पी.जी.आई.एस.ए को दुनिया भर के कवियों को एक सूत्र में बांधने के लिए सराहा। उन्होंने एल.पी.जी.आई.एस.ए द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क ऑनलाइन हिन्दी कक्षाओं की सराहना की और इस कार्य में सहयोग के लिए हर संभव सहायता की बात भी कही। वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज और डॉ. विनोद शर्मा और पीटी.टोबा.पल्प.लेस्तारी के एम.डी संदीप भंल्ला ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई संदेश भेजे। कार्यक्रम का सफल संचालन एल.पी.जी.आई.एस.ए कि संस्थापिका इंडोनेशिया में रह रहीं योगिता शर्मा ने बड़े शानदार अंदाज़ में किया। कार्यक्रम में डॉ कॉफी फ़ाऊंडेशन से ऐलिस विजाया, विनी, सुरेंद्र कुमार - वाईस कौंसल, विपुल शर्मा - वाईस कौंसल, यूनिवर्सिटी सुमात्रा उतारा से डीन प्रोफ. तायरह्या ज़ीन, प्रोफ. रहमदस्याह रंगुकुट्टी, टी.पी.एल से डायरेक्टर अनवर, मयंक जिंदल, सलोमो, साराह पिया देसीदेरिया - पुत्री इंडोनेशिया सुमात्रा उतारा, एल.पी.जी.आई.एस.ए के साहित्यकारों और आई.ई.ए.एम के सदस्यों ने शिरकत की। साराह पिया देसीदेरिया को एल.पी.जी.आई.एस.ए के प्रतिष्ठित पुरस्कार एल.पी.जी.आई.एस.ए एक्सीलैंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यायासन बोनापासोगिट सेजात्रा स्कूल के छात्रों ने इंडोनेशिया और भारत के संगीत पर भव्य नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर भारत और इंडोनेशिया की मित्रता पर प्रकाशित हुई सांझी काव्य पुस्तक 'दो महान राष्ट्र एक अटूट रिश्ता भारत-इंडोनेशिया भारतीय कवियों की क़लम से' का विमोचन कोंसल जनरल रवि शंकर गोयल के कर कमलों से हुआ। यह पुस्तक भारत और इंडोनेशिया के 75 सालों के स्वर्णिम रिश्तों के इतिहास को समर्पित है। इस पुस्तक का संपादकीय नेतृत्व इंडोनेशिया से आशीष शर्मा ने किया है। इंडोनेशिया से योगिता शर्मा और यू.ए.ई से अवधेश राणा पुस्तक के उप संपादक हैं। इस पुस्तक में आशीष शर्मा, योगिता शर्मा, मीनू संयोग, वैशाली रस्तौगी, मीनाक्षी गांधी गुप्ता, सुरेश चौधरी, निधि देश, लीना शारदा , सरस्वती सुरेश, इंदु नांदल, अभय कपूर, देवकी नंदन मारू (इंडोनेशिया), शिखा रस्तोगी (थाईलैंड), डॉ.स्मिता सिंह और आराधना सदाशिवम (सिंगापुर) की रचनाएँ सम्मिलित हैं।

इंडोनेशिया, थाईलैंड और भारत से जाने-माने कवि इस सम्मेलन में शामिल हुए। इस गोष्ठी में रवि शंकर गोयल (मुख्य अतिथि-इंडोनेशिया), प्रोफ. हरिंदर कुमार (भारत), आशीष शर्मा, योगिता शर्मा, पीटी टी.पी.एस के डायरेक्टर अनवर, प्रोफ. रहमदस्याह रंगुकुट्टी, मीनू संयोग, मीनाक्षी गांधी गुप्ता, सुरेश चौधरी, वैशाली रस्तौगी, लीना शारदा, इंदु नांदल, सरस्वती सुरेश, मयंक जिंदल (इंडोनेशिया) और

सपना अरोड़ा (थाईलैंड) ने अपने विचार रखे, शुभ कामनाएँ दीं और अपनी बेहतरीन रचनाओं से काव्य-व्योम को सजा दिया। इंडोनेशिया से निधि देश, सिंगापुर से डॉ. स्मिता सिंह और आराधना सदाशिवम ने बधाई संदेश भेजे। कौंसल जनरल रवि शंकर गोयल ने सभी साहित्यकारों को सम्मान चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

# विकसित भारत सेवा पखवाड़ा- चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

अबूशहमा

फखरपुर/बहराइच विकसित भारत सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज, फखरपुर में छात्रों के लिए निबंध, कला पेंटिंग और संभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज विधान सभा के प्रत्याशी गौरव वर्मा ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये छात्रों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाउपाध्यक्ष एवं कैसरगंज विधान सभा संयोजक सुवेद वर्मा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह (मुन्ना भैया)




विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेन्द्र शर्मा मंडल महामंत्री डॉ. मान सिंह सतीश शुक्ला अभिषेक अवस्थी रोहित अवस्थी विक्रम लाल वर्मा और सतीश गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों ने निबंध में समाज और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कला पेंटिंग में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई, जबकि संभाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने संवाद कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार वितरित किए, जिससे उनके उत्साह में और भी वृद्धि हुई। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य *बृजेन्द्र शर्मा* ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने हृदय रोगों के प्रति जागरूकता के लिए हार्ट हेल्थ फेयर का किया आयोजन




दि ग्राम टुडे,लखनऊ। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने वर्ल्ड हार्ट डे का जश्न दिल को छू लेने वाले और मनोरंजक हार्ट हेल्थ फेयर के आयोजन के साथ मनाया। इस फेयर में दिल की बीमारियों से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। खासतौर पर, हॉस्पिटल ने कोरोनरी आर्टरी डिजीज के बारे में जागरूकता फैलाने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एक जुम्बा सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें लोग काफी उत्साह और जोश के साथ शामिल हुए। इसके अलावा, जीवन-रक्षक तकनीकों को सिखाने के लिए एक इंटरएक्टिव सीपीआर प्रशिक्षण बूथ भी स्थापित किया गया था। हेल्थ स्टॉल्स पर स्वस्थ हृदय के पोषण के लिए जानकारी देने के लिए विशेषज्ञ मौजूद थे। इस हार्ट हेल्थ फेयर में जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नकुल सिन्हा, डॉ. विजयंत देवनराज (कार्डियक सर्जन) और डॉ. अंबुकेश्वर सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने हृदय रोगों की बढ़ती समस्या के बारे में अपने विचार साझा किए।

डॉ. नकुल सिन्हा, चेयरमैन, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने कहा, ÷अब तक यही माना जाता था कि दिल की बीमारियाँ, खासकर कोरोनरी आर्टरी रोग, केवल बुजुर्गों को होती हैं। लेकिन अब यह धारणा बदल चुकी है। डायग्नोसिस के क्षेत्र में हुई तकनीकी उन्नति से पता चल रहा है कि दिल की ये बीमारियां अब छोटी उम्र के लोगों, यहाँ तक कि बच्चों और जवानों को भी हो रही हैं। ये बीमारियां अब आम हो गई हैं और तेजी से बड़ी आबादी को अपनी जकड़ में ले रही हैं। इसकी वजह हमारी खराब आदतें हैं, जैसे धूम्रपान और खराब खान-पान, जिनकी वजह से शुगर, ब्लड प्रेशर और ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां हो रही हैं। ये दिल की बीमारियों का बड़ा कारण बन रही हैं। इसके परिणामस्वरूप छोटी उम्र में ही लोगों को दिल का दौरा पड़ना आम बात हो गई है और कई मामलों में तो मौत तक हो जाती है।÷

डॉ. विजयंत देवेनराज, डायरेक्टर और हेड ऑफ डिपार्टमेंट, कार्डियोथोरैसिक और वास्कुलर सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने वर्तमान स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ÷आजकल कम उम्र के लोगों में कोरोनरी आर्टरी की बीमारी पाई जा रही है। आम तौर पर पहले 40 साल से कम उम्र के लोगों को दिल की इतनी गंभीर बीमारी होती ही नहीं थी। लेकिन अब हर महीने हमें दो-तीन युवाओं की बाईपास सर्जरी करनी पड़ रही है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।÷

डॉ. अंबुकेश्वर सिंह, एडिशनल डायरेक्टर एंड यूनिट हेड, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, लखनऊ ने हार्ट हेल्थ फेयर में मौजूद लोगों को ÷साइलेंट हार्ट अटैक÷ के बारे में जागरूक किया, जिसके बारे में आमतौर पर बहुत अधिक जानकारी नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷दिल का दौरा छाती में दर्द या सांस फूलने के लक्षण के बिना भी हो सकता है। यह 20 से 30 प्रतिशत लोगों के साथ हो सकता है, खासकर शुगर के मरीज़ों में।

इस वर्ल्ड हार्ट डे फेयर ने दिल की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी लोगों को दी। यह कार्यक्रम हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने में सफल रहा।

# संविधान सम्मान सम्मेलन की तैयारी के लिये कांग्रेस नेताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

दि ग्राम टू डे रिपोर्ट- दुर्गा प्रसाद चौधरी

मिर्जापुर मझवां विधानसभा क्षेत्र के कछवां के गाँधी इंटर कॉलेज के मैदान में 30 सितम्बर को होने वाले संविधान सम्मान सम्मेलन की तैयारी के लिये कांग्रेस नेताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद कछवां ब्लॉक के अध्यक्ष कुंज बिहारी उपाध्याय के द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय जहीर खान के पुत्र शकील अहमद के आवास पर बैठक हुई, जिसे संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि सभी लोगों को एकजुट होकर संविधान सम्मान सम्मेलन को सफल बनाना है।

इस सम्मेलन में अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, अमेठी के सांसद कल शर्मा इलाहाबाद के सांसद उज्जवल रमन सिंह ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा (मोना ) बाराबंकी के सांसद तनु पूनिया वरिष्ठ कांग्रेस जन भाग लेंग।

बैठक में पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी,

मिर्जापुर की प्रभारी सरिता पटेल,बृजेन्द्र मिश्रा,

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष





संजय दुबे आदि मौजूद रहें।बैठक का अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने बताया सम्मेलन को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर प्रचार किया जा रहा है

बैठक का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद छोटे खान ने किया।

# जीपीओ पार्क में काकोरी के नायकों की स्मृतियां जीवंत होगी, शशांक शेखर के प्रयासों से एलडीए करेगी कायाकल्प




सौन्दर्यीकरण करेगा एलडीए

दि ग्राम टुडे,लखनऊ।

राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ( ह.ङ्ख.ऋरू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने लखनऊ के मंडलायुक्त रोशन जैकब से मुलाकात कर जी0पी0ओ0 पार्क हजरतगंज,लखनऊ में तत्काल काकोरी स्तंभ के ऊपर छत के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराये जाने के लिए पत्र सौंपा था द्य जिसका लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने संज्ञान लिया है द्य श्री शेखर ने पत्र में काकोरी कांड के अमर शहीदों की स्मृतियों को सुरक्षित एवं सरंक्षित करने की मांग की थी द्य लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी उमेश सिंह बघेल ने मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर से मुलाकात कर स्थलीय निरीक्षण करते हुए जल्द ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर वित्तीय आकलन के लिए कहा है द्य युवा क्रान्तिकारियों के स्मृतियों को जीवंत रखने के लिए पार्क में गेट, काकोरी स्तंभ के ऊपर छत,रेलिंग व दीवारों पर शहीदों की स्मृति-गाथा फोटो सहित अन्य आवश्यक कार्य के लिए कहा है द्य गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक स्थल पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर हमेशा कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को जागरूक कर अमर शहीदों के शौर्य, साहस एवं बलिदान की स्मृतियों को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे है जिसका संज्ञान लेते हुए महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जी0पी0ओ0 पार्क व जी0पी0ओ0 में रिंक थियेटर/ कोर्ट का निरीक्षण भी किया था द्य काकोरी स्तंभ को सुरक्षित,सरंक्षित एवं से भारतवासी विशेष कर आगामी युवा पीढ़ी युगों-युगों तक प्रेरणादायी रहेगा

# शताब्दी समारोह के अंतर्गत संगोष्ठी




हिंदी दैनिक दि ग्राम टुडे
गणेश प्रसाद द्विवेदी
ब्यूरो चीफ प्रयागराज

प्रयागराज।उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथेर्न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशान्ति मुखे मृगार्।÷अर्थात सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पुरे नहीं होते-बल्कि व्यक्ति के मेहनत करने से उसके काम पूरे होते हैं।उक्त विचार आचार्य पंडित शिवेन्द्र सारस्वत जी ने बच्चों को संस्कृत भाषा के उच्चारण और महत्व पर हिन्दुस्तानी अकेडमी में आयोजित संगोष्ठी एवं बच्चों की पाठशाला में रखे।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान-लखनऊ व महासागर शिक्षा समिति-प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दुस्तानी अकेडमी में संस्कृत भाषा की प्राचीनता और वैज्ञानिकता पर संस्कृत के ज्ञानियों का जमावड़ा लगा तो संस्कृत पर शोध और उसके उन्नति के लिए कार्य करने वाले विद्वानों व बटुकेश्वरों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो दे कर सम्मानित भी किया गया।अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर उषा मिश्रा ने संस्कृत में लकारों की संख्या के बारे में बताते हुए कहा की ऐसे तो संस्कृत में लकारों की संख्या दस होती है लेकिन उनमें से पांच लकारों का उपयोग सबसे अधिक होता है जिसमें लट् ,लिट् ,लुट् लृट् ,लोट्। कहा इन दस लकारों के प्रारंभ में ल है इसलिए इसे लकार कहते हैं। विशिष्ट अतिथि पंडित मधूकर मिश्रा ने बच्चों से प्रश्नों के माध्यम से उनके संस्कृत ज्ञान पर सवाल पूछे की 14 शिव सूत्र क्या हैं ?माहेश्वर सूत्र क्या हैं ?संस्कृत में माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी है।प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले बच्चों को महासागर शिक्षा समिति और कार्यक्रम आयोजक इफ्तेखार आलम खान की ओर से पुरुस्कृत किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत शिव वंदना व दीप प्रज्ज्वलित कर हुई जिसमें हरीश चंद्र मालवीय के संचालन में वक्तागण शिवेन्द्र सारस्वत,धीरज पाण्डेय ,अक्षत मालवीय , प्रांजल मालवीय ,अंजल मालवीय ,प्रोफेसर अशोक पाण्डेय ,तेज प्रताप तिवारी , अभिषेक मालवीय ,अनिल टंडन ,अर्पित मिश्रा ,पंडित यश महाराज ,सृजन शर्मा ,कृति कृष्णा मिश्रा ने विचार व्यक्त किए।आयोजक मण्डल के इफ्तेखार आलम खान ,सुनील अहमद खान ,सरदार चरणजीत सिंह ,अधिवक्ता एम ए अंसारी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कादीपुर विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा की

अंजनी दूबे संवाददाता

सुल्तानपुर कादीपुर विधानसभा के यशस्वी विधायक राजेश गौतम ने उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री परम पूज्य श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से 5 कालिदास स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और विधानसभा क्षेत्र कादीपुर की समस्याओं से मा . मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया एवं कादीपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संबंध में विधिवत चर्चा किया एवं पावन धाम बिजेथुआ महावीरन धाम में आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले बिजेथुआ महोत्सव में पूज्य गुरुदेव जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी के मुखारविंद से पांच दिवसीय श्री राम कथा के बारे में वार्ता किया।



# उत्तर प्रदेश शासन द्वारा रोकी गई इंसान व इंसानियत बचाओ यात्रा पर 29 सितंबर को ऑपरेशन विजय मुख्य कार्यालय के सम्मेलन में होगा मंथन

दि ग्राम टुडे, कानपुर।
(संजय मौर्य

ऑपरेशन विजय बुराइयों के खिलाफ जंग द्वारा देश व समाज हित में 15 अगस्त 2024 से अपने मुख्य कार्यालय कानपुर से 04 सूत्री समाज हितार्थ मांगों के साथ इंसान व इंसानियत बचाओ यात्रा शुरू की गई थी, जिसमें यात्रा के प्रथम दिन कानपुर नगर में इंसान व इंसानियत बचाओ यात्रा को मिले भारी जन समर्थन के बाद उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस प्रशासन ने यह कहकर कानपुर देहात में यात्रा की अनुमति देने से मना कर दिया था कि यात्रा को नियंत्रित करने के लिए हमारे पास पर्याप्त पुलिस फोर्स नहीं है। इसके बाद इंसान व इंसानियत बचाओ यात्रा को ऑपरेशन विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमंगल सिंह आईपी ने स्थगित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर




अभिलंब यात्रा को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था कर यात्रा शुरू करने की अनुमति देने हेतु कहा था। परंतु गरीब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी उत्तर प्रदेश शासन व पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रा को शुरू करवाने संबंधी कोई भी पत्र का जवाब नहीं दिया गया, जिस पर ऑपरेशन विजय की कोर कमेटी द्वारा यह फैसला लिया गया कि ऑपरेशन विजय के उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्षों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर यात्रा को शुरू करवाने संबंधी अग्रिम कार्यवाही पर फैसला लिया जाए, जिसके तहत दिनांक 29 सितंबर 2024, दिन रविवार समय सुबह 11-00 बजे से शाम 5=00 बजे तक के लिए ÷उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मेलन÷ बुलाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए ऑपरेशन विजय सुप्रीमो शिवमंगल सिंह आईपी ने कहा कि ऑपरेशन विजय द्वारा देश व समाज हित में 2011 से अपनी विशेष कार्य योजना पर शुरू किए गए संघर्ष को ना सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देशवासियों ने सराहा है व ऑपरेशन विजय की कार्य योजना से ना सिर्फ सामाजिक बुराइयों में कमी आई है, बल्कि सर्व समाज के हजारों पीड़ित एवं न्याय से वंचितों को निशुल्क न्याय मिला है। उसी क्रम में ऑपरेशन विजय द्वारा अपनी चार सूत्री मांगों के साथ शुरू की गई व वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश शासन व पुलिस प्रशासन द्वारा इंसान व इंसानियत बचाओ यात्रा को मिले भारी समर्थन के कारण यह कहकर रोकना कि हमारे पास यात्रा को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स नहीं है, किसी भी दृष्टि से देश व सामाज में नहीं है, जिनके विचार विमर्श हेतु ही हमने 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मेलन बुलाया है, जिसमें विचार विमर्श के बाद भारतीय संविधान के तहत यात्रा संबंधी सभी अवरोधों को दूर कर अभिलंब यात्रा को शुरू करेंगे।

# प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव प्रणय साहित्य साधक सम्मान से हुए सम्मानित




ब्यूरो --अमित मिश्रा

सीतापुर (दी ग्राम टुडे )जगदीश साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित फेसबुक लाइव कार्यक्रम में संस्था की संस्थापिका जगदीश कौर जी के द्वारा इंजी0 प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ (संस्थापक /अध्यक्ष प्रणय साहित्यिक दर्पण) को आमंत्रित किया गया। प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ पटल पर अपने निर्धारित समय पर उपस्थित हुए। मां शारदे के पावन चरणों में नमन करते हुए जगदीश कौर के स्नेहपूर्ण आमंत्रण पर उनका धन्यवाद किया। श्रोता के रूप में देश के सुदूर क्षेत्रों से अनेक साहित्यकारों ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ द्वारा परंपरागत तरीके से मां वीणा वादिनी की सुंदर सी वंदना प्रस्तुत करते हुए पटल पर मां शारदे का प्रेम भाव से परिपूर्ण आवाहन किया गया। तत्पश्चात प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने श्रोता के रूप में जुड़े सभी साथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को गतिमान किया।

अपने 45 मिनट की इस अनवरत काव्य धारा में प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ द्वारा पटल पर एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की गईं। ÷प्रणय÷ ने एक मुक्तक के साथ अपने रचना पाठ को आगे बढ़ाते हुए देश प्रेम से ओतप्रोत रचना के साथ शिक्षा संस्कृति एवं संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालती हुई रचना एवं समय के महत्व को दर्शाती हुई रचना प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी एक रचना के माध्यम से प्रकृति का बहुत ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया। इस रचना के माध्यम से प्रकृति एवं नारी दोनों को सृजन का आधार बताते हुए दोनों के संरक्षण और संवर्धन हेतु सभी को अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम के अंतिम दौर में संगीत विषय पर सुंदर सी रचना प्रस्तुत करते हुए सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

श्रोता के रूप में जुड़े सभी साहित्यकारों ने प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव को उनकी सुंदर लेखनी और शानदार काव्य प्रस्तुति के लिए बहुत ही शानदार टिप्पणियों द्वारा अपार स्नेह आशीष की वर्षा की। प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ के लेखन की सबसे बड़ी विशेषता है कि उनकी ज्यादातर रचनाओं में समाज को जाग्रत करने के लिए कोई न कोई संदेश अवश्य छुपा होता है। प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ के द्वारा सभी श्रोताओं का आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए ÷जय हिंद जय भारत÷ के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। संस्था द्वारा प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ÷प्रणय÷ को ÷साहित्य साधक सम्मान÷ से सम्मानित किया गया।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर भाजपा युवा मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि



परमेश्वर विश्वकर्मा संवाददाता
दि ग्राम टुडे

रुद्रपुर। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के सदस्यों ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मोर्चा के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने शहीद के बलिदान और देशभक्ति को याद करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुई युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद भगत सिंह को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके अहम योगदान के लिए जाना जाता है। उनके साहसिक कृत्यों और देशप्रेम की भावना ने लाखों भारतीयों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान, वक्ताओं ने भगत सिंह के जीवन से जुड़ी कहानियों और उनके क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला। भाजपा युवा मोर्चा ने इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को शहीद भगत सिंह के सिद्धांतों पर चलने और देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया। जिसमें युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवम् श्रीवास्तव अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भीम सोनकर युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री नीलेश श्रीवास्तव युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह मंडल महामंत्री अभिषेक गुप्ता रजत जयसवाल कार्यालय प्रभारी सर्वेश दुबे, विकास पांडे, दीपक जायसवाल व अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे जिसमें भगत सिंह के त्याग व बलिदान को याद किया गया।

# वन विभाग के साथ लगातार आँख मिचौली खेल रहे बाघ ने फिर एक किसान पर किया हमला हालत गंभीर



दि ग्राम टुडे तहसील प्रभारी
मोहम्मद अशफाक

महेशपुर खीरी वन रेंज में बाघ का आतंक थमने का नाम नही ले रहा आज फिर महेशपुर वन रेंज के ग्राम पन्नापुर के युवक विपिन कुमार पुत्र दिनेश कुमार पर हमला कर किया घायल।विपिन कुमार जब खेत मे उड़दी तोड़ने गया था तभी कठिना नदी के पास बाघ ने पीछे से किया हमला कई जगह लगे लगे गहरे ज़ख्म,युवक किसी तरह से जान बचाकर भाग निकला। युवक के पीठ, हाँथ,गले मे हुए ज़ख्म, एम्बुलेंस द्वारा गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया बताते चले बीते 28 अगस्त को महेशपुर रेंज के इमलिया गाँव में अमरीस को भी बाघ ने अपना निवाला बनाया था। जिसके बाद बाघ को पकड़वाने के लिए ग्रामीणों ने रोड जाम कर धरना प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन को खत्म करने के लिए नेताओं और अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद बाघ को जल्द पकड़ने का वादा करके के धरने को समाप्त करा कर अंतिमसँस्कार किया गया था। उसके बाद 11 सितम्बर को मुड़ा अस्सी में गन्ने की पत्ती तोड़ने गये जाकिर अली नाम के व्यक्ति को बाघ ने फिर अपना निवाला बनाया था। ग्रामीणों में भारी आक्रोश के चलते रोड पर शव को रख कर कई घंटे गोला सिकंदराबाद हाइवे जाम रहा था वन विभाग पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था की बाघ को पकड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं लै रही है। इसीलिए उसने दूसरी घटना को अंजाम दिया है उसके बाद आज फिर पन्नापुर के युवक पर बाघ ने हमला किया जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि वन विभाग महीनों से बाघ को पकड़ने की कोशिस में लगा हुआ है, ट्रेकुलाइज करने के लिए एकस्पर्ट भी आये थे मगर बाघ वन विभाग से चार कदम आगे चल रहा है। वन विभाग ने दुधवा से दो हाँथीयों को भी मगाया है जो बाघ को पकड़ने में मदद करेंगे मगर अभी तक बाघ को पकड़ पाने में वन विभाग और उसकी टीम पूरी तरह से नाकामयाब साबित हो रही है। वन विभाग की सारी तैयारी धरी ही रह जाती है और बाघ कोई ना कोई घटना को अंजाम दे देता है।

# महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए बीएसएनएल ने खोला पिटारा, मुफ्त में मिलेगी ये खास सुविधा

हिंदी दैनिक दिग्राम टुडे
गणेश प्रसादद्विवेदी
ब्यूरो चीफ प्रयागराज

प्रयागराज।संगम नगरी प्रयागराज में तीन महीने बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मुफ्त इंटरनेट सुविधा मिलेगी. मुफ्त इंटरनेट की यह सुविधा भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) की तरफ से मुहैया कराई जाएगी. महाकुंभ को लेकर दूसरे सरकारी विभागों की तरह बीएसएनएल ने भी खास तैयारी की हुई है. आस्था के इस मेले में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर कॉलिंग और इंटरनेट सुविधा मिले इसके लिए अकेले प्रयागराज नहीं, बल्कि दिल्ली और चंडीगढ़ तक तैयारी की जा रही है. महाकुंभ में आने वाले चालीस करोड़ श्रद्धालुओं के जरिए बीएसएनल अपनी ब्रांडिंग कर ग्राहकों की संख्या बढ़ाने की भी तैयारी में है..। बीएसएनल के यूपी ईस्ट जोन के चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा के मुताबिक, अकेले मेला क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड के पचास से ज्यादा टावर लगाए जाएंगे. इसके अलावा शहर में भी न सिर्फ टावरों की संख्या बढ़ाई जाएगी बल्कि उनकी क्षमता में भी बढ़ोतरी कर इन्हें और हाईटेक किया जाएगा. मेले में चौबीसों घंटे फॉल्ट रिपेयर टीम मौजूद रहेगी. जगह-जगह स्टॉल लगाकर लोगों को सुविधा दी जाएगी और उनकी सहायता भी की जाएगी..। अलग ड्रेस कोड में होंगे बीएसएनएल कर्मचारी यह पहला मौका होगा जहां बीएसएनएल के सभी कर्मचारी अलग ड्रेस कोड में होंगे. आस्था के इस मेले में सहयोगी कंपनी भारत नेट की फाइबर लाइन बिछाई जाएगी. यहां काम करने वालों को हाई स्पीड इंटरनेट और लीज लाइन की सुविधा दी जाएगी. मेला प्रशासन के साथ बातचीत कर श्रद्धालुओं को कुछ देर के लिए मुफ्त इंटरनेट की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी. यहां आने वाले श्रद्धालु वाई-फाई के जरिए फ्री इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगे..। चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा का कहना है कि मेले में बल्क पुश एसएमएस सुविधा मुहैया रहेगी, ताकि किसी आपदा होने या फिर कोई सूचना देने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सके. मेला क्षेत्र में नेटवर्क की एविबिलिटी बढ़ाकर 98 फ़ीसदी की जाएगी. बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को मेला क्षेत्र में कॉल ड्रॉप की समस्या का सामना कतई नहीं करना पड़ेगा. वह बेहतर वॉइस क्वालिटी के साथ लोगों से बातचीत कर सकेंगे..।

उनके मुताबिक बीएसएनल महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को हाईटेक सुविधाए मुहैया कराने की तैयारी में है..। यहां प्रमुख स्नान पर्वों पर कॉल ट्रैफिक ना हो, इसके लिए नई दिल्ली और चंडीगढ़ के सर्वर की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है. महाकुंभ की तैयारियां प्रयागराज से लेकर नई दिल्ली और चंडीगढ़ तक की जा रही है. सभी तैयारियां 31 अक्टूबर तक पूरी कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है. इस तरह की व्यवस्था की जा रही है ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालु बीएसएनल को लेकर अच्छे अनुभव के साथ अपने घरों को वापस लौटे.वॉइस कॉल करने वाले ग्राहको को मिलेगी बेहतर क्वालिटी यूपी ईस्ट के चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा का कहना है कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में कुछ 2त्न टावर अलग से लगाए जाएंगे, ताकि सिर्फ बात करने वाले ग्राहक बेहतर और क्लीयर वाइस क्वालिटी से बात कर सके. गंगा और यमुना के गहरे पानी में नाव के जरिए फ्लोटिंग टावर लगाने का प्रयोग किए जाने की भी तैयारी है. एके मिश्रा का दावा है कि निजी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टैरिफ में बढ़ोतरी किए जाने के बाद से पिछले दो महीनों में अकेले यूपी ईस्ट जोन में दस लाख नए ग्राहक बने हैं. इनमें तीन लाख से ज्यादा ग्राहक दूसरी कंपनियों से आए हैं..।

# दो मेडिकल बालाजी और चित्रा आपस में भिड़े चली धड़ाधड़ लाठी-डंडे





दि ग्राम टुडे संवाददाता
अरविंद कुमार मिश्रा

लखीमपुर खीरी।ओयल मोतीपुर गांव के निकट स्थित पुरुष जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर दवाई बेचने लेकर चित्रा मेडिकल और बालाजी मेडिकल के बीच लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया दोनों पक्षों में हुई भयंकर मारपीट जम कर चले लाठी-डंडे आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को मिली जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों मेडिकल मालिकों को लिया कब्जे में वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल।

# रोशनाई

जिद पर अड़ी रोशनाई
लिखूंगी सच से भरी लिखाई
होगा ऐसा वो लेख,
बन जायेगा एक दिन अभिलेख
गर्वित हो जाए पढ़ने वाला
चाहेगा बनाना शिलालेख।
लिखते लिखते कलम, कभी कर जाए धृष्टता
छुपा ना पाये निज मन की व्यग्रता,
कोई ना समझ पाए उसकी अधीरता
किस बात की है ये आतुरता?
जानती है कलम, लेख की महत्ता
देखी है उसने लोगों की उदासीनता
पर समझती है वो संवेदनशीलता
जिस दिन कलम की ताकत, सबको समझ आ जाएगी
सच्चाई लिखने से कलम कभी ना घबराएगी।
मार्ग में आए चाहे कितनी भी कठिनाई
चाहे हो कितनी निंदा, कितनी भी बुराई
जानती है रोशनाई, होगी बहुत जग हंसाई
सत्य लिखने की कीमत बहुतों ने जान देके चुकाई
पर कलम को करनी होगी खूब ढिठाई
चुनौती भरी राह में सब छोड़ देंगे साथ
जीवनपर्यन्त साथ चलेगी, परछाई बनके रोशनाई
हर्षित है, गर्वित है आज रोशनाई
लाख कठिनाइयों के बावजूद
लिख पाई सच से भरी लिखाई ।



आराधना पी मौर्य लखनऊ

# विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश किन्नर प्रकोष्ठ में जिला महामंत्री कानपुर बनी काजल शुक्ला किन्नर



दि ग्राम टुडे, कानपुर।

विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश का जिला इकाई किन्नर प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए नेहा तिवारी किन्नर ने काजल शुक्ला किन्नर को जिला महामंत्री कानपुर व नैना तिवारी किन्नर को जिला उपाध्यक्ष कानपुर मनोनीत किया है। विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति,किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन, मातृभक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा, मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रुद्र कुमार पाठक, अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डेजी रानी मिश्रा, गौरक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे, गौरक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार प्रजापति,सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक,किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंदगिरी, मातृशक्ति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मथुरा उषा सोलंकी एडवोकेट, अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री अग्निहोत्री, प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव, प्रदेश मंत्री /प्रकोष्ठ प्रभारी दिग्विजय सिंह राना, मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश दृष्टि त्यागी, मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री सुमन सिंह पटेल, मातृशक्ति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पीलीभीत वैष्णवी मिश्रा, गौरक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, मंडल प्रभारी कानपुर जगत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष कानपुर नगर व देहात आशुतोष कुमार द्विवेदी, मंडल प्रभारी प्रयागराज अनुज सिंह एडवोकेट, मंडल प्रभारी बस्ती व जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, गौरक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सीतापुर महंत कनकेश्वरी गिरी (काजल किन्नर), जिला अध्यक्ष बुलंदशहर राज कुमार सैनी, किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सोनिया किन्नर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री आर .सी . योगा , सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कानपुर कविता सिंह , सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला महामंत्री कानपुर शीला सिंह , सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष कानपुर अर्चना पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मंडल प्रभारी कानपुर हेमन्त पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी अवस्थी, प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य भानू प्रताप सिंह राजावत, मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेखा अवस्थी मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जया शुक्ला, किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पायल पाण्डेय किन्नर, मंडल प्रभारी कानपुर किन्नर प्रकोष्ठ पूजा सिंह किन्नर, मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री रचना द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह चंदेल ने किन्नर प्रकोष्ठ के दोनो पदाधिकारीयो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रुक रुक कर हो रही वर्षा से कई गरीब का आशियाना धराशायी



संवाददाता शिव शंकर चौधरी

सुलतानपुर बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चककारी भीट में रुक-रुक कर हो रही वारिश गरीबो पर कहर बन कर आन पडी है,वृहस्पति वार से अनवरत हो रही वर्षा से ग्राम पंचायत के कई गरीबो के आशियाने धराशायी हो गए,बता दे कि गांव के राजनारायन पुत्र श्रीराम छोटेलाल पुत्र भवानी लाल नियाज पुत्र तस्दुक सरवरी पत्नी अयूब श्याम पुत्र राम चरन राकेश पुत्र पंचम गोविन्द् पुत्र श्रीराम का कच्चा मकान इस रिमझिम वर्षा के कारण गिर गया,ग्राम प्रधान मो0सम्मू ग्रामीणो के गिरे हुए मकानो का निरीक्षण किया और उन्हे हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया,

ग्राम प्रधान ने कहा कि जिसका मकान गिर गया है राजस्व विभाग सर्वे करेगा पश्चात इसके सरकारी सहायता दिलाई जाएगी

# फरियादियों की शिकायतों का समय से हो निस्तारण : विधायक शशांक त्रिवेदी



ब्यूरो --अमित मिश्रा

विधायक शशांक त्रिवेदी , क्षेत्राधिकार अलोक प्रसाद, तहसीलदार तपस्या यादव संयुक्त रूप से थाना दिवस में रहे मौजूद

सीतापुर (दी ग्राम टुडे )

महोली सीतापुर महोली के कोतवाली परिसर में क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकार आलोक प्रसाद तहसीलदार तपस्या यादव कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा के द्वारा थाना दिवस का आयोजन किया गया थाना दिवस के दौरान फरियादियों ने अपनी शिकायत क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी के समक्ष पेश की उन्होंने सरकार की मनसा स्वरूप शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों पर क्षेत्रीय लेखपालों से समय से निस्तारण के निर्देश दिए विधायक शशांक त्रिवेदी ने फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने के साथ-साथ थाना समाधान दिवस में फरियादियों को उचित न्याय दिलाने पर जोर दिया इस मौके ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव लेखपाल नेहा चौरसिया धीरेंद्र सिंह प्रतीक गुप्ता उमेश कुमार विनय शुक्ला विनीत अनिस द्विवेदी सुनील दत्त और नरेंद्र प्रताप सिंह कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# बाघ ने एक गोवंश को बनाया अपना निवाला क्षेत्र में फैली दहशत



ब्यूरो ?--अमित मिश्रा

सीतापुर (दी ग्राम टुडे )महोली क्षेत्र के भगवानपुर ग्रांट में बाघ ने फिर एक गोवंश को अपना निवाला बना लिया वन विभाग ने पग चिन्हो के आधार पर पर बाघ के होने की पुष्टी की है

आज सुबह भगवानपुर ग्रांट के कुछ किसान अपना खेत देखने गये थे इसी बीच राकेश भारती के खेत मे छुट्टा गोवंश का शव पडा था व पास मे ही बाघ के पगचिन्ह दिखाई दिये ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर वन विभाग की टीम ने मौक़े पर पहुँच कर कंबिंग की व पगचिन्हो के आधार पर बाघ के होने की पुष्टी की वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने बताया कि पगचिन्ह बाघ के है ग्रामीणों क़ो सतर्क रहने क़ो कहा गया है

# कागजों में हेरफेर कर लोगो से ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार




ब्यूरो --अमित मिश्रा

सीतापुर (दी ग्राम टुडे )

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में गंभीर अपराधों से संबंधित घटनाओं के त्वरित अनावरण एव अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त श्रीराम पुत्र शिववचन नि. फुसही डयोढी थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। अभियुक्त के पास से एक अदद आधार कार्ड जिस पर नाम श्री राम पुत्र रामचरन हाउस नं0 07 मो पडाना टोला जोशीमठ ,जोशीमठ चमोली उत्तराखण्ड तथा एक फर्जी पैन कार्ड जिसपर नाम तीरथ राम पुत्र रामचरन अंकित है , बरामद हुआ है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मेरे बिसवाँ के मिलने वाले एक साथी राजकुमार उर्फ छोटकन्ने निवासी मो0 शेखसराय कस्बा बिसवां सीतापुर व उनके साथ एक अन्य व्यक्ति ने सलाह मशविरा करके मेरे द्वारा एक मृतक व्यक्ति तीरथराम पुत्र रामचरन , बद्रीनारायण बन कर बैनामा करने तथा 6 लाख रूपये हिस्सा देने को कहा था। राजकुमार उर्फ छोटकन्ने उपरोक्त पूर्व में भी फर्जी बैनामा कर रूपये कमा चुका है, मैने भी रूपये कमाने के चक्कर में राजकुमार उर्फ छोटकन्ने से बातचीत की थी तब उसके बताये फर्जी बैनामें को मैने भू स्वामी बनकर फर्जी दस्तावेज आधार कार्ड पैनकार्ड बनवाकर बिसवां निवासी एक क्रेता नसीम को राज कुमार के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से क्रेता को गुमराह कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे राजकुमार उर्फ छोटकन्ने के बताये गये मृतक भूस्वामी के स्थान पर स्वयं मालिक बनकर क्रेता से 1,13,250 रूपये का ई- स्टाम्प खरीदकर उस पर फर्जी डीड तैयार करवाकर रजिस्ट्री करने जा रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 434/2024 धारा 319(2), 318(4), 338,336(3), 340 (2) BNS पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

# स्वच्छता का संदेश देते हुए निकाली गई स्वच्छता पखवाड़ा रैली



ब्यूरो ?--अमित मिश्रा

सीतापुर (दी ग्राम टुडे) माननीय राज्यमंत्री नगर विकास श्री राकेश राठौर(गुरू) जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी सहित सफाई दल ने स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ शहीद स्तम्भ पर शहीदों को पुष्पाजंलि देकर नमन कर एवं दीप प्रज्जवलित करते हुये किया। स्वच्छता पखवाड़ा रैली शहीद पार्क लालबाग से होते हुए अटल चौक, तहसील गेट तक स्वच्छता का संदेश देते हुये निकाली गयी। इस अवसर पर मा0 मंत्री राकेश राठौर जी ने स्वच्छता की शपथ भी दिलवायी। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ के दौरान राज्यमंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरू जी ने कहा कि मा प्रधानमंत्री जी के जन्म दिन पर यह अभियान आरम्भ हुआ है, और गांधी जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर पर इस अभियान की समाप्ति हो रही है। मा0 मंत्री जी ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक की यह पहली सरकार है जिसने सफाई को मुख्य एजेण्डे में शामिल किया है। चूँकि इस्लाम में सफाई को ''निस्फ ईमान'' अर्थात् आधी आस्था बताया गया है इस लिये भी मैं सरकार के सफाई सम्बन्धी इस महा अभियान के प्रति गदगद हूँ। मा0 मंत्री ने कहा कि सफाई का महत्व बहुत बड़ा है। गन्दगी के चलते जहां बीमारियों का वास होता है वहीं सफाई सभी बीमारियों के पनपने के माध्यम को ही बन्द कर देती है। हमें चाहिये कि हम मात्र अपनी गली कूचों की ही सफाई न कर उन स्थानों की भी सफाई कर लिया करें जो वर्ष भर गन्दे ही बने रहते हैं। उन्होंने घरों की पटनियों, अलमारियों एवं छतों के ऊपरी भाग आदि का हवाला देते हुये कहा कि ये क्षेत्र प्रायः सफाई से छूटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम और अधिशासी अधिकारी मिलकर उन सभी प्वाइंट्स को ढूढेंगे जो सफाई से वंचित हैं। उन्होंने सभी वार्डो के सभासदों से कम से कम एक अथवा अनेक ऐसे स्थानों की खोज कर चिन्हित करने को कहा जहां पर अब तक सफाई नहीं हो पाई है ताकि उनकी भी सफाई की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस सफाई महा अभियान से जुड़कर आप एक पवित्र काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है कि हम नगर को पूर्ण स्वच्छ बनायें। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये अभियान के मूल पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सफाई से हमारा स्वास्थ्य एवं वातावरण पूरी तरह सम्बद्ध है। सफाई का अर्थ मात्र इतना ही नहीं कि गलियों एवं आस-पास के क्षेत्रों को साफ कर लिया जाये बल्कि सफाई जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करने वाले दूरगामी परिणाम पर भी असर डालती है। उन्होंने बताया कि गंदगी से बच्चों की अपेक्षित लम्बाई भी प्रभावित हुयी है। स्वच्छता अभियान से बच्चों को कई प्रकार की बीमारियों से बचा लिया गया है। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यूँ तो पूरे नगर की स्वच्छता को बेहतर बनाये रखना हमारा लक्ष्य है परन्तु हमें इस बात पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है कि किस प्वाइंट पर ट्रिगर किया जाये की लक्ष्य सहल एवं शीघ्र प्राप्त हो। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप निर्वाचित लोग हैं इस लिये समाज को सफाई के प्रति सचेत व जागरूक करने में आपकी भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होने के कारण ही आप से यह अपेक्षा की जा रही है क्यों कि संतुलित पर्यावरण, बेहतर स्वास्थ्य के लिये आम लोगों का अभियान से जुड़ना लक्ष्य के लिये नितांत आवश्यक है।

# संपूर्ण थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन



ब्यूरो --अमित मिश्रा

सीतापुर (दी ग्राम टुडे)सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस खैराबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को एक - एक सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिया।जमीन के विवाद, पैमाइश आदि की समस्याओं को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग को मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिया।

विवाद से संबंधित दोनो पक्षो की सुनकर न्यायालय में लंबित मामलों की शिकायतों को सुनकर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता को न्यायालय के निर्णय को इंतजार करने के निर्देश दिया।तब तक किसी भी तरह का विवाद न किया जाय।दोनो पक्ष शांति से रहे। जिलाधिकारी ने चाचा-भतीजे के बीच गलियारे के विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से आपसी सहमति से बिना विवाद को सुलझाने के निर्देश संबंधित को दिया। फर्जी व झूठी शिकायतकर्ता पुलिस अधीक्षक से नही मिला पाए नजर,कप्तान के सवालों का उत्तर देने में शिकायतकर्ता की लड़खड़ाई जबान। शांतिपूर्ण तरीके से आमजनमानस को रहने की पुलिस अधीक्षक ने दी नसीयत। अपराधियो व बवालियों को चिन्हित करने के दिया निर्देश।

राजकीय व सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को चिन्हित कर एफ आई आर दर्ज कर कब्जा मुक्त कराये जाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिया।

# राजातालाब क्षेत्र के कचनार गांव के चकरोड पर अवैध क़ब्ज़ा की हुई लोकायुक्त जांच

वाराणसी राजातालाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के राजातालाब तहसील के कचनार ग्राम के चकरोड आराजी संख्या 705 और 712 सहित जलखाता आराजी संख्या 694 पर अवैध क़ब्ज़ा की शिकायत पर लोकायुक्त से हुई थी। इस पर जांच का निर्देश लोकायुक्त ने दिया था। डीएम ने एसडीएम और एसीपी राजातालाब सहित सरकारी अधिवक्ता को शिकायत की जांच के लिए नामित किया। उसी कड़ी में एसडीएम राजातालाब ने गांव में उक्त सरकारी आराजियात पर अवैध क़ब्ज़ा की शिकायत की जांच करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम राजातालाब ने शिकायत कर्ता के शिकायत पर दल बल के साथ मौक़े पर पहुँच की जांच। इसमे चकरोड और जलखाता के अवैध



क़ब्ज़ा का जांच किया। इस दौरान शिकायत कर्ता राजकुमार गुप्ता का कहना है कि ग्राम सभा में भूमाफ़ियों द्वारा करोड़ों की सरकारी ज़मीन का गोल माल किया गया है। इसकी शिकायत पहले स्थानीय स्तर पर की, लेकिन सही जांच नहीं की गई। इसके बाद लोकायुक्त जांच की मांग की। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट गोपनीय होती है। कुछ कमियां मिली हैं। पूरी जांच रिपोर्ट तैयार कर लोकायुक्त को भेजी जाएगी।

धन्यवाद
द्वारा
राजकुमार गुप्ता
वाराणसी

# आम आदमी पार्टी उम्मीदवार कृष्ण बजाज का गांव बलाही में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार

वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।

कुरुक्षेत्र - आम आदमी पार्टी उम्मीदवार कृष्ण बजाज ने गांव बलाही में डोर टू डोर प्रचार किया। कृष्ण बजाज अपने समर्थको के साथ ग्राम बलाही, गांव बागथला, फ़ौजी कॉलोनी, गांव समसीपुर, बफर गोदाम में जनसभाएं करते नज़र आये। सरस्वती कॉलोनी में जनता से मुलाकात कर वोटों की अपील की। इस दौरान कॉलोनी के निवासी ने कहा कि थानेसर को आज बदलाव की जरूरत है, एक ऐसा विधायक चाहिए जो थानेसर के लोगो की सेवा करे। कृष्ण बजाज एक ऐसी व्यक्ति है जो हमेशा लोगों के साथ दुख सुख में हमेशा खड़े रहे।

कृष्ण बजाज ने गांव बलाही के लोगो को मंच से सम्बोधन किया। इस अवसर पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी भी मौजुद रहे।सुमित हिंदुस्तानी ने उनको अरविंद केजरीवाल की पांच गारंटियों के बारे में विस्तार से बताया। गांव बलाही के लोगो ने एक मत हो कर कृष्ण बजाज



का समर्थन किया और आने वाले चुनाव में कृष्ण बजाज का साथ देने के लिए आश्वस्त किया। सथाई निवासियो ने यह भी कहा कि गांव से एक तरफ रूझान है। गांव बलाही की जनता इस बार झाड़ू के निशान पर वोट कर कृष्ण बजाज को कामयाब बनाने का काम करेगी।

सभी कार्यकर्मो में कृष्ण बजाज जी के पुत्र बुद्धप्रियबजाज , पुत्री गौरी बजाज भी मौजुद रहे। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा में कृष्ण बजाज का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में युवा बजाज साहब से प्रभावित हो कर उनमें विश्वास जता रहे हैं। भाजपा से आज हर वर्ग दुखी हो चुका है।थानेसर की जनता अब बदलाव चाहती है। थानेसर के लोग झूठ की राजनीति करने वाले राजपरिवारों को बाहर का रास्ता दिखाकर थानेसर की राजनीति से बहार करने का काम करेंगे।

# दादा मियां की दरगाह पर समाजसेवियों और पत्रकारों ने पेश की अकीदत की चादर



मजार शरीफ पर समाज के सभी वर्गों और पत्रकारों की खुशहाली के लिए भी हुई दुआएं

दि ग्राम टुडे,लखनऊ।माल एवेन्यू स्थित हजरत मोहम्मद नबी शाह रहश्र बाबा के उर्स मुबारक बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मुबारक मौक़े पर दरगाह पर समाजसेवियों और पत्रकारों ने भी अकीदत की चादर पेश की और मुल्क में आपसी भाईचारा,अमन चैन,सुख शांति और प्रदेश की खुशहाली के लिए इज्तिमाई शक्ल में विशेष दुआएं की।

इस अवसर पर फरहत हसन,प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी और उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबैर अहमद, काशांत्र ए वारिस के अध्यक्ष अरशद मुर्तजा वारसी,महासचिव मोहम्मद इमरान, मुर्तुजा अली,शाकिब भारत,प्रिन्ट मीडिया के राष्ट्रीय महामंत्री परवेज़ अख्तर,एस.बी न्यूज़ के शबाब नूर, मोहम्मद इकराम उर्फ गुड्डु,वरिष्ठ छायाकार आरिफ़ मुकीम, एन आलम, मोहम्मद फैज़, सय्यद इक़बाल, फ़हीम अहमद, मोहम्मद अरशद,वसी अहमद सिद्दीकी,साजिद अली, आफाक,जावेद बेग इत्यादि मौजूद रहे।इन सबकी मौजूदगी में दरगाह के सज्जादा नशीन व मुतवल्ली हज़रत ख़्वाजा शबाहत हसन शाह ने मजार शरीफ पर समाज के सभी वर्गों और पत्रकारों की खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी।इस मौके पर सज्जादा नशीन हज़रत ख़्वाजा शबाहत हसन शाह, ने बताया कि इस उर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए श्रद्धालु मोहम्मद अली शाह दादा मियां को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, रात भर सूफ़ी कव्वाली होती है इसी के साथ लंगर का आयोजन व वितरण भी किया जाता है। इस अवसर पर इमरान ख़ान भारतीय समेत कई समाजसेवी तथा दर्जनों पत्रकार लोग मौजूद रहे।

# वो जो रिश्ता निभाना नहीं चाहता।

वो जो रिश्ता निभाना नहीं चाहता।
दिल उन्हें फ़िर मनाना नहीं चाहता॥

कोई मग़रूर हो तो रहे आप में।
मैं उन्हें कुछ बताना नहीं चाहता॥

जो रुलाते हों आँसू सदा ख़ून के।
मैं उन्हें ग़म दिखाना नहीं चाहता॥

तुम लगाते रहो काँट मेरी डगर।
मैं इसे भी हटाना नहीं चाहता॥

याद रखना तू कौशल नसीहत मेरी।
तुझको ज़ालिम ज़माना नहीं चाहता॥



कौशल किशोर औरंगाबादी
औरंगाबाद बिहार

# लघु कविता

कभी लगता है जिंदगी गुलजार है,
तो कभी लगता है जीना ही बेकार है
कभी लगता है लोगों में प्यार है,
तो कभी लगता है की हर रिश्ते में दरार है
कभी लगता है सबको हमसे प्यार है,
तो कभी लगता है की सिर्फ भ्रम का माया जाल है
कभी लगता है सब अपने ही यार हैं,
फिर लगता है इनमें भी छिपे छुरा घोंपने वाले ग़द्दार हैं
कभी लगता है कितना सुंदर यह संसार है,
तो कभी लगता है की यह सिर्फ सपनों का भ्रम जाल है।



र्मा
(बीटेक/एमबीए)
(सूर्योदय विहार अंसल कालोनी शास्त्री नगर मेरठ)
(उत्तर प्रदेश)

# 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, महिला ने दिया बच्चे को जन्म

पप्पू लाल शर्मा

सीकर....मरीजों के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वरदान साबित हो रही 108 एम्बुलेंस स्टाफ ने एक महिला का सफल प्रसव करवाया गया। 108 सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन आलम ने बताया कि गुरूवार को जानना सीकर से जयपुर का रैफर मिला जिस में महिला ललिता पत्नी रविकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी फलशाना सीकर को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। सूचना मिलते ही जानना सीकर से जयपुर के लिए रवाना हो गए 108 एंबुलेंस गोविंद गढ़ के पास पहुंची। गोविंद गढ़ के के पास महिला की तबीयत और खराब होने लगी। महिला की हालत देख 108 एंबुलेंस



में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन आलम व पायलट हीरालाल ने गोविंदगढ़ के पास एंबुलेंस रोककर एम्बुलेंस में महिला का सफल प्रसव करवाया। महिला ने एक स्वास्थ्य बेटे को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को राजकीय चिकित्सालय गोविंदगढ़ में एडमिट करवा दिया गया। जहां पर जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है।

# आधी रात को ट्रेलर चोरी की वारदात, पुलिस की मुस्तैदी से ट्रेलर बरामद !

रिपोर्ट राजकुमार शर्मा, राजस्थान, कोटपूतली-

आधी रात को कोटपूतली के श्याम मंदिर के पास राठौरों की ढाणी में अज्ञात चोरों ने ट्रेलर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रेलर को चुरा लिया। घटना रात करीब 2 बजे की है जब ट्रेलर ड्राइवर महेंद्र सिंह राठौड़ अपने घर चाय पीने के लिए गया था। ट्रेलर को सड़क पर खड़ा छोड़कर गए महेंद्र सिंह जब कुछ देर बाद वापस लौटे तो ट्रेलर गायब मिला।

चोरी की यह वारदात पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में चार चोरों को एक कार में आते हुए देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर तत्काल नाकाबंदी करवाई गई।

कार में सवार होकर आए थे चोर-

सीसीटीवी फुटेज में सफेद रंग की कार दिखाई दे रही थी जिसमें चोर सवार होकर आए थे।

चोरी के बाद कार आगे आगे चल रही नजर आ रही थी। ट्रेलर में जीपीएस सिस्टम लगा होने के कारण ट्रैकिंग में आसानी हुई और सुबह करीब 6 बजे शाहजहांपुर के पास चोरों ने नाकाबंदी देख ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रेलर को बरामद कर लिया है और चोरों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में चार चोर शामिल थे।

पुलिस की तेज़ कार्रवाई और सतर्कता से चोरी का ट्रेलर बरामद कर लिया गया, हालांकि चोरों की गिरफ्तारी अब भी बाकी है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# अपनी कलम अपनी आवाज़

**दोषी कौन**

इंसानियत जिसकी मर चुकी है
भला वह क्या कर सकेगा।
लाभ लेने से पेट भरे तो
फिर भी नही दे सकेगा।।

दोषी अपने आप हैं हम
जो हम उन्हे साथ देते हैं।
भला कर कर के भी
बदले में कुछ न लेते हैं।।

हम भी दोषी आप भी दोषी
दोष मैं किसका कहूं।
ग्राहक बनकर रह गया तो
हिसाब मै किससे करू।।

मूक बनकर रहे हो तुम
और मूक बनकर रहना होगा।
चुंग जाती चिड़िया खेत जब तो
पछताकर कुछ कहना होगा।।

जब तक कुछ कहोगे नही
कौन किसका सुनता हैं।
दोषी अपने आप में हैं तो
शायद कोई कह पाता हैं।।



मुन्ना प्रसाद मुरली
शिक्षक सह कवि
रोहतास बिहार

## जिद पर अड़ी रोशनाई

लिखूंगी सच से भरी लिखाई
होगा ऐसा वो लेख,
बन जायेगा एक दिन अभिलेख
गर्वित हो जाए पढ़ने वाला
चाहेगा बनाना शिलालेख।

लिखते लिखते कलम, कभी कर जाए धृष्टता
छुपा ना पाये निज मन की व्यग्रता,
कोई ना समझ पाए उसकी अधीरता
किस बात की है ये आतुरता?
जानती है कलम, लेख की महत्ता
देखी है उसने लोगों की उदासीनता
पर समझती है वो संवेदनशीलता
जिस दिन कलम की ताकत, सबको समझ आ जाएगी
सच्चाई लिखने से कलम कभी ना घबराएगी।

मार्ग में आए चाहे कितनी भी कठिनाई
चाहे हो कितनी निंदा, कितनी भी बुराई
जानती है रोशनाई, होगी बहुत जग हंसाई
सत्य लिखने की कीमत बहुतों ने जान देके चुकाई
पर कलम को करनी होगी खूब ढिठाई
चुनौती भरी राह में सब छोड़ देंगे साथ
जीवनपर्यन्त साथ चलेगी, परछाई बनके रोशनाई
हर्षित है, गर्वित है आज रोशनाई
लाख कठिनाइयों के बावजूद
लिख पाई सच से भरी लिखाई ।



आराधना पी मौर्य लखनऊ

## गीत

प्यार अपना मैं दिल में छुपाने चला
खुद को ही मैं जहां से मिटाने चला।
तुम मिलो न मिलो अब है परवाह नहीं
झूठी दुनिया से अब मैं जाने चला।
नाम तेरे लिखे जो थे सुंदर सपन
खाक उनकी मैं अब तो बहाने चला।
तुमसे मिलने का अरमां दिल में लिए
अरमानों की चिता मैं सजाने चला।
प्यार अपना मैं दिल में छुपाने चला....
याद में तेरी दिल यह मचलता बहुत
कर लिए सौ जतन मन भटकता बहुत ।
राह तकते कई दिन औ रातें गयीं
नापते रास्ते रूक हैं सांसें गयीं।
प्यार अपना मैं दिल में छुपाने चला....
चांद की शाम भी तन्हा कटती नहीं
महफिले भी कोई जख्म भरती नहीं ।
तुम आओ तो खुलकर बता दो हमें
जिंदगी बिन तुम्हारे है गुजरती नहीं ।
प्यार अपना मैं दिल में छुपाने चला
खुद को ही मैं जहां से मिटाने चला।



स्वरचित मौलिक
अंजू विश्वकर्मा %अवि %
गोरखपुर, उ.प्र.।

## फिसली दलबदलूओं की जुबां,

हरियाणा में फिसली दलबदलूओं की जुबां,
अपने ही पार्टी का कर रहे काम तमाम।
खुद की ही पार्टी को बता रहें है दमनकारी,
समझ नहीं आ रहा यह कैसी है कलाकारी।
पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ बयान दे रहे,
कार्यकर्ता सकते में है वह भी खफा हो रहे।
कांग्रेस नेताओं के बयान ज्यादा गड़बड़ा रहे,
वे तो अभी भाजपा की सरकार बनवा रहे।
एक ने तो पुरानी पार्टी के लिए वोट मांग लिए,
कार्यकर्ता बोला जीत के भी बुझा दिये दिए।
उम्मीदवार ने कांग्रेस को ही गैस पर घेर दिया,
अरे, जीत रहा था वह खुद ही पानी फेर दिया।
विपक्षी दल बयानों पर खूब तंज कस रहे हैं,
मतदाता वोट देने से पहले ही खूब हँस रहे हैं।
कौन गुप्ता, कौन बलवान? रंगा या मोहित!
पता नहीं किस-किसका कौन कर रहा अहित?
अब तो न जाने क्या-क्या हो रहा है वायरल?
किसी की जीत और हार का बज रहा सायरन।



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986

## बेटी है तो सब कुछ है

बेटी है तो कल है
बेटी है तो सर्टि है
बेटी है तो दुनिया है
सच तो यह है कि
बेटी ही, परम् पिता ईश्वर की, दुनिया की जनक है
सुख , सुकून, और आनन्द
बेटी केवल कोमलता लिए
नाजुक , किसी विषय का
आधार नहीं, बल्कि
समय पर, बनी, दुर्गा, काळी, लक्ष्मी का नाम भी
बेटी क्या नहीं है
सही सोच, चिंतन कर
सोचें, लगेगा, सचमुच
बेटी है तभी सभी सुख और
दुनिया के आनन्द है
वही तो सृष्टि की जनक
वही तो जन्म देती
दुनिया को चलती हुई
देवत्व है, पूजा है,
विकास है, उन्नति है
प्रणाम करता हूँ
इस बेटी दिवस पर
दुनिया की तमाम बेटियों को, सत् सत् प्रणाम करता हूँ



डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ, मध्य प्रदेश

## मौत के पहले का

जीवन का इस से बड़ा
सुख और सुकून क्या है
कि जिस पावन भूमि पर
जन्मा, उस शहर को
आज, कुछ ही सही
देकर जा रहा हूँ
आज यह शहर याद भले न
करें, कोई दुःख नहीं
मैने सदा, मेरा नाम नहीं
शहर का नाम चाहा
और वो, आज, जब कुछ
हद तक, हासिल किया
तो, सचमुच गर्व हुआ
मेरी सालों की, पूरी रात
जाग कर की
साधना को
प्रणाम करता हूँ
उस ईश्वर को
जिसने, पग पग पर
मेरा साथ दिया
और में, जीवन की सार्थकता को
कुछ अंश तक ही
सार्थक कार्य करते हुए
जी गया,
बहुत है यह
महान बनने का
कोई शोक नहीं
जब कर्म ही
उस पावन भूमि के लिए
करना है , तो खुद की
बात कहाँ आती हैं
खुद का जीवन तो
वैसे ही, धन्य हो गया कि
ईश्वर सदा ही साथ साथ
रहा
प्रणाम उस ईश्वर को

**डॉ रामशंकर चंचल**
**झाबुआ मध्य प्रदेश**

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रयागराज 28 सितंबर 24,

चिकित्सा के क्षेत्र मे विमल होमियो सदन पिछले बीस वर्षो से लगातार सुविधा प्रदान कर रहा है। इसी क्रम मे 29 सितंबर को एन पी ए आर्केड निकट सुभाष चौराहा सिविल लाइन मे अपरहा 12 बजे से शाम 3 बजे तक निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन कर रहा है। शिविर के आयोजक व विमल होमिओ सदन ट्रस्ट के संस्थापक डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बताते है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र मे लगातार इस तरह के निशुल्क शिविर का आयोजन कर लोगो को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर मे अधिक से अधिक लोग पहुँच कर निशुल्क सेवा का लाभ अवश्य ले

# ड्राइवर ने ट्रांसपोर्टर को लगाया लाखों का चूना, माल लेकर फरार



दि ग्राम टुडे, कानपुर।
(सौरभ मिश्रा)

थाना बाबूपुरवा क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नेशनल ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के मैनेजर राम जी त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत 3 सितम्बर को अहमदाबाद कार्यालय से उनके ट्रांसपोर्ट की आर जे 19 जी क्यूं 2814 गाड़ी ग्राम उदयपुर जामु कला अंबेडकर नगर निवासी ड्राइवर पप्पू पाल अहमदाबाद से कानपुर को रेडिमेड कपड़ो भरी गाड़ी लेकर निकला। रास्ते में ड्राइवर पप्पू ने 27 नग रेडिमेड कपड़ो को चोरी कर उन्हें चूना लगाकर फुर्र हो चला। माल की कीमत तकरीबन 15 लाख रुपए है। जैसे ही उनकी गाड़ी ट्रांसपोर्ट पहुंची तथा माल का मिलान कराने पर उन्हें 27 नग कम नजर आए। उन्होंने बताया की उनका ट्रांसपोर्ट तकरीबन 20 वर्षों से संचालित हो रहा है। ड्राइवर के द्वारा लाखो की चोरी करने से उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आलाधिकारियों से गुहार लगाते हुए अपील की जल्द ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग की। मैनेजर त्रिपाठी ने बताया की उनकी प्राथमिक सूचना स्थानीय पुलिस ने दर्ज कर ली है तथा ड्राइवर लाखो की चपत लगाकर गायब है। और उसके पारिवारिक जन आरोपी ड्राइवर का साथ देते हुए उन पर ही दबाव बना रहे हैं। रामजी त्रिपाठी ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट यूनियन को भी उक्त मामले की जानकारी दे दी गई तथा यूनियन ने हर कदम पर साथ देने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर ट्रांसपोर्ट के मैनेजर ने अपील करते हुए कहा कि लाखों का माल लेकर फरार हुए ड्राइवर की सूचना पुलिस प्रशासन एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन को देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

# भाजपा एक से 15 अक्तूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी




दि ग्राम टुडे,कानपुर।शनिवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दक्षिण जिले की सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जिन बूथों पर लक्ष्य से कम सदस्यता हुई है वहां पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर कम से कम 100 सदस्य बनाएंगे। कम सदस्यता वाले चिन्हित बूथों पर सदस्यता बढ़ाने के लिए प्रदेश , क्षेत्रीय, जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से लगाया गया है। भाजपा एक से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी। पार्टी द्वारा 16 से 31अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को 100 सदस्य बनाना अनिवार्य होगा एवं ?100 की धनराशि नमो ऐप के माध्यम से भुगतान करना होगा।

उन्होंने कहा कि एक से 15 अक्तूबर तक सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन बस स्टेशन, कचहरी, विश्व विद्यालय, महाविद्यालयों में संपर्क के अलावा सामाजिक संगठन सभी सामाजिक वर्ग युवा, महिला, उद्यमी, किसान , अधिवक्ता, रिटायर्ड अधिकारी द्वारा कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है। संगठन की सदस्यता ही संगठन की आत्मा है। पार्टी की सदस्यता हमारी विचारधारा की प्रक्रिया है। भाजपा राजनीतिक सुख हासिल करने के लिए राजनीति नहीं करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी होगा। इसका मूल उद्देश्य भाजपा की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को जनता के बीच पहुंचाना है। पार्टी कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर सदस्यता अभियान में जुटें। बैठक में कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, विनोद मिश्रा,विजय अवस्थी, अर्जुन बेरिया,मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, प्रकाश वीर आर्य, दिलीप सिंह,अर्चना आर्या, वंदना गुप्ता,शैलेंद्र त्रिपाठी,संजय कटियार, शिवम मिश्रा, वीरेंद्र दिवाकर,संजीव बेरी आदि मौजूद रहे।

# भारतीय स्कूल लक्ष्मणगढ़ के नाम 10 जिला ट्रॉफी - रामस्वरूप महला

पप्पू लाल शर्मा

सीकर...शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मणासिया रोड़ स्थित भारतीय शिक्षण संस्थान में चल रहे क्रिकेट व रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान टीम भारतीय के खिलाड़ियों ने लगातार तीसरे चरण के खेलों में शानदान प्रदर्शन कर 10 ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रबंधक धर्मेन्द्र थालौर ने बताया कि बीपीएस कॉन्वेंट स्कूल ने 17 वर्षीय छात्रा वर्ग क्रिकेट में रा मा उ वि बगड़ी टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। बीपीएस कॉन्वेंट लक्ष्मणगढ़ ने 19 वर्षीय छात्रा वर्ग रग्बी फुटबॉल में राजकीय स्कूल पनलावा को हराकर जिला खिताब हासिल किया। भारतीय स्कूल लक्ष्मणगढ़ ने 19 वर्षीय छात्रा वर्ग रग्बी फुटबॉल में रा मा उ वि ताजसर को हराकर जिला ताज अपने नाम किया। सॉफ्टबॉल 17 वर्षीय बालिका वर्ग में जिला उपविजेता का खिताब भारतीय स्कूल के नाम रहा। क्रिकेट 19 वर्षीय छात्रा वर्ग, और 17 वर्ष छात्र रग्बी फुटबॉल में भारतीय शिक्षण संस्थान की टीम तृतीय स्थान पर रही।



संस्था निदेशक रामस्वरूप महला ने मुख्य अतिथि, खेल संयोजक, प्रभारी, निर्णायक दल एवं सभी कोचेज व प्लेयर्स को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विजेता, उपविजेता व रनर अप टीम को हार्दिक बधाई दी एवं उन्हें ट्रॉफी से नवाजा गया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने से सफलता अवश्य की मिलती है।

# अविष्कार अभियान की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई

हिंदी दैनिक दि ग्राम टुडे
गणेश प्रसाद द्विवेदी
ब्यूरो चीफ प्रयागराज

नवाबगंज।शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार प्रयागराज क्षमा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विकासखंड के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार प्रयागराज की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया छात्र-छात्राओं ने लिखित एवं मौखिक प्रतियोगिता को क्वालीफाई करते हुए क्विज स्तर में अपनी भागीदारी बनाई।



इस प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार प्रयागराज की पांच बालिकाएं वैभवी मौर्या,नैंसी यादव, साक्षी गौतम, रिमझिम और कोमल अंतिम 20 में चयनित हुई तथा दो बालिकाएं नैंसी यादव और रिमझिम जनपद स्तर हेतु चयनित हुई ।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं सहित सभी विजेता छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सील्ड एवं अन्य शैक्षिक सामग्री ,उपयोगी पुस्तकों आदि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं द्वारा जनपद स्तर पर चयनित होना यह सिद्ध करता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं भी विज्ञान और गणित जैसे विषयों में अपनी प्रतिभा दिखा सकती हैं और इस क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती है।

# संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में रचना मिश्रा को गोल्ड मेडल मिला




दिलीप कुमार संवाददाता कादीपुर सुलतानपुर । चांदा कोतवाली क्षेत्र के कोइरीपुर कस्बे के मोहल्ला विवेकनगर निवासी रचना मिश्रा पत्नी प्रभात रंजन दुबे आचार्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा प्राप्त किया ।गुरुवार को संपूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय के बयालिसवाँ दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ । जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल द्वारा कोइरीपुर की बहु रचना मिश्रा को आचार्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल पाकर नगर को गौरान्वित किया । रचना मिश्रा सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय की छात्रा रही । उन्होंने आचार्य में भाषा साहित्य विषय में विश्वविद्यालय टॉप किया । रचना मिश्रा से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य संस्कृत भाषा को प्रवक्ता बन कर आगे बढ़ाना है । उनके इस उपलब्धि पर उनके परिजन रमेशचन्द्र दुबे रमाकांत मिश्र दिनेश शुक्ला ने खुशी जाहिर किया है ।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयोजन में सेमिनार का हुआ आयोजन

अंजनी दूबे संवाददाता

सुल्तानपुर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा सुल्तानपुर के संयोजन में नगर के गार्डन व्यू हाउस में जनपद के वरिष्ठ फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जेपी सिंह की अध्यक्षता में रिफ्लेक्स ओशोगाइटिस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि हेल्थ सिटी विस्तार के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर अभिनव कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय गैस के कारण पेट में दर्द जलन और उल्टी होता है। तो इसके लिए सभी को शाम के समय भोजन जल्दी करना होगा और दिन में फल फ्रूट ताजी सब्जियों का प्रयोग करें। साथ ही साथ गैस की समस्या होने पर अपने चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

पेट में हो रहे किसी भी तरह के दर्द को हल्के में ना लें। दर्द होने के कई कारण होते हैं। जिसमें प्रमुख कारण गैस भी होता है। डॉ अभिनव कुमार ने मोनोपराजोंन एसिड सपरेशन के बारे में विधिवत रूप से चर्चा किया। यह एक नई दवा है इसे किसी भी समय गैस बनने पर लिया जा सकता है। सेमिनार में डॉक्टर राजीव रतन मिश्रा ने डॉक्टर अभिनव कुमार का बुके देकर स्वागत किया साथी साथ डॉक्टर ए पी अरोड़ा ने डॉ जेपी सिंह को बुके देकर स्वागत किया बैठक में आई एम के अध्यक्ष जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर ए के सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ नीलिमा भटनागर उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी डॉ लाल जी डॉ पवन सिंह वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर पीके पाण्डे य वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूप सिंह डॉ बीके शुक्ला डॉक्टर सुभाष चंद्र डॉ एसएम वर्मा वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव डॉक्टर शैलेंद्र जायसवाल सहित आईएमए के सदस्यों व पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही।

# लघु कविता

जीवन की इस दौड़ में
जीवन की इस दौड़ में,
कब समय निकल गया
कल तक थे जो अपने,
नीलाम हो गए,
कब कुछ लोगों की खुशियों के लिए
अपने सपनों का बलिदान कर दिया,
और आज उन्हीं लोगों ने मतलब के खातिर भुला दिया।
रूह आज भी पुरानी यादों में अटकी,
बस समय का पहिया बदल गया
चला था आशायें और सपने लेकर,
आज उन्हीं आशाओं और सपनों के बोझ तले दब गया
पैदल चलना सीखने वाला बच्चा कब
समय के साथ कब अपनी मंजिले लिखने
खुद अपने पैरों पर खड़ा हो चल दिया
जीने की कला रखने वाला कब जीना भूल गया।



अंकित अधाना
(एमबीए)
(ग्राम ऐंटी खुर्द
पोस्ट चेतावनी शेरपुर
मवाना मेरठ )

## तिरुपति बालाजी समेत देश के सभी मुख्य मंदिरों का हो, उच्च स्तरीय जांच- स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज




वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया

देश के मुख्य मंदिरों का सरकारीकरण नहीं, समाजीकरण हो- सुनील कुमार सिंह! तिरुपति मंदिर में प्रसादम को गंभीर रूप से अपवित्र करने से आहत राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज ने कहा कि इस दुर्भाग्यजनक महापाप की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा होनी चाहिए। साथ ही भगवान के भक्तों को समाविष्ट कर ऐसी व्यवस्था की भी सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें इस तरह के षड्यंत्र की कोई संभावना न रह सके। उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर से मिलने वाले प्रसादम की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की अगाध श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस प्रसाद को निर्माण करने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विधायक समाचार आ रहे हैं। क्योंकि यही लड्डू अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी बंटा था। इसमें आसुरी शक्तियों का प्रवेश हो गया, यह बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय साजिश रची गई है। सनातन धर्म पर कुठाराघात हुआ है। भारत सरकार तत्काल इस मामले की जांच कर कठोर कार्यवाही करें। आज पूरे देश का हिंदू समाज अक्रोशित है, और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। कहा कि जिस तरह तिरुपति बालाजी के मंदिर में चर्बी युक्त लड्डू का मामला सामने आया है, इसको देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी मुख्य मंदिरों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। और जांच में दोषी पाए जाने वालों के ऊपर कठोर से कठोर सजा होनी चाहिए, यहां तक की फांसी की सजा तक मुकर्रर की जानी चाहिए।ताकि हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले को इस तरह की षड्यंत्र करने से पहले सौ बार नहीं, हजार बार सोचना पड़े। वहीं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि तिरुपति बालाजी के लड्डू जैसे बतौर प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलने वाली घटना हृदय विदारक है। यह देश के लगभग 120 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाली घटना है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को ऐसी कठोर सजा मिले की, ताकि देश की किसी भी मंदिरों में इस तरह की घटना घटित ना हो सके। क्योंकि इस घटना के बाद कुछ अन्य मुख्य मंदिरों के प्रसाद पर भी शंका उत्पन्न होने लगी है। दूसरी ओर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज देश में जितने मुख्य मन्दिर हैं सरकार से मुक्त कर निजीकरण किए जाने की जरूरत है। कहा की तिरुपति बालाजी मंदिर का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड करता है। वहां केवल प्रसाद निर्माण के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया, अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से अर्पित की गई राशि आणि चढ़ावा के सरकारी अधिकारियों व नेता, मंत्रियों द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं। कई बार तो हिंदुओं के धर्म पर आघात कर हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को इस पवित्र राशि से अनुदान देने की समाचार तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों से भी मिलते रहे हैं। अर्थात राष्ट्र सेवा फाउंडेशन केंद्र सरकार से मांग करती है कि, यदि देश के मुख्य मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं, तो मजार, मस्जिद, गिरजाघर गुरुद्वारा भी सरकार के नियंत्रण में होनी चाहिए ? और यदि मजार, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा सरकार के नियंत्रण से मुक्त है तो, हमारे मठ मंदिर भी सरकारी नियंत्रण से मुक्त होनी चाहिए? क्योंकि जब तक मठ मंदिरों को समाजीकरण नहीं किया जाएगा, तब तक हमें इस तरह की खबरें हो सकता है दुर्भाग्य से मिलती रहे!? अन्यथा राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की इस मांग को जब तक केंद्र सरकार द्वारा पूरा नहीं की जाती है, तब तक संगठन इस आंदोलन की लड़ाई को जारी रखेगी !

## एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ पुरानी पेंशन के समर्थन में आक्रोश मार्च

जौनपुर। अटेवा जौनपुर के बैनर तले जनपद के सभी शिक्षक व कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ पुरानी पेंशन के समर्थन में आक्रोश मार्च निकाला। सभी शिक्षक कर्मचारियों ने अम्बेडकर तिराहे से जोगियापुर, ओलंदगंज, जेसीज, रोडवेज, विकास भवन होते हुए डीएम कार्यालय पहुँच कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम दिनेश चंद्र को दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि पेंशन के नाम पर सरकार केवल यूपीएस का झुनझुना हाथ में पकड़ा रही है। सरकार को शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों से बातचीत करने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पुरानी पेंशन शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से मांग रही है। शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन अवकाश के बाद जीवन का सहारा होती है। बुढ़ापे की लाठी होती है। अटेवा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली तक सभी आंदोलनरत हैं। हमें पुरानी पेंशन हर हाल में चाहिए। अटेवा के जिला प्रवक्ता विनय वर्मा ने कहा कि सरकार अपने सांसदों और विधायकों को पुरानी पेंशन का लाभ दे रही है और जबकि शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मौके पर नन्द किशोर सिंह अध्यक्ष विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव, महिला प्राथमिक शिक्षक संघ विजय लक्ष्मी यादव, श्री अनिल यादव जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, उमानाथ यादव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक महराजगंज आदि उपस्थित रहे।

# अपनी कलम अपनी आवाज़ मशहूर बनो तुम!

मशहूर बनो तुम ,
मुझे कोई चॉइस नही हैं।
मैं जीतकर भी ,
स्वयं से हार जाता हूं,
क्योंकि मुझे,
जीत की ख्वाहिश नही हैं।।

प्यार पाता हूं अपनो से,
गैरों को भूल न पाता हूं।
गैरों से गले लगाता हूं,
उन्हीं का आशीष पाता हूं।।
उनको भी अपनाता हूं,
जो नाईस नही हैं।
मैं जीतकर भी,
अपनो से हार जाता हूं,
क्योंकि मुझे,
जीत की ख्वाहिश नही हैं।।

डूबते को पतवार हूं मैं,
साहित्य के कलमकार हूं मैं।
न वरिष्ठ हूं, न अशिष्ट हूं
न क्लिष्ट हूं,न रसिस्ट हूं।।

ज़िद करता हूं
जीतने के लिए,
कोई गुंजाइश नहीं हैं।
मैं जीतकर भी,
स्वयं से हार जाता हूं,
क्योंकि मुझे ,
जीत की ख्वाहिश नहीं हैं।।



मुन्ना प्रसाद ( मुरली)
शिक्षक सह कवि
रोहतास बिहार

# एक तरफ कुआं और एक तरफ खाई है

आंखों में तुम्हारी खूबसूरती बसाई है
दिल मे तुम्हारी, यही तस्वीर बनाई है
निखरा है रंग हसीन तस्वीर का अभी,
आज इश्कमें इश्क ने लज्जत पाई है
इश्क में दर्दका मिलना तो लाजमी है,
क्योंकि दर्द अपना और प्रीत पराई है
सच्ची प्रीत मिलना नसीब की बात है,
आज इश्क के नाम पर इश्क हरजाई
इश्क में वफ़ा ये दुआओं से मिलती है,
बेवफा ने ये इश्क में बद्दुआ मिलाई है
सच्चा इश्क शमा परवाने का जान लो,
इनकी मोहब्बतमें तो गहरी गहराई है
इश्क इश्क नहीं रहा, हवस बन गया,
इश्क में एक तरफ कुआ और खाई है




सीताराम पवार
ग्राम पोस्ट तह वरला
जिला बड़वानी
मध्य प्रदेश
9630603339

# जिन्दगी आखिर कट ही जायेगी

तुम अगर साथ दोगे तो उम्र गुजार जायेगी
तुम्हारे बिन जिन्दगी आखिर कट ही जायेगी 7

श्रृंगार और सावन दौनों का मेल दिखे अनुपम
तट बंध तोड़ देती सरिता उफान आ ही जायेगी 7

कड़के बिजली बहुत डराती आवाजें गर्जन की
मौसम ने लीअंगड़ाई तेरीयाद आ ही जायेगी 7

मन का पंख पखेरू चाहे उड़ कर गगन को छूले
अमृत नभ से टपके पीकर गम कोभूल हीजायेगी 7

सावन के सांवरे चितवन की बात तो दिखती
सांवरेकीबंशी सुन जिन्दगीआखिर कट ही जायेगी 7

कान्हा की कृपा से धरती सोना उगले हरदम
मधुवन खिल जाता है उम्र प्यार से कट जायेगी 7

डॉ उषा अग्रवाल जलकिरण छतरपुर मध्यप्रदेश

# अमीर की रोटी छोटी होती

बेईमानों के चेहरों पर, कभी मुस्कान नहीं होती7
इमानदार चेहरों पर कभी भी थकान नहीं होती7
सब कुछ खरीद सकती है दौलत इस दुनिया में,
शुकर है मुस्कुराहट किसी की गुलाम नहीं होती7
उड़ाके साथ अपने ले गई जो घर इन परिंदों का,
जिंदगी देने वाली हमें हर हवा तूफान नहीं होती7
हमारी श्रद्धा ही हमसे पत्थरों की पूजा कराती है,
वरना पत्थर की हर मूरत भी भगवान नहीं होती7
जिंदगी के हर मोड़ पे सुख दुख तो मिलते रहेंगे,
मगर हमसे सुख दुख की तो पहचान नहीं होती7
संतोष अगर है तो ये दुख हमको सुख लगता है,
संतोषी दिल की दुआएं भी, बेजुबान नहीं होती7
गरीब की रोटी बड़ी, अमीर की रोटी छोटी होती,
अंतर यही हैं रोटी अमीर का अरमान नहीं होती7




सीताराम पवार
ग्राम पोस्ट तह वरला
जिला बड़वानी
मध्य प्रदेश
9630603339

# सस्ता है

देखो मस्ती मस्ता है ,
चौपट सारा रस्ता है।

महंगी है हर चीज यहाँ ,
मानव केवल सस्ता है।

दीवाने का हाल बुरा ,
उसकी हालत खस्ता है।

बच्चों के स्कूल खुल गए ,
उनका भारी बस्ता है।

मेरी है हर राह ख़ुशी ,
तेरा दुख का रस्ता है।



स्वरचित
महेंद्र कुमार वर्मा
भोपाल म.प्र.
मो 9893836328

# सफलता की सीढ़ी

सफलता की सीढ़ी नीचे से शरू होती है
शुरुआत में ये एकदम खड़ी होती है
गरीबों की ये कठिन परीक्षा लेती है
अमीरों को अक्सर आसानी में मिली होती है
ऐसा नही कि सफलता गुलाम है किसी की
ये सनकी की सनक में सवार होती है7

कई बार जीतने की तमाम कोशिश में
इसके पीछे दौड़ाया, चक्कर लगवाया
कई बार थकाया, मुझे भगाया, रुलाया
पर हम भी कहाँ कम थे, दीवाने थे इसका
हम डाल-डाल वो पात-पात
वो आगे-आगे हम भी उसके पीछे-पीछे7

खूब रुलाया खूब जगाया सपनो में भी
हर पल दिखती थी वो अपनो में भी
अब सफलता अब जीत लिया हूँ
लक्ष्य इसका भेद चुका हूं।
अब ये सीढ़ी मेरे साथ है
चढ़ना इसने बहुत आसान है
धैर्य से सीढ़ी चढ़ पाएँगे
तभी सफलता हम पाएँगे।



रचनाकार
श्याम कुमार कोलारे
छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश
9893573770

# भूख के किरदारों का यथार्थ चित्रण

धन कुबेरों को दौलत की भूख होती
भूख केवल पेट पिपासा की नहीं होती,
इसके भी कई किरदार ?होते।
दुनिया में सबसे बड़ी भूख,
रोटी की होती।
भूखी किसी व्यक्ति की नजरे भी होती।
राज नेताओं को कुर्सी की भूख होती।
भूखा व्यक्तित्व भी होता,
भूखी इच्छा भी होती।
भूखी आत्मा भी होती,
कोई व्यक्ति देह का भी भूखा होता।
कोई प्यार का भी भूखा होता।
कोई अपनेपन का भूखा होता,
कोई सपने का भी भूखा होता।
ऊंचे महलों में रहने वालों को,
आंखों में नींद न होती।
कोई सब कुछ पाकर भी,
धन दौलत सम्मान का भूखा होता।
झूठ कपट का व्यापार करने वालों की
नियत में खोट होती।
कोई खुले आसमां का भूखा होता,
भूख केवल पेट पिपासा की नहीं होती,
इसके भी कई किरदार होते।



(गोविन्द सूचिक अदनासा खिरकिया)
जिला -हरदा नर्मदापुरम संभाग
मध्यप्रदेश

# तेरे खुबसुरत हाथों को चूम लूं कभी मैं भी।

कभी यूं भी बेवजह रुबरु हमसे हो जाया कर।
दीदार की तलब है क़रीब थोड़ा हो जाया कर।
मंजिलें इश्क़ मुझको तो अब मिलने से रही।
दिल पर मेरे दस्ते नाजुक ज़रा रख जाया कर।
आँखों में हर घड़ी तुझको सजा के रखता हूँ ।
धड़कनें मेरे दिल की तु भी सुन जाया कर।
तेरे खुबसुरत हाथों को चूम लूं कभी मैं भी।
अपने हाथों को नज़दीक भी मेरे लाया कर ।
इतनी बेक़रारी भी अच्छी नहीं है मुश्ताक़ ।
दिल को भी अपने बैठकर समझाया कर ।



डॉ.मुश्ताक अहमद शाह सहज़
हरदा मध्य प्रदेश

# श्रृंगार गीत

डॉ.शिवदत्त शर्मा ÷शिव÷
मापनी 2122 2122 2122 212
( गीतिका छंद में)
चंद्रमा सी /देखि छवि, न/क्षत्र शरमा/ने लगे।
शीलता शालीनता लखि, देव गण गाने लगे।।

स्वर्ण स्वप्निल सुंदरी सा, कोमलांगी तन वदन,
ज्वार भाटा उठ रहे है,
सैकड़ो शिव सिंधु मन।
सखि चपल चितवन तुम्हारी,प्रेम संदेशो? भरी,
मन के मंदिर में हमारे, दल भ्रमर गाने लगे।।
चंद्रमा सी देखि छवि.........!

मधु मिलन संदेश पाकर, तुमसे हे प्यारी सखी,
गति हृदय ऐसी बढी, तुमको पता क्या हे सखी।
लगता है त्रिलोक का सुख पालूंगा मैं हे
सखी,
कान में ऐसे लगे, मृदु शंख बहु बजने लगे।।
चंद्रमा सी देखि छवि.........!

रात से नींदे नदारद, दिन गवांता चैन है
देखनें को इक झलक, ब्याकुल हमारे नैन हैं।
हर पिपासा भूलता तन, कंठ भूले बोलना,
शब्द अक्षर ज्ञान भूले, मौन गुण गाने लगे।।
चंद्रमा सी छवि देखि..........!



जयपुर राजस्थान।

संजीव-नी।

## आओ दें पैगाम शांति का।

जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो पायेगा,
हिंसा नफरत ईर्ष्या
यदि विश्व में फैलाओगे
शांति अमन चैन
कहां से पाओगे।
रूस यूक्रेन युद्ध
विस्तार वाद की परिणति
लाखों लोगों ने देदी
इस हिंसा में आहुति।
बेघर हुई मानव जाति
बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और मासूम
यूक्रेन रूस युद्ध में
कितने कितने हुए गुमसुम
मुरझा गए आकाश कुसुम,
अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो गए
रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग में
घी डालकर हवन कर गए।
पाकिस्तान आतंक को पालकर
हिंसा को अपनी ढाल बनाकर
अपने ही घर को जलाकर
अब आंसू बहा रहा है,
विदेशों से सहायता मांग कर
अपना घर चला रहा है।
भारत ने बोया पौधा शांति का
अब दुनिया को देशों को
दे रहा है संदेश
अमन चैन और शांति का।
अब भी संभल जाओ
दुनिया वालों,
आने वाली नस्ल के लिए
एक नन्हा पौधा लगाओ
पृथ्वी पर
अमन चैन और बहाली का
और पाओ फल वैश्विक खुशहाली का।
कुछ सीख लो
भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति से
और
पा जाओ कुछ
ईश्वर से ऐसा प्रसाद
जो तुम्हें देगा,
एक पैगाम
वृहद सद्गति और शांति का,
फिर कहीं नहीं होगी हिंसा
युद्ध और संताप।
नहीं करना पड़ेगा
मानव जाति को
युद्ध और हिंसा पर पश्चाताप
और मृत्यु का भयानक संताप,
फिर सब जिएंगे
आत्मसम्मान
और गौरव के साथ,
अमन चैन होगा मासूमों के हाथ,
अनंत शुभकामनाओं
और खुशहाली के साथ।



संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,
9009 415 415,

## गजल

हर तरफ यूं उसकी ही नज़र से तो देखो
छत पे फैली हुई ये उजली सहर को देखो।।

खुद को खुद की तुम आंखो से तो अच्छा देखो
यूं हकीकत यह कहते हर घर तो देखो।।

अब वफ़ा देखो तो हर हाल बजा हो जाए
उनके अनुसार ही कितना हैं असर देखो।।

रात के बाद ही सुन्दर पर अच्छा पाओ
दिल से मेरे दिल में भी कसर तो देखो।।

उनकी तबियत से मुहब्बत का असर तो देखो
आज बहती हैं जवा दिल कि बसर तो देखो।।

खुद के साथ में तुम भी अब यादों को भी
कैसे माना हैं मेरे दिल पे असर तो देखो।।



कनक

## सरका जाए आज दुपट्टा

अपने निश्चित स्थान से।
और प्रदर्शन देह यष्टि का
होता कितनी शान से।।

आंचल गिरता,घूंघट उठता
चपल नैन चितचोरी में।
एक निमंत्रण बंटता जाता
संयम की कमजोरी में।
अल्प वसन में फिसल रही है
मर्यादा निज मान से।।

अंगों को आकर्षक ढंग से
प्रस्तुत करना सुंदरता।
और अंग से आमंत्रण दे
घायल करना बर्बरता।
कितने पायदान उतरी है
इज्जत निज सम्मान से।।

दैहिक पतन चरम प्रतिगामी
और चरित्र खिलौना है।
आकर्षण के हुनर सिखे सब
सुख साधना बिछौना है।
मूल्य ह्रास,नारीत्व प्रश्न है
छल होता ईमान से।।

सतीश चन्द्र श्रीवास्तव
रामपुर मथुरा जिला सीतापुर

## जय मां शारदे

मंच को नमन
शीर्षक–भगत सिंह
विधा–कविता

बड़े गर्व की बात है,
आज है यारों 28 सितंबर सबका प्यारा,
एक महान क्रांतिकारी का जन्मदिवस
जो था सबसे न्यारा।
28 सितंबर 1907 को जन्मा
बंगा गांव जो पाकिस्तान में है,
सरदार किशन सिंह और
मां विद्यावती का सबसे प्यारा।।

बचपन से ही गिरना हो गई अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा था 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग,जिसने संघारा था। लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेके तब सांस ली,भगत,राजगुरु,सुखदेव ने मिलकर सांडर्स को मारा था।। महान सेनानी एवं क्रांतिकारी का नमन वंदन करते हैं हम, भगत,राजगुरु,सुखदेव का फिर से अभिनंदन करते हैं हम। जन्म लिया बंगा भूमि लालपुर जो कितना प्यार होगा, जहां दबी हुई है तेरी अस्थियां उस माटी का चंदन करते हैं।। हिंदी,उर्दू,पंजाबी,अंग्रेजी,बांग्ला के ज्ञाता थे शहीद जी, जाति धर्म के कारण सुनते दुःखी हो जाते थे शहीद जी। जो कल्पना की थी तुमने वह अब तो साकार हो गया है, जो तुमको ख्याति थी मिलनी न मिला तुम्हें शहीद जी।। 23 वर्ष की अवस्था में जिसने फांसी फंदा चूम लिया हो, बम फेंक असेंबली में अंग्रेजों का माथा ठनका दिया हो। डर गई अंग्रेजी हुकूमत ताकत देख 23 वर्ष के लड़के की, जिसने मिलकर अंग्रेजी सरकार के नाक में दम किया हो।।

स्वरचित रचना
प्रभात सनातनी राज गोंडवी
गोंडा उत्तर प्रदेश


## प्यार कर या धिक्कार दे

साँस ले तू छीन के
या मुझे तू मार दे
कर हमेशा प्यार प्रिय,
या मुझे धिक्कार दे
मैं खो गया, सो हो गया
आत्मा से जाग के, आ मुझे तू जान ले
मगर बाहर, न कर इस भूख से
स्वप्न के इस नींद से,
हो गया, वो हार जीत
ईश है, न हो भयभीत
छोड़ो तुम वो कल की बातें
जो बीते अकेली रातें
लो वे वक्त, उधार के
धूप भी शृंगार के,
अब हो गई है, शाम नशीली
बन गई दो नैन सहेली
आ तू देख ऐसे, भीतर यों झाँक के
मैं खो गया जो, तुझे यों देख के



मनोज कुमार गोण्डा उत्तर प्रदेश

# *बुकटेल का भारत का सबसे बड़ा बुकफेयर लखनऊ में पूरे भारत में साहित्यिक प्रेमियों को एक साथ लाने और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने मिशन को कर रहा है पूरा



दि ग्राम टुडे,लखनऊ।

भारत का सबसे बड़ा बुकफेयर अब लखनऊ में यह अद्वितीय पुस्तक मेला 27 सितंबर से 6 अक्टूबर 2024 तक अवध शिल्पग्राम, सेक्टर 9, अमर शहीद पथ, अवध विहार योजना में आयोजित किया जा रहा है, और यह पुस्तकों, रचनात्मकता और पढ़ने के शौक का एक अविस्मरणीय उत्सव होने वाला है।

एक अनोखा कॉन्सेप्ट– बॉक्स के लिए भुगतान करें, किताबों के लिए नहीं!

इस साल के बुकफेयर में, एक रोमांचक ट्विस्ट के साथ बॉक्स के लिए भुगतान करें, किताबों के लिए नहीं कॉन्सेप्ट पेश किया जा रहा है। इस अनोखे फॉर्मेट में पुस्तक प्रेमी दो बॉक्स साइज में से एक चुन सकते हैं - मिनी बॉक्स (1500 रुपये) या बिग्गी बॉक्स (2500 रुपये) - और अपने बॉक्स में जितनी किताबें समा सकती हैं, उन्हें भर सकते हैं। विभिन्न प्रकार की किताबों से भरे इस मेले में हर तरह के पाठकों के लिए कुछ न कुछ है। यह नई किताबें खोजने और अपनी लाइब्रेरी को बढ़ाने का एक शानदार मौका है। क्या उम्मीद कर सकते हैं–

विभिन्न प्रकार की किताबें– कथा, गैर-कथा, आत्म-सहायता, बच्चों की पुस्तकें और बहुत कुछ। परिवारों, छात्रों और पुस्तक प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श मेला है।

लेखकों से मिलने का मौका– प्रसिद्ध लेखकों से मिलें, अपनी पसंदीदा किताबों पर उनके हस्ताक्षर कराएं और उनके साथ संवाद करें।

कार्यशालाएं और कहानी सुनाने के सत्र– लेखकों के लिए कार्यशालाएं और छोटे बच्चों के लिए इंटरएक्टिव कहानी सत्र। यह रचनात्मकता को बढ़ावा देने और पढ़ने के शौक को और गहरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

विशेष मर्चेंडाइज– बुकटेल से जुड़े खास प्रोडक्ट्स और पुस्तक-थीम वाली मर्चेंडाइज भी उपलब्ध होगी। विशेष छूट– बॉक्स ऑफर के अलावा, कई किताबों और मर्चेंडाइज पर विशेष छूट का भी लाभ उठाएं।

तारीखें– 27 सितंबर से 6 अक्टूबर 2024 स्थान– अवध शिल्पग्राम, सेक्टर 9, अमर शहीद पथ, अवध विहार योजना, लखनऊ

समय– सुबह 10–00 बजे से शाम 10–00 बजे तक प्रवेश– सभी के लिए निःशुल्क बॉक्स की कीमत– मिनी बॉक्स 1500 रुपये, बिग्गी बॉक्स 2500 रुपये

भारत का सबसे बड़ा बुकफेयर सिर्फ एक पुस्तक बिक्री नहीं है, बल्कि यह पढ़ने, सीखने और रचनात्मकता का उत्सव है। यह एक ऐसा मंच है जहां पाठक एक-दूसरे से मिल सकते हैं, नई शैलियों को खोज सकते हैं और साहित्य और प्रकाशन की दुनिया के बारे में नई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। चाहे आप पहली बार किताबों में डूबने वाले बच्चे हों या फिर अनुभवी पाठक, यहां सभी के लिए कुछ न कुछ खास है।

बुकटेल का द स्टोरी बॉक्स बुकफेयर एक बार फिर से पूरे भारत में साहित्यिक प्रेमियों को एक साथ लाने और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। हम लखनऊ के सभी निवासियों को इस अद्भुत मेले का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

बुकटेल के बारे में

बुकटेल पुस्तकों और कहानियों की दुनिया में एक अग्रणी नाम है, जो पाठकों और लेखकों के लिए उत्कृष्ट अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश भर में बुकफेयर आयोजित करने से लेकर एक समृद्ध रीडर्स कम्युनिटी बनाने तक, बुकटेल सभी के लिए किताबों को सुलभ और आनंददायक बनाने के लिए काम कर रहा है।

इसे मिस न करें! 27 सितंबर से 6 अक्टूबर तक अपने कैलेंडर में तारीखें सुरक्षित कर लें, और अवध शिल्पग्राम में इस अविस्मरणीय साहित्यिक अनुभव का आनंद लें। चाहे आप अपनी व्यक्तिगत लाइब्रेरी को बढ़ाने के इच्छुक हों, अपने पसंदीदा लेखकों से मिलना चाहते हों, या बस किताबों की दुनिया में एक दिन बिताना चाहते हों, भारत का सबसे बड़ा बुकफेयर में यह सब आपके लिए मौजूद है।

# किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम एसडीएम डॉ अवनीश कुमार को दिया



दि ग्राम टुडे तहसील प्रभारी

मोहम्मदी खीरी। थाना पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मूड़ा ग़ालिब के मजरा रायपुर में किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा समीक्षा बैठक किसान मजदूर पंचायत की गई जिसके मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को धान की फसल का उचित दाम दिया जाए और पराली की उचित व्यवस्था की जाए किसान यूनियन द्वारा 15 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी के नाम उप जिलाधिकारी मोहम्मदी डॉक्टर अवनीश कुमार को दिया जिसमें किसनो संबंधित कई समस्याएं दर्शाई गई हैं जिसमें धान की प्रति कुंतल बढ़ोतरी की जाए किसानों के नगद भुगतान पर सब्सिडी समाप्त की जाय आवारा पशुओं से किसानों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाई जाए ज्ञापन में किसानों ने अपनी 15 समस्याओं को लेकर ज्ञापन उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार को सौंपा इस मौके पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत सिंह जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह सिंधू जिला प्रवक्ता बलवीर सिंह जिला महासचिव मोनू उर्फ शिवेंद्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष अमरदीप सिंह रेहरिया कार्यालय अध्यक्ष अमरजीत सिंह संचालन जितेंद्र सिंह यादव ,ब्लॉक अध्यक्ष कुंभी बलजिंदर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मदी रणधीर सिंह यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी विनोद यादव, ब्लॉक मंत्री दरियाई सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर यादव, आदि किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों मौजूद रहे जहां पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मोहम्मदी सी,ओ अरुण कुमार सिंह, सी,ओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मदी अवनीश कुमार विश्वकर्मा, एस ओ मैलानी, एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा चौकी इंचार्ज रेहरिया हिमांशु आनंद सिंह व बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहे।

# संगम विश्वविद्यालय में पीएम 2.5 और पीएम 10 मॉनिटरिंग मशीन का भव्य उद्घाटन



दि ग्राम टुडे भीलवाड़ा। स्थानीय संगम विश्वविद्यालय में पीएम 2.5 और पीएम 10 मॉनिटरिंग मशीन का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य शोध और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना, उप कुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही, डीन प्रोफेसर प्रीति मेहता, रजिस्ट्रार प्रोफेसर राजीव मेहता, एमएससी, भौतिकी के छात्र एवं छात्राएं और फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। भौतिक विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिषेक सक्सेना द्वारा बताया गया कि इस अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी की जा सकेगी, जो न केवल शैक्षिक शोध के लिए बल्कि स्थानीय पर्यावरण स्वास्थ्य आकलन के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। डॉ. विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि एमएससी भौतिकी के छात्र एवं संस्था के रिसर्च स्कॉलर अब वास्तविक डेटा विश्लेषण में भाग लेकर वायु गुणवत्ता और उसके प्रभावों पर व्यावहारिक और शैक्षणिक ज्ञान को और गहरा कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के नेतृत्व ने इस पहल को छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सनमन मंच को

सविषय- तुझको निखरते देखा है,
सदिनांक- 27/09/2024
सदिन- शुक्रवार,

!! तुझको निखरते देखा !!

मोह लिया तूने मुझको ऐसे.
कुछ और ना दिखाई दे. !

तेरे प्रेम के रस में ऐसे डूबे
हर तरफ तूहहीहूतू दिखाई दे..

चांदनी को भी,
जमीं पे बिखरते देखा,

जब से आइने में,
तुझको संवरते देखा।

उस वक्त कायनात भी,
ठहर सी गई,

जब गलियों से तुझको,
गुजरते देखा।

छा गया मौसम में एक,
अजब सुरूर,

फूलों का जब रंग,
और निखरते देखा।।



पंकज एस पाण्डेय, शिकोहाबाद,

# 29 सितंबर को बलदेव मंदुरी में होगा किसान संवाद

दी ग्राम टुडे पेपर

आजमगढ़ किसान एकता समिति द्वारा किसान जन संवाद सम्मेलन का आयोजन बलदेव मंदुरी में 29 सितंबर 2024 रविवार को होगा। किसान एकता समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने कहा कि किसानों-श्रमिकों की समस्याएं जैसे नहरो में पानी न आना, खाद-बीज सहकारी समितियों पर समय से न उपलब्ध होना, ग्राम पंचायत कार्यालय में संबंधित कर्मचारी अधिकारी की समय सारणी का उपलब्ध न होना, श्रमिकों को मनरेगा के तहत काम न मिलना, उपजाऊ जमीन को भूमि अधिग्रहण से बचाना, गांव, खेत-खलिहान, बाग-बगीचा, मकान उजड़ने से बचाना, कृषि से संबंधित रोजगार पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, अच्छी फसल का उत्पादन कैसे किया जाए कि किसानों की आय बढ़े मुद्दों पर चर्चा होगी। किसान-श्रमिक नीतियों, किसान श्रमिक संगठनों की स्थिति और भूमिका, भारत के विकास में कृषि का योगदान विषय पर विमर्श होगा।

## गजल

कब से तड़प रहा हूं तुझे याद करते करते,
निकलेगी जां हमारी ए फरियाद करते-करते।

कभी सामने तो आकर कुछ बात कीजिए,
हद हो गई है अब तो मुलाकात कीजिए।

क्या ओभी भूला दिए हो जो पूछते थे हम,
आते थे तुम मनाने जब रुठते थे हम।

कहते थे मै हूं तन्हां मेरा साथ दीजिए,
हद हो गई है अब तो मुलाकात कीजिए।

जिस दिन हम लेट सोए आते थे तुम जगाने,
गांव की कोई घटना भाभी से तुम बताने।

उन मंजरों अब तो कुछ याद कीजिए,
हद हो गई है अब तो मुलाकात कीजिए।

कैसे कहूं कि ए दिल तुम बिन तड़प रहा है,
बीपी हुई है हाई कलेजा धड़क रहा है,

न हो रोशन पे गर यकीं
तो आके नाप लीजिए,



हद हो गई है अब तो मुलाकात कीजिए।

# ,शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती पर क्रांतिकारियों में कानपुर की भूमिका भगत सिंह का योगदान पर संगोष्ठी सफलतापूर्वक हुई सम्पन्न




दि ग्राम टुडे, कानपुर।

शहीद-ए-आजम भगत सिंहजी की 117वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर भारत सेवक समाज, कानपुर मंडल के तत्वाधान में *क्रांतिकारियों में कानपुर की भूमिका व भगत सिंह का योगदान÷ विषयक संगोष्ठी कृष्णा प्रांगण, गांधी पार्क के सामने, कानपुर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य अथिति, अध्यक्ष एवं अथितियों द्वारा सरदार भगत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये सभी लोगों द्वारा पुष्पांजली की गयी। महामंत्री एवं स्वागताध्यक्ष द्वारा सरदार भगत सिंह जयन्ती समारोह में पधारे सभी गणमान्य प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु क्षेत्रीय पार्षद अन्य गणमान्य नागरिकों को मेंडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अथिति, विशिष्ट अथिति व अन्य वक्ताओं ने बताया कि देश की आज़ादी में भगतसिंह सहित अनेक क्रांतिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसका हमें सदैव सम्मान करना चाहिये। शहीद ए आजम भगत सिंह का जन्म आर्य समाजी सिख परिवार में 28 सितम्बर 1907 को तहसील जरांवाला, पंजाब प्रांत में एवं मृत्यु 23 मार्च 1931 को लाहौर, पंजाब प्रांत में हुई थी। उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। सिखधर्म के स्थान पर राष्ट्रधर्म के कारण उन्होंने अपने केश व दाढी को काटने में भी गुरेज नहीं किया। वे भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी थे। सरदार भगत सिंह ने पं0 चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने देश की आज़ादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया था। उन्होंने लाला लाजपत राय की लाठीचार्च के कारण हुई मृत्यु का बदला लेने हेतु पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या में भाग लिया और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह की आवाज बुलन्द की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंकने के बाद भागने से भी मना कर दिया। इन्हें 23मार्च, 1931 को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ अंग्रेज सरकार ने सारे नियम कानूनों को ताक पर रखते हुए सायं 7 बजे फाँसी दे दी। कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संरक्षण में प्रताप प्रेस में छद्म नाम बलवंत सिंह के रूप में लेखन कार्य भी किया, जिन्हें पुलिस का कभी पकड़ नहीं पायी। भगत सिंह आजादी के लिये हिंदी को सर्वमान्य भाषा बनाने पर जोर देते थे। आज भी सारे देश में उनके बलिदान को बड़ी गम्भीरता से याद किया जाता है। आज भी वे सभी जनमानस के दिलों में वे आज़ादी के असली नायकों में हैं।

इस अवसर पर लेखिका एवं कवियत्री सीमा अग्रवाल %जागृति% ने स्वरचित रचना के जरिये शहीदे ए आजम भगत सिंह एवं शहीदों पर प्रकाश डाला।

समारोह की अध्यक्षता सुखबीर सिंह मालिक के साथ मुख्य अतिथि प्रदेश के वरिष्ठ शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, अति विशिष्ट अतिथि नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक शिवराज सिंह, मुख्य वक्ता योगगुरू ओम प्रकाश आनंद, स्वागताध्यक्ष सूर्य प्रकाश लाला त्रिवेदी, उ0प्र0 विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी आदि की सराहनीय उपस्थिति का आभार उपाध्यक्ष देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर तथा सफल संचालन महामंत्री एवं आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। इस समारोह में उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया, पार्षद नरोत्तम दद्दू, पार्षद वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर, सह संयोजक एडवोकेट अरविंद दीक्षित, विष्णु शर्मा, सीमा अग्रवाल %जागृति%, कविता मिश्रा, इकबाल कौर, सीमा अग्रहरि,अमरीश जायसवाल, दिलीप कुमार मिश्रा, राजू खंडूजा, तारुणी कुमार पासवान, सतेन्द्र शुक्ल, अभिमन्यु सिंह, अशोक मिश्रा, प्रदीप भाटिया, सुशील बाजपेई, सियाराम यादव, रघुवीर सिंह, वी0 के0 यादव, अनिल बाजपेई, उदय वीर सिंह, कैलाश पासवान, विजय त्रिवेदी सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।

## किसानों को खाद-बीज नहीं उपलब्ध करा पा रही भाजपा सरकार



दि ग्राम टुडे

कन्नौज । पत्रकारों से बात करते हुए

आरिफ जमा विशेष आमंत्रित सदस्य ने भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को खाद-बीज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है। किसानों को डीएपी एनपीके और अन्य उर्वरकों की आवश्यकता है लेकिन उन्हें ये नहीं मिल रहे हैं। सहकारी समितियों पर उर्वरक नहीं है और डीएपी के लिए दिनभर लंबी लाइन लगने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल रही है। युवा सपा नेता इमरोज अहमद ने कहा भाजपा ने किसानों से आय दोगुणी करने से लेकर अन्य कई बड़े-बड़े वादे किये थे, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार में अन्नदाता चौतरफा संकटों से घिरा हुआ है। तराई जिलों में किसान बाढ़ से पीड़ित हैं। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, एनपीके और अन्य उर्वरकों की आवश्यकता है, लेकिन कन्नौज, मैनपुरी,सहित अन्य जिलों के किसान डीएपी खाद और उर्वरकों के लिए भटक रहे हैं। सहकारी समितियों पर उर्वरक नहीं है। डीएपी के लिए दिनभर लंबी लाइन लगने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल रही है। मौके योगेश शर्मा , कुलदीप यादव , आसिफ मुन्ना , रफुद्दीन , गुलशाद आदि लोग मौजूद रहे।

## थाने में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी डीएम एसपी ने सुनी शिकायतें



दि ग्राम टुडे

कन्नौज। थाना समाधान दिवस में कल 11 शिकायतकर्ता शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें 2 का मौके पर हुआ निस्तारण। थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद और जिलाधिकारी रहे मौजूद । इंदरगढ़ थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद और जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने पहुंचकर थाना दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर 11 फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे । इंदरगढ़ थाना अध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया की दो समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जो कि राजस्व विभाग से संबंधित थी। शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को देकर जल्द से जल्द निश्तरित करने को कहा गया। जिससे कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## गाँव मे फैली गंदगी और सड़कों पर वह रहा गंदा पानी

दि ग्राम टुडे

कन्नौज कस्वा जलालाबाद में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। चोक नालियों से बहने वाला गंदा पानी लोगो के सामने एक बड़ी समस्या बन गयी है। कही नाला जाम है तो कही छोटी छोटी नालियाँ जिससे निकलने वाले राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।सड़को पर बहने वाले गंदे पानी से भी लोग परेशान है। बहुत सी ऐसी जगह है जहाँ पर जमा कूड़ा लोगो को बदबू में रहने के लिए विवश कर रहा है ।ग्रामीण अपनी फरियाद ग्राम प्रधान से कहने के बाबजूद उनकी बात को नकार दिया जाता है और अधिकारी चुप चाप सुनकर मामले को टाल देते है ।कस्वा में मोहल्ला सराय में इतना कूड़ा जमा है कि लोग अब बीमार पड़ने लगे है। और ग्रामीण ऋषभ ,शिवम ,आशीष ,आलम ,हिमांशु ने बताया कि वह कई बार शिकायत कर चुके है और उन्हें इस समस्या से निजात नही मिल पा रही है। वही दूसरी ओर सदर बाजार निवासी अमन तिवारी ,कन्हैया तिवारी ने बताया कि सदर बाजार में लगने वाला कूड़ा दो तीन महीने के एक बार साफ किया जाता है। जिससे बड़ी दुर्गंध आती है । आस पास के लोगो का जीना दुश्वार है ।स्टेट बैंक शाखा के एटीएम के ठीक सामने पूरा नाला जाम है जिससे पानी रोड पर बहता है वहाँ पर आने वाले लोग उसी गंदे पानी से होकर गुजरते है। इस संबंध में वीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि सफाई को लेकर रोस्टर तैयार कर दिया गया है और एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सफाई अभियान चलाया जाएगा । जिसमे गाँव की सफाई कराई जाएगी ।ग्राम प्रधानो को निर्देश दिए गए है कि वह प्रथम खाते से सफाई करा सकते है जिसे गाँव की सफाई कराने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की है और वह अब सफाई ब्यबस्था को लेकर कार्य करेंगे ।

## स्वास्थ्य कर्मी ने विद्यार्थियों के साथ निकली स्वच्छता रैली




दि ग्राम टुडे नितिन शर्मा

कन्नौज। कन्नौज जिले में स्वास्थ्य टीम ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता सप्ताह के रूप में विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता रैली निकाली। स्वस्थ रखने की एक दवा स्वच्छता अपनाना। जलालाबाद ब्लाक के अंतर्गत ग्राम जेवा में स्वास्थ्य कर्मी एनम मधु के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ स्वच्छता सप्ताह के तहत रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। स्वास्थ्य कर्मी ने अपने उपकेंद्र पर स्वच्छता मित्रो का स्वास्थ परीक्षण किया जिसमे बीपी ,शुगर ,हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देकर लोगो को जागरूक किया।

## सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती पर विशेष

भगत सिंह सरदार था, भारत मां का लाल,
जिसने ऊंचा कर दिया, हिंद देश का भाल।
हिंद देश का भाल, काल सांडर्स का आया,
फांसी पर मेरा रंग दे बसंती चोला गाया।
गांधी जी की प्रेम,अहिंसा काम न आई,
भगत सिंह ने आजादी की राह दिखाई।
भारत माता अपनों से ही, आज रही है हार,
इनसे भी आजाद करा जा, भारत को, सरदार।



बाल किशन सारस्वत।

## बेटी है अनमोल

हौसले की नींव है बेटियां
जज्बे की मिसाल है बेटियां
खुद पर इन्हें विश्वास है
बेटी होने पर नाज है

छू लेने दो इनको आसमान
जो बनाती है अपनी पहचान
करो हमेशा इनका सम्मान
जो बढ़ाती है देश का मान

लेकर कमान अपने हाथ
जो करती लक्ष्य को प्राप्त
सपने और विश्वास से भरा
मूलमंत्र है इनके पास



लेखिका सीमा राव
साहयक अध्यापिका आजमगढ़

## विश्व रेबीज दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

दि ग्राम टुडे

कन्नौज। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर उप पशु चिकित्सालय तिर्वा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कन्नौज कारण वीर सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा सभी पैरावेटों एवं पशुपालन विभाग के कर्मचारियों को रेबीज के लक्षणों , बचाव के उपायों तथा टीकाकरण संबंधी बातों एवं सावधानियों से अवगत कराया गया। एवं पूरे जनपद में इनका प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी , तिर्वा एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कन्नौज भी उपस्थित रहे।

## लगनशीलता का परिणाम है आईएसओ प्रमाण पत्र निरंजन त्रिवेदी



दि ग्राम टुडे

कन्नौज। सौरिख ब्लॉक को प्रदेश भर में पहला आई एस ओ प्रमाणित होने पर ब्लॉक कर्मचारियों एवम जनप्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी का फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ओम प्रताप चौहान ने कहा कि आईएसआई प्रमाणपत्र अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता एवं प्रबंधन का मानक है । सौरीख़ ब्लॉक को यह प्रमाण पत्र मिलना गौरव का की बात है । ब्लाक अध्यक्ष संजय सिंह बैंस ने कहा कि इस उपलब्धि में खंड विकास अधिकारी एवम ब्लाक के सभी कर्मचारियों की अथक मेहनत रही है। प्रधान अवनीश कुमार सिंह बैंस ने कहा खंड विकास अधिकारी त्रिवेदी का कुशल प्रबंधन का गवाह है। आईएसओ प्राणपत्र खंड विकास अधिकारी ने स्वागत से अविभूत होकर कहा कि इस उपलब्धि हम सबकी लगनशीलता का परिणाम है। इस अवसर पर अतुल मिश्रा , गोपाल सिंह बैंस , विक्रम सिंह , मुनीश बाबू , पंकज कुमार , राजू यादव , अवनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खुद पर ध्यान

दूसरों पर ध्यान देने से अच्छा है।
थोड़ा खुद पर ध्यान दिया जाए।
या कुछ बन जाओगे,
या कुछ सीख जाओगे।

खुद पर ध्यान देंगे तो
निखर ही जायेंगे
यूहीं नहीं कहीं
खो जायेंगे।

खुद पर ध्यान देना
याद रखना
लोग आएंगे
लोग जाएंगे।

कुछ साथ देंगे
कुछ साथ छोड़ देंगे,
तुम मत घबराना
तुम खुद पर ध्यान देना।

अपना साथ कभी नहीं छोड़ना
कभी खुद को मत खोना
तुम्हे कभी कोई
तुमसा ना मिलेगा
ये बात याद रखना



कीर्ति की कलम ???

## भ्रूण

मैं,
भ्रूण हूँ,
कन्या भ्रूण,
चकित न होवें,
संशय न पालें,
कि, हत्या होगी मेरी,
सांसें टूटेगी मेरी।
संचित हूँ मैं, वंचित नहीं,
स्वीकार्य हूँ मैं, शापित नहीं।
अजन्मा हूँ मैं, अतृप्त नहीं,
कुंचित मानसिकता में लिप्त नहीं।
साझा करती हूँ व्यथा मेरी,
गौरवान्वित है आत्मकथा मेरी।
निरक्षर हैं अम्मा मेरी,
बाबा भी कुशाग्र नहीं।
संपन्नता ने दहलीज न लांघी,
निर्धनता से खुशियां न आंकी।
अंगने में बरतन मांज रहीं थीं अम्मा,
दतुअन की करची छील रहे थे बाबा।
भान हुआ अम्मा को कुछ,
बाबा से बोला दलान पहुंच।
%उम्मीद से हूँ%।
बाबा ने बोला झट् घूंघट डाल,
जांच करायें बच्चे का हाल।
जा पहुंचे वे निकट हस्पताल,
पर, भारी थी अब अम्मा की चाल।
भांप गई बाबा का ख़्याल,
कि, %कैसा होगा मेरा लाल।%
डाक्टरनी बोली लाली है चंगी,
कैसे ब्याहोग, जब पैसे की तंगी।
हूक उठी अम्मा के दिल में,
नहीं बनूंगी कातिल मैं।
रोका जो शमशीर उठा लूंगी,
सोच लिया दिल ही दिल में।
वो कहते हैं,
%स्त्री जीवन बस त्याग का नाम,
परहित जिया उम्र तमाम।
फिर क्यों उसको धिक्कार दो,
उसे जीने का अधिकार दो।%
ना-ना!
तू क्यों मांगे अधिकार की भीख,
जो तेरा है, उसे जीना सीख।
फैसला निष्पक्ष होगा अभी यहीं,
मैं आज़ाद हवाओं की, क़ैद पंछी नहीं।
ख़्याल टूटा बाबा की खनक से,
पर, आवाज एक न निकली हलक़ से।
दब गई थी जो तथाकथित संस्कार से,
परंपरा, रिवाज, और लिहाज की मार से।
शायद बरसेगा अब कहर उनका,
पर भौंचक थी सुन उत्तर उनका।
%गोरी, घूंघटा खोल दे,
सब जकड़न-बंधन तोड़ दे।
अर्द्धांगिनी! तू आराध्या है,
सशक्त-सबल इक कन्या है।
दूषित ज़माना बीता-रीता,
घर आएगी कलयुग की सीता।
मिशाल बनेगी दुलारी मेरी,
कल्पना,सिंधु या फिर मैरी।
%निरक्षर हूँ निर्मम नहीं,
बेटियां बेटों से कम नही।%



लेखिका स्वस्तिक रंजन

# कन्नौज पहुंचे मंत्री धर्मपाल से मिल्क प्लांट का किया निरीक्षण



दि ग्राम टुडे

कन्नौज। जनपद कन्नौज पहुंचे मंत्री धर्मपाल सिंह ने कन्नौज के उमर्दा कस्बे में बंद पड़े मिल्क प्लांट का निरीक्षण किया। कर्मचारियों से बात कर जल्द ही शुरू करने का आश्वासन दिया। मंत्री धर्मपाल सिंह के पहुंचते ही मिल्क प्लांट में हलचल मच गई। बारीकी से उन्होंने मिल्क प्लांट का निरीक्षण कर जल्द ही शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कर्मचारियों को बकाया भुगतान शीघ्र मिलेगा। मिल्क प्लांट शुरू होने से किसानों को संपन्नता मिलने की बात कही। जल्द ही मिल्क प्लांट को शुरू किया जाएगा।

# गांव में बने कूड़ेदान का विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ , स्वच्छता की दिलाई शपथ



दि ग्राम टुडे

कन्नौज। जनपद में चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के स्वच्छ सप्ताह पर तिर्वा विधायक ने गांव में बने कूड़ा दान का शुभारंभ फीता काट कर किया। हसेरन ब्लॉक के अंतर्गत उधमपुर गांव में शनिवार दोपहर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने गांव में बने कूड़ा दान का फीता काट कर शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता सप्ताह पर अपने आसपास साफ सफाई करने की बात कही । स्वच्छता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार स्वच्छ रहेंगे हम आगे बढ़ेंगे ।कार्यक्रम में विकासखंड अधिकारी रतीराम ब्लॉक अधिकारी ,ग्राम प्रधान तब्बू त्रिपाठी , पूर्व प्रधान राकेश द्विवेदी , देवदत्त सिंह तोमर , अजय मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत दस दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत

दि ग्राम टुडे

कन्नौज। शनिवार को यूपीकॉन संस्था द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक नीरज कुमार सिंह द्वारा जनपद के आर के पैलेस होटल बेहरीन में बेरोजगार युवाओं को सिलाई ट्रेड में दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्दमता विकास केंद्र मकरंद नगर कन्नौज के जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त धनज्य सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया था। कार्यक्रम में उन्होंने कहा जनपद में 400 युवा महिला पुरुषों को सिलाई ट्रेड से 10 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत प्रक्षिक्षण लेने वाले को मुद्रा स्कीम योजना के अंतर्गत अपना रोजगार बढ़ाने के लिए बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। एवम् जिला उद्योग केन्द्र द्वारा ट्रेनिंग ले रहे युवाओं को चार हजार रूपए उनके बैंक खाते में भेजे जाएंगे तथा उन्हें सिलाई मशीन किट वितरण की जायेगी।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने किया किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

दि ग्राम टुडे

कन्नौज। जलालावाद में शनिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य टीम ए ने डॉ वरुण सिंह कटियार की अगुआई में मां शीतला देवी इंटर कालेज डिगसरा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन कराया। जिसमे छात्र छात्राओं को नशावृत्ति संबंधी सलाह , चोट एवम हिंसा से बचाव , पोषण सलाह , मानसिक स्वास्थ्य सलाह जैसे विषयों पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता कराई गई । जिसमे बीस छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीनों श्रेणी में प्रथम आए छात्र छात्राओं को विशेष पुरुस्कार एवम समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। पोषण सलाह पर कक्षा बारह की शालू, घरेलू हिंसा पर कल्पना और नशावृत्ति पर कक्षा ग्यारह की आंशी को प्रथम पुरुस्कार दिया गया। पुरुस्कार वितरण कालेज के प्रधानाचार्य अनुज कुमार, डॉ वरुण सिंह कटियार( चिकित्साधिकारी) , डॉ पूनम, अब्दुल्ला और कहकशा द्वारा किया गया।इस दौरान अवनीश कुमार पाल ,कन्हैया लाल,अशोक कुमार,सौरभ कुशवाह ,उमेश चंद्र , नारायन कुशवाह मौजूद रहे।

# किसान नेता ने जन सूचना अधिकार अधिनियम का उपयोग कर मांगी सूचना

दि ग्राम टुडे

गुरसहायगंज समधन ।आउटसोर्सिंग कर्मियों में अनियमिताओं व धांधली की आशंका जताते हुए जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना। शनिवार को नगर पंचायत समधन पहुंच कर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने जनसूचना अधिकार अधिनियम का उपयोग कर आउटसोर्सिंग कर्मियों से संबंधित सूचना पाने के लिए आवेदन पत्र नगर पंचायत कार्यालय को रिसीव कराया। किसान नेता ने बताया कि नगर पंचायत के द्वारा फर्जी आउटसोर्सिंग कर्मचारी दिखा कर प्रतिमा वेतन निकालने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर सूचना की पुष्टि हेतु नगर पंचायत से जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची उनके पद, नाम व पता सहित उपलब्ध कराने के साथ प्रत्येक कर्मचारी को प्रति माह कितना वेतन दिया जा रहा है । उसकी सूचना भी मांगी है।

# बिजली कर्मियों ने अभियान चला कर बकायेदार उपभोक्ताओं पर कसा शिकंजा



दि ग्राम टुडे

कन्नौज। हसेरन कस्बा में बिजली कर्मियों ने अभियान चलाया। पावर हाउस जेई के नेतृत्व में विद्युत कर्मियों ने अभियान चला कर बकायदार उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा करने की बात कही। कस्बा में शनिवार दोपहर विद्युत कर्मियों ने बिजली बिल बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया। कस्बा में अभियान चलाकर बिजली बिल जमा करने की हिदायत दी। पावर हाउस हसेरन जेई अरविंद कुमार के नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने बकायदाओं के घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करने की बात कही। इस मौके पर बिजली कर्मी रिहान , विजय यादव , गजेंद्र सिंह , सिद्ध गोपाल जगदीश सहित लोग मौजूद रहे।

# प्रसव न होने पर मजबूरी में मरीज को निजी नर्सिंग होम का देखना पड़ा रास्ता

सुल्तानपुर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुबह 10~00 बजे महिला भर्ती होती है ट्विंस प्रेगनेंसी होने के बावजूद वहां पर इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक नॉर्मल डिलीवरी करने को लेकर देर शाम तक मरीज को रोक रखा और उसके बाद 5बजे कहा कि आपकी मरीज का प्लेटलेट कम है इसलिए मरीज को लखनऊ ले जाइए ऐसे में जिला चिकित्सालय में घूम रहे तथाकथित रूप से कार्यकर्ताओं के चंगुल में फंसकर मरीज को निजी नर्सिंग होम का रास्ता देखना पड़ा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से इस मरीज के बारे में बात हुई लेकिन ढाक के वही तीन पाट काम कुछ नहीं हुआ आखिरकार दिनभर थकहार के मरीज के परिजन ऑपरेशन के लिए प्रयास करते रहे पहली डिलीवरी थी और दो बच्चे पेट में किसी तरह सरकार की व्यवस्था में उसका ऑपरेशन हो जाए मगर नहीं हो सका मजबूरन से निजी नर्सिंग होम का रास्ता देखना पड़ा इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है

# हिंदू भावनाओं से खेलने वालों पर सख्त हो करवाई–सर्वेश सिंह

सुल्तानपुर। गंगा जमुनी तहजीब की झूठी मिसाल देने वाले लोग, हिंदू की भावनाओं पर एक बड़ा कुठाराघात करते हुए सनातन हिंदू की भावनाओं पर तगड़ा चोट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जनपद के कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावा गांव निवासी नदीम खान ने मुंबई में रहकर सोशल मीडिया पर भगवान श्री राम और मां सीता के प्रति अभद्र टिप्पणी की है। मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ उग्र हो गया, अंततः पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद कुड़वार पुलिस को 254 / 24 के तहत धारा 196, 353, 299 बीएनएस, 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करना पड़ा। पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाये जाने के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने जिला अधिकारी संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की बात कही है।

बताते चलें कि भारत हिंदू राष्ट्र घोषित कराने की तरफ हिंदू संगठन के अलावा तमाम नेता अपनी झूठी आवाज भले ही बुलंद करते हैं, वहीं गोकशी हो या हिंदू की आस्था के चोट का सवाल हो राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ आगे आकर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार खड़ा दिखाई दे रहा है। संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम और मा भगवती सीता के प्रति नदीम खान सोशल मीडिया पर जिस तरह पोस्ट किया है वह अक्षम्य है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत में तमाम हिंदू हिंदू संगठन राजनीति के गलियारे में अपनी दुकान चला रहे हैं , झूठी बयान बाजी करते हैं लेकिन एक भी संगठन चाहे बीएचपी हो या हिंदू युवा वाहिनी अथवा आरएसएस बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सहित एक भी संगठन आगे नहीं आया है, सभी ने अपनी आंख व कान पूरी तरह बंद कर लिया है कार्यवाही कराने के लिए आगे नहीं आए। इकलौता ही राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह,महामंत्री जयशंकर दुबे संरक्षक राकेश प्रताप सिंह दद्दू, मीडिया प्रभारी रवि दुबे ने अपने-अपने आधार कार्ड पुलिस को सौंप कर गवाह बनने की बात कही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा है सोशल मीडिया पर किसी की आस्था पर लिखकर वायरल करना बिल्कुल अपराध है। ऐसे लोगों को पकड़ कर उन पर कड़ी कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई है। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, अनुज सिंह, अनिल अग्रहरि, शिव शंकर पांडे, यश एन तिवारी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

क्या कहते हैं कुड़वार पुलिस

कुड़वार थाना इंचार्ज चंद्रभान वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ व पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धरावा गांव निवासी नदीम खान पुत्र अंसार मुंबई में रहकर सोसल मीडिया पर ऐसी पोस्ट किया है। फोन से वार्ता कर उसे बुलाया गया है लखनऊ की लोकेशन मिल रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# बिकते हैं बाज़ारों में अश्कों के वो प्याले...

यह जीवन की एक यात्रा थी, एक तूफ़ान जो कोने में छिपा हुआ था,
जीवन के प्यालों से जिसने शून्य के खाली बर्तन को भर दिया था,
वो कौन सी रात थी जिसने बिजली गिराकर इतना अंधेरा कर दिया है,
एक सैर जो हमेशा के लिए चलने वाली थी, जलाकर रुसवा कर दिया है।
रास्ता एक था, मंजिल कहीं और घर कर गई उनकी,
वफ़ा ने बेवफाई की कसम से किस्मत वो निभा ली,
जो उन मासूम आँखों की मुस्कुराहट आज भी शमा वो जले है,
शुक्रिया वो है कि खुद से मुँह मोड़ लिया है।
एहसान ऐ करना खुद फरेबी हुआ वो एहसास जिया है,
इश्क में रुसवाई और तसव्वुर ने ना जाने कितने लोगों को तन्हा कर दिया है,
हर चंद एतबार में अहबाब की तेरी भूल माफ़ की,
दिल एक शीशा है शीशे में तसवीर जो क़ैद है की।
बिकते हैं बाज़ारों में अश्कों के वो प्याले जो हैं,
गम दिल जले, रूह में वो समाए जो है,
एक आंसू भी गिरा अब भी चाहे वह चेहरा दिखा था,
वो एक झटके में किसी और का नूर गिरवी था।
जिंदगी के हर मकसद से इश्क़ ने तबाह कर दिया है,
इश्क के इतर ने रुसवा करके उससे ही एतबार है,
अब तो तेरी यादें उसकी तिजोरी में गिरफ़्तार है,
शिकवा तुमसे कैसे अबीर तेरी यादों से मैंने खुद को कृतज्ञ कर लिया।

अबीर और माही- एक अनकही प्रेम कहानी, एक अंश
-डॉ माया एस एच

# एचके मिस्टर मिस मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2824का ग्रैंड फिनाले 29 सितम्बर को कोलकाता में आयोजित होगा




न्यूज़ कवरेज श्रवण खोड के द्वारा

जोधपुर एचके मिस्टर, मिस, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2024 का ग्रैंड फिनाले 29 सितंबर 2024 को कोलकाता में होगा। इसका पहला ग्रूमिंग सत्र 23 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया।

शरद महोत्सव नजदीक है, और इस त्योहार को ध्यान में रखते हुए, एचके मिस्टर, मिस, मिसेस इंडिया इंटरनेशनल 2024 सीजन 6 की ग्रूमिंग शहर में शुरू की गई। विभिन्न मॉडल इस सीजन के लिए मां दुर्गा की पोशाक पहनेंगी। पिंक रोज एंटरटेनमेंट की संस्थापक और आयोजक, मिसेज एशिया की विजेता, अभिनेत्री और मॉडल हिना कौसर ने बताया कि यह पहल शहर के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और मॉडलिंग पेशे में खुद को स्थापित करने के इच्छुक लोगों के लिए है। आज अल्टोडांगा में 2 स्टूडियो में विभिन्न आयु वर्ग के मॉडल ग्रूमिंग सत्र में भाग ले रहे हैं। ग्रैंड फिनाले 29 सितंबर को होगा, जिसमें अभिनेता अमन बर्मा, इंद्रनील घोष, डेबिका मुखर्जी सहित कई सेलिब्रिटी गेस्ट मौजूद रहेंगे। इस दिन की ग्रूमिंग में मनप्रीत सिंह भी उपस्थित थे। रजिस्ट्रेशन अभी भी खुले हैं, और जो कोई भी इस मे भाग लेना चाहता है, वह शामिल हो सकता है।

# समुदाय विशेष के तीन युवकों ने छात्रा को भेजे अश्लील संदेश,




ब्यूरो मथुरा/दि ग्राम टुडे

मथुरा- थाना राया क्षेत्र में एक बार फिर से समुदाय विशेष के युवकों के खिलाफ गंभीर मामला दर्ज हुआ है। इस बार बीए द्वितीय वर्ष की एक छात्रा को तीन युवकों द्वारा धमकाने और मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजने का मामला सामने आया है। आरोपियों में शामिल आविद उर्फ काबू, सोनू, और चांद, जो पड़ोस के ही रहने वाले हैं, आपराधिक प्रवृत्ति के माने जाते हैं। छात्रा के परिवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि तीनों आरोपी उनके घर में घुस आए और उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने पुलिस में शिकायत की, तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने छात्रा को जबरन एक मोबाइल फोन भी दिया, जिसमें लगा सिम कार्ड आरोपी आविद के नाम पर है। इसके अलावा, छात्रा को बार-बार फोन पर अश्लील संदेश भेजे गए, जिससे वह डरी और सहमी हुई है। परिजनों का कहना है कि धमकियों और अश्लील संदेशों के बाद से छात्रा इतनी डरी हुई है कि वह घर से बाहर नहीं निकल पा रही है। यहाँ तक कि वह मंदिर में पूजा करने भी नहीं जा पा रही। इस मामले ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है, खासकर हिंदू संगठनों में इस घटना के बाद तनाव बढ़ रहा है। परिवार द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि तीनों युवकों ने छात्रा पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना तब सामने आई है जब कुछ समय पहले ही इसी क्षेत्र में एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक किशोरी को भगाकर ले जाने का मामला चर्चा में था। ऐसे में इस दूसरे मामले ने फिर से लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में तेजी दिखाई है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण !

रिपोर्ट राजकुमार शर्मा ,राजस्थान,

कोटपूतली-राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित समान पात्रता परीक्षा-2024 के मद्देनजर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने सांगटेड़ा स्थित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और बोर्ड के दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एडीएम सहारण ने पाना देवी कॉलेज और एलबीएस कॉलेज में स्थापित स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सीसीटीवी में रिकॉर्ड की गई पूरी फुटेज का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से संपादित कराना है। इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं और पूरी सतर्कता बरतते हुए समस्त व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा है।

# मध्यरात्रि एसडीपी डोनेट कर सांखला बने गर्भवती महिला के जीवनरक्षक डॉ सैनी



न्यूज़ कवरेज श्रवण खोड

जोधपुर मारवाड़ रक्त सेवा संस्थान जोधपुर के संरक्षक डा श्याम लाल सैनी ने बताया कि संस्थान अध्यक्ष बिराई निवासी बुधाराम सांखला के पास मध्यरात्रि तीन बजे उम्मेद अस्पताल में भर्ती महिला मरीज और बाड़मेर निवासी दमी के पति जुंजाराम चौधरी का कॉल आया और बताया मेरी पत्नी की डिलेवरी दो दिन पूर्व हुई लेकिन अचानक प्लेटलेट काउंट लॉ हो कर मात्र 9000 रह गया है और तूरंत डॉक्टर ने ए पॉजिटिव डोनर लाने का बोला है मेरे साथ मे आए सभी परिजनों का ग्रुप चेक करवा लिया हैं लेकिन मरीज के ग्रुप का डोनर नही मिला है इतनी जानकारी मिलने के बाद केस लाइफ सेविंग आईसीयू का होने के कारण संस्था के अध्यक्ष बुधाराम सांखला तुरंत अपने संस्थान के मीडिया प्रभारी महेंद्र सोलंकी के साथ मध्यरात्रि में पहुंचकर अपना 28 वी बार रक्तदान कर महिला को नया जीवनदन दिया इस दौरान मरीज के परिजनों ने रक्तदाता सांखला और मारवाड़ रक्त सेवा संस्थान का अभार व्यक्त कर खुशी जाहिर कीद्य इस मौके रक्तदाता का हौसला अफजाई करने के लिए संस्थान के प्रवक्ता महेंद्र सोलंकी व ब्लड बैंक स्टॉफ डॉ.राकेश,सिनियर लैब टेक्नीशियन ताज मोहम्द,विक्रम परिहार,कमल किशोर,घनश्याम माली,वंदना,जहीन अफरीदी,रमेश और रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष वसीम अकरम मौजूद रहें !

# आधी रात को ट्रेलर चोरी की वारदात, पुलिस की मुस्तैदी से ट्रेलर बरामद !

रिपोर्ट राजकुमार शर्मा, राजस्थान,

कोटपूतली-आधी रात को कोटपूतली के श्याम मंदिर के पास राठौरों की ढाणी में अज्ञात चोरों ने ट्रेलर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रेलर को चुरा लिया। घटना रात करीब 2 बजे की है जब ट्रेलर ड्राइवर महेंद्र सिंह राठौड़ अपने घर चाय पीने के लिए गया था। ट्रेलर को सड़क पर खड़ा छोड़कर गए महेंद्र सिंह जब कुछ देर बाद वापस लौटे तो ट्रेलर गायब मिला। चोरी की यह वारदात पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में चार चोरों को एक कार में आते हुए देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर तत्काल नाकाबंदी करवाई गई। कार में सवार होकर आए थे चोर--सीसीटीवी फुटेज में सफेद रंग की कार दिखाई दे रही थी जिसमें चोर सवार होकर आए थे। चोरी के बाद कार आगे आगे चल रही नजर आ रही थी। ट्रेलर में जीपीएस सिस्टम लगा होने के कारण ट्रैकिंग में आसानी हुई और सुबह करीब 6 बजे शाहजहांपुर के पास चोरों ने नाकाबंदी देख ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर में पशुओं का हुआ फ्री इलाज



ब्यूरो मथुरा/दि ग्राम टुडे

मथुरा- छाता ब्लॉक के गांव रनवारी में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन छाता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर व गौ माता का पूजन माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर टीम द्वारा पशुपालकों के पशुओं का उपचार किया गया व दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमर सिंह द्वारा की गई, मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख छाता प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ,पशु चिकित्सा अधिकारी, छाता वैभव शर्मा, डॉ धर्मेंद्र कठेरिया, डॉ अंकुर चौहान, डॉ सदेश कौशिक व अन्य अतिथियों का बिहारी लाल तथा अन्य ग्राम वासियों द्वारा माला दुपट्टा उड़ाकर जोरदार स्वागत किया गया।

पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुपालकों के द्वारा लगभग 502 पशुओं का पंजीकरण कराया , पशुओं में होने वाली बीमारियों की निशुल्क दवाई ली।

स्वास्थ्य शिविर में पशु डॉक्टर द्वारा पशुपालकों को पशुओं के रख रखाव , पशु आहार, पशुओं में होने वाली बीमारियों, अनेक प्रकार की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

छाता पशु केंद्र पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वैभव शर्मा , डॉ धर्मेंद्र कटेरिया अन्य डॉ ने पशुपालकों को शिविर के बारे में बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजना चलाई जा रहे हैं, सभी पशुपालक भाई अपने पशुओं का बीमा अवश्य कराएं , रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण 6 महीने बाद अवश्य कराएं,अब तक छाता ब्लॉक में अस्सी हजार पशुओं का टीकाकरण हो चुका है, वही डॉक्टर द्वारा पशुपालकों को से 1962 पर कॉल कर पशुओं में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पानी की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। पशुओं के उपचार हेतु चलाई गई, वेन माननीय कैबिनेट मंत्री की देन है । किसानों को आमदनी बढ़ाने हेतु डेयरी उद्योग की तरफ ध्यान आकर्षित कराया।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी महेंद्र सिंह, डॉ अंकुर चौहान,डॉ धर्मेन्द्र कठेरिया, डॉ वैभव शर्मा, संदेश कौशिक, अरुण कुमार राजेश तिवारी, बिहारी लाल, चरन सिंह,वीरपाल सिंह ,जयपाल सिंह, मुंशी लाल, विकास, जितेंद्र, उमर, मानवेंद्र, मोहन श्याम, बलराम, ललित कुमार ,कपिल आदि मौजूद रहे।

# मां शारदे को नमन शहीदो को नमन

मुक्तक
शहीदों के पराक्रम की, धरा पर लाज रही होगी।
कण कण में राष्ट्र प्रेम की, एक भावना जगी होगी।
देश पर मर मिटने वालों शहीदो, है नमन तुमको।
देश के वीर शहीदों की,इतिहास की लाइन लिखी होगी।
कविता।
जय श्री राम
लोक कल्याण में, पूरे इस जहांन में राम जी के देखो आज, गीत हम मंगाएंगे।
सत्य न्याय धर्म से, अपने-अपने कर्म से,
देखो इस कलयुग में वे ही स्वर्ग जाएंगे।
माया मोह त्याग कर,मिलकर के हम सब,
धरती पर देखो राम राज्य लायेगे।
धरती पर देखो राम राज्य लायेगे।
डॉ0 रामनिवास तिवारी आशुकवि, निवाड़ी मध्यप्रदेश

# विश्व ह्रदय दिवस विशेष कोरोना के बाद से बढ़ रहे हार्ट अटैक के मरीज

- डॉ. संजय खण्डेलवाल

जयपुर।कोरोना के बाद अचानक हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं. खासतौर से युवाओं में बहुत कम उम्र में ही हार्ट अटैक के कई केस सामने आ चुके हैं. सेलिब्रिटी से लेकर आम लोग हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं. इसकी बड़ी वजह हमारी लाइफस्टाइल को बताया जाता रहा है. टेंशन,मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और गलत खान-पान की वजह से हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं । कोविड-19 ने लोगों की लोगों की लाइफस्टाइल पर गहरा असर डाला है। लोगों की फिजिकल एक्टिविटीज कम हुई हैं। इससे लोगों का कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ गया है। हार्ट अटैक के शिकार हुए लोगों में प्री-डायबिटीज, प्री- हायपरटेंशन, मोटापा जैसे कारण भी जिम्मेदार हैं। कई मामलों में बिना पर्याप्त वार्म अप के हार्ड एक्सरसाइज के कारण हार्ट अटैक आ रहे हैं। अगर आप दिल के मरीज हैं तो गर्म कपड़े पहने , सर्दियों में खुद को सेहतमंद रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन करें। इसके लिए अपनी डाइट में विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी प्रोडक्ट, बिना स्किन के पोल्ट्री और मछली, नट्स आदि को शामिल कर सकते हैं।



# ( गांव का घर )

शर्मा जी अपने परिवार के साथ इक्कीस वर्ष बाद शहर से गांव जा रहे थे । मन में तरह तरह के ख्याल उभर रहे थे ?। क्या क्या बदल गया होगा गांव में विद्यालय का वो बड़ा वाला पीपल का पेड़ अब भी तो होगा हीं , श्यामलाल के द्वार का कुआं शायद भर गया होगा और भी बहुत कुछ । इक्कीस वर्ष पहले की चीजें शर्मा जी के मन में उभर रहीं थीं । अब अपने स्टेशन पर गाड़ी पहुंचने वाली थी मिट्टी की सोंधी - सोंधी खूशब महकने लगी थी । मन हीं मन इतना दिन से गांव नहीं आने का पश्चाताप भी हो रहा था कि गांव का घर गिर गया होगा , झाड़ियां उग आई होंगी , वहां झाड़ियों में मेरे शहर में पले बच्चे कैसे रहेंगे ? काश मैं पहले भी आता जाता तो ऐसा स्थिति नहीं होता ।

आखिरकार स्टेशन भी आ गया गांव का छोटा सा रेलवे स्टेशन जहां कुछ भीड़ तो थी पर शहर जैसे कस्मकस वाली नहीं । सभी लोग गाड़ी से उतर गए शर्मा जी ने उतरते हीं जैसे अपनी मां से मिल गए हों वैसे हीं आंखों में झरझराते अश्रुओं के साथ धरती माता को प्रणाम किया और बच्चे देख न लें इसलिए फटाफट रूमाल से आंख पोंछ सामान हाथों में लिए टेंपू में बैठ गए । कुछ हीं देर में शर्मा जी अपने गांव के निकट पहुंच गए और एक दम से निहारने लगे अपने स्वर्ग से सुंदर गांव को जहां उन्होंने अपने अनमोल तीस वर्ष गुजारे थे । परन्तु अब अपना गांव पहचान में नहीं आ रहा था सब कुछ बदला बदला सा लग रहा था जो उनके मन-मस्तिष्क में छवियां बसी थी वैसा कुछ भी नहीं दिख रहा था । सब बगीचे कट गए थे ऊंचे-ऊंचे नए और पक्के मकान बन गए थे अच्छे-अच्छे दुकान भी खुल गए थे । हालांकि बच्चों को इसका कोई असर नहीं था क्योंकि वो पहली बार गांव आ रहे थे ।तबतक शर्मा जी बोले रुको रुको भैया यहीं किनारे कर लो गाड़ी वाले ने आगे बढ़ाकर गाड़ी रोक दी । शर्मा जी ने कहा भैया यहां नहीं थोड़ा और पीछे चलो नहीं तो यहां से सामान ढोना पड़ेगा । टेम्पू वाला हंसा और कहा कि ठीक है पर वहां तो बस . ! कहते हुए पीछे कर लिया । शर्मा जी पत्नी बच्चों सहित उतर गए और गाड़ी वाले को पैसे देकर विदा किए । अब रास्ते पर सब ख़ामोश हो कर खड़े थे बच्चों ने पूछा पापा अब किधर जाना है अपना घर कहां है ? इस जंगल के पास क्यूं उतर गए ?

मानों शर्मा जी के मुंह में कोई जबाब हीं नहीं था , डबडबाई आंखों और अवरुद्ध गले से शर्मा जी ने कहा बेटा यही जंगल तो हमारा घर है ।



ऋषि तिवारी
चकरीधाम , बिहार ।

# वो कत्ल करता रहा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा

जाने कितना लहू बहा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
ऊपरवाले के नाम पर अलग कर दिया उसने
खो गया पता यहां वहां मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
अब फिर से चुनाव आ गए हैं,वो झूठा आ गया
वो खुश है मजाक बना मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
चाहा बहुत उसे,दिन रात की खबर नही थी
इश्क आखिर को मरा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
रोज़गार नही है,क्या करूं,मैं नौजवां इस मुल्क का
वोटों के नाम रहा मुद्दा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
विद्यालय में पढ़ाई जा रही,धर्म की राजनीति
हर बार राजनीतिकरण हुआ मेरा, मैं मुस्कुराता रहा
अंधेर नगरी चौपट राजा,सुना था हमने कभी
इससे था मन,मनमना मेरा, मैं मुस्कुराता रहा
नीला,हरा,लाल,पीला,जाने कौन सा रंग है उसका
उसने कोई एक रंग कहा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा
विज्ञान के मुताबिक,छः बार प्रलय आई है यहां
मेरा तर्क बस रहा ज़रा मेरा,मैं मुस्कुराता रहा

डॉ विनोद कुमार शकुचंद्र

# उद्गार

चोर हैं दोनों कैसे फिर, बोलें ÷हम ही चोर ÷
वक्तव्यों की इसलिए, झड़ी महज घनघोर
घन कजरारे जा कहो, मेरे दिल की बात
÷बिन तेरे न दिन कटे, न ही कटती रात
छविगृह के पट की तरह, वो क्षण आए जाय
बीते समय में लौटने, अरु मन को उकसाय
दम होगा मेरे प्रीत में, आओगी मेरे पास
कर टुक जंजीरें सभी,भर मन में उल्लास
जान सको तो जान लो, ओ !मेरी जान ए जान
आँखें मेरी करती हैं , मेरी दशा का बखान
मसलों का बोझा लदा,लगता न कोई हल
तब भी कोशिश वो करे, गुन होऊंगा सफल
जिस दिन स्व को भूल के, रत होंगे तुम हम
विश्व गुरु बन के पुनः, देश हरेगा तम
जिनके कारण चैन से, लेते हम तुम स्वाँस
झूल गए वो फांसी पे, ले मुख में मृदु हास



कवि प्रभात
कोरबा नगर (छ. ग.)

# सूरज को दीपक क्या दिखाना

सुना था अच्छे व श्रेष्ठ रचनाकार,
कवि चलते चलते जो देख लेते हैं,
उस पर तुरन्त कविता लिख देते हैं,
वही तो अब हम सभी देख रहे हैं।

आपकी प्रतिक्रिया को ही
केवल नमन नहीं मैं करता हूँ,
आपकी बृहमलीनता की भी
अंतर्मन से मैं कद्र करता हूँ।

कविता में लीन होना भी उतना ही
उत्तम होता है जितना ब्रह्मलीनता में,
विश्वास अगर है इन दोनो के प्रति,
तो नमन अवश्य है ऐसी प्रवीणता में।

चमकते सूर्य को दीपक दिखाना क्या,
चाँदनी रात में जुगनू का उजाला क्या,
धरती-अम्बर के मध्य सुरभित सुषमा,
सीमाहीन सागर तट की सीमा क्या।

पाठकों, श्रोताओं की आकांक्षा
में पूर्णरूप से खरे उतर रहे हो,
किसी की प्रशंसा या आलोचना
में निर्विवाद होकर खड़े हो रहे हो।

जब साधारण संवाद कविता के
माध्यम से कोई कर सकता है,
आदित्य रचनाधर्मिता की तुलना
क्या साधारण कवि कर सकता है?

कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य'
लखनऊ



कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य' लखनऊ

# स्वच्छ रखें अपना परिवेश

स्वच्छता से हो उज्जवल
अपना हर दिन प्यारा।
स्वच्छ रखें सदैव हम
यह परिवेश हमारा।।

जगमग करे हर गलियाँ
सजीले हो हर आँगन।
धरा का कोना-कोना
महके जैसे चंदन।।

मिट्टी की सोंधी खूशबू
हवा का हो आलिंगन।
नदियों की धारा में बहे
निर्मल सा जल जीवन।।

अपने कर्म से हर गली में
गंदगी की दीवारें तोड़ो।
स्वच्छता का ज्ञान
फैलाकर नये सपनों को
जोड़ो।।

कूड़ा न बिखराओ धरा
पर न इसे राह पे छोड़ो।
साफ-सफाई रखो सदा
दिल को प्रेम से जोड़ो।।

परिवेश को संभालने का
यह जिम्मा हमारा।
स्वच्छता के दीप से सदा
चमके देश हमारा।।

संजीवनी बने ये धरती
स्वस्थ हो सारा समाज।
स्वच्छता से ही उन्नति
का बनेगा सच्चा रिवाज।।
प्रतिमा पाठक
कवियत्री/समाज सेविका
दिल्ली

# मौसम ऐ बारिश का खेल

आसमान में काली घटाएं छाई है
अपने आंचल में पानी भर लाई है
बादलों ने भी खूब दौड़ लगाई है
नदियों तालों की गोद भर आई है।।
ये धरा पर भी है अब हरा भरा
उजाड़ जंगल भी है बेहद हरा हरा
पहाड़ों का दर्शन भी है छरहरा
प्रकृति का दर्पण भी देखो भरा भरा।।
झरनों में अब भी प्राण आ गए
सोए थे भी वो नींद में जाग गए
मस्त झीलों के दौर वापस आ गए
घूमने झूमने वाले को ये भा गए।।
धरा का अभिषेक कर रहा आसमान
वसुंधरा भी कर रही इसका गुणगान
अब नहीं दिखेगा कई भी वीरान
तारीफ़ करते है बहुत से कदरदान।।
कुदरत का ये खेल निराला है
कहीं काली घटा कहीं उजाला है
ये गर्मी उमस से राहत देने वाला है
क्या कहें ये मौसम दिलवाला है।।



सुदीप सतीश सकरगायें(दीप)
आनंद नगर खण्डवा (मध्यप्रदेश)

# द्रोपदी की करूण पुकार

गूंज रहा आर्तनॉद सभा में, द्रुपद सुता का।
मदद न कोई करता है।
पॉचो पति बैठे मौन, बलहीन, शीश झुकाए।
पितामह भीष्म,द्रोण, कृपाचार्य, विदुर भी,
दिख रहे लाचार बहुत है।।
दुर्योधन, दुश्शासन ,कर्ण, शकुनि
खुश हो, अट्टहास करते हैं।
द्रुपद सुता का चिर खींच रहा दुश्शासन।
लिया वस्त्रहीन करने का संकल्प आज है।।
करुण पुकार द्रौपदी कर रही।
हे माधव! हे कृष्णा भाई!
जल्दी आओ,लाज बचाओ अपनी बहना की।
सुन बहन की करुण पुकार,
माधव दौड़े आए हैं।।
चिर बढ़ाया अंतहीन माधव ने
दुश्शासन घबराया है।
खींचते-खींचते होश उड़ गए।
पर अंत नहीं पाया है।।
देख अद्भुत लीला माधव की।
चकराई सारी सभा है।
द्रुपद सुता? ने हाथ जोड़े, माना आभार है।
जयहो मुरारी , जय गिरधारी।
भक्ति का मोल चुकाया है। ।



चंद्रकला भरतिया नागपुर??

# अंत :करण

अंतःकरण व्यवहार का बना हुआ आधार
पाप पुण्य की प्रेरणा को करता ये साकार
अंतःकरण यदि शुद्ध हो उठते पुण्य विचार
कलुषित अंतःकरण से बढते अत्याचार
परनिन्दा सुनकर मिले तुमको खुशी अपार
तो निश्चित ये जानिए
मन कलुषित है यार
निन्दा जिसकी भी सुने उससे होवे द्वेष अपार
निन्दा सुनने से बचो जीवन का ये सार
मन जब कलुषित हो जाता है हो जाते हैं पाप
अंतःकरण निर्मल रखें बचें पाप से आप
अंतःकरण की शुद्धता से बने त्याग के भाव
परनिन्दा से मन पर तब नहीं पडता प्रभाव
रूप रस व गन्ध का छोडो अब तो राग
इन्द्रियों को वश में रखें हो जाएं सब त्याग
मन में सुख साधन रमे निर्बल बुद्धि जान
मन चंचल जब हो जाता जाए विषय भोग पर ध्यान
फिर उस इन्सान के पतन को निश्चित मान
विषय राग सब छोड़कर करो ध्यान अभ्यास
त्याग करो तुम मोह माया का कितना भी हो कोई खास
बचना हो यदि अगर तुम्हें
करना फिर तुम ये काम
सम्यक कर्मों को चुने कर्म करें निष्काम



स्व रचित प्रेम चंद सोनी तिजारा (राजस्थान) वाले
अजरौदा फरीदाबाद

# विषय, शहीद भगत सिंह

## भारत का गौरव, भगत सिंह

28 सितंबर 1907 को बंगा में भगत सिंह ने जन्म लिया,
23 वर्ष की उम्र में शहीद होकर जनता को एक पैगाम दिया।
भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का था वो एक क्रांतिकारी,
देशभक्ति की उसकी सीने में जलती रहती थी चिंगारी।

भगत सिंह एक लेखक के रूप में बहुत अच्छा लिखते थे,
उनके लेखन को पढ़कर सबके दिल आजादी को धड़कते थे।
भगत सिंह ने आजादी के लिए क्रांतिकारी संगठन बना लिया,
लाहौर षड्यंत्र के मामले में सरकार ने फांसी की सजा का ऐलान किया।

23 मार्च 1931 को भारत का यह लाल फांसी पर चढ़ गया,
मरते मरते भी वो सबके दिल में आजादी चिंगारी भर गया।
भगत सिंह के रास्ते पर चलकर कई लोगों ने अपनी जान गंवाई,
कई मासूमों के खून के बाद ही भारत ने सच्ची आजादी पाई।

कितने मतवाले थे भारत के यह साहसी वीर जवान,
हंसते-हंसते दे देते थे अपने देश के लिए जान।
काश! आज भी ऐसे सच्चे देशभक्त पैदा होने लग जाए,
भारत को विश्व गुरु बनने से फिर कोई रोक न पाए।



सौ, भावना मोहन विधानी

# बेटी

हिंदी के निवासी मेरे प्यारे भारतवासी सुनो।
बेटियों को गर्भ में गिराना बंद कीजिए।।
बेटी न बचेगी तो फिर कहाँ से लाओगे बेटे।
आदम के वंश को मिटाना बंद कीजिए।।
वर्ना भाई की कलाई रह जाएगी निहित सूनी।
अधम के पाप को बढ़ाना बंद कीजिए।।
एक ही के गर्भ से जन्म लेते बेटा- बेटी।
दोनों में यह भेदभाव लाना बंद कीजिए।।
एनआरआई की चमक देख के बने हो लोभी।
बेटियों का यूँ देश निकाला बंद कीजिए।।
अपने ही देश में भी खुश रहेगी बेटी।
पहले खुद बेटी को ठुकराना बंद कीजिए।।
सहनशीलता की होती है मूरत बेटी।
बेटी के हक को यूँ दबाना बंद कीजिए।।
हिंद के निवासी मेरे प्यारे भारतवासी सुनो।
बेटियों को गर्भ में गिराना बंद कीजिए।।



सरला विजय सिंह सरल

मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक सुभाष चंद्र पाडे द्वारा स्वामित्व धारी शिवेशवर दा पाडे के लिए दिशा ग्राफिस प्रिंटर 43 ओंकार रोड चुखूवाला देहरादून 248001 से मुद्रित करवाकर 71 बल्लूपुर देहरादून पिन 248001 उत्तराखंड से प्रकाशित, संपादक सुभाष चंद्र पाडे स्थानीय संपादक मुकेश शर्मा, समाचार पत्र के सभी पद सहयोगात्मक अवैतनिक है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।